सूर्योदय 6:03 सूर्यास्त 6:32

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.2 न्यू | 23.2 अधि |
| धर्मशाला | 19.2 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81183.93 |
| निफ्टी | 24852.15 |
| सोना 71,090 | चांदी 87,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



सबालेंका बनी यूएस ओपन चैंपियन

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 9 सितंबर 2024 | 25 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 263, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### टीएमसी नेता जवाहर ने छोड़ी तृणमूल कांग्रेस



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बड़ा झटका लगा है। प्रसार भारती के पूर्व सीईओ और आईएएस अधिकारी जवाहर सरकार ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस भी छोड़ दी है। जवाहर सरकार ने अपना इस्तीफा ममता बनर्जी को भेजा है। जवाहर सरकार ने लिखा कि जल्द दिल्ली जाकर राज्यसभा के सभापति को इस्तीफा सौंप दूंगा। जवाहर ने कहा कि वह खुद को राजनीति से अलग कर रहे हैं।

### तुहिन कांत पांडे नए वित्त सचिव नियुक्त



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीनियर ब्यूरोक्रेट तुहिन कांत पांडे को नए वित्त सचिव के रूप में नामित किया है। ओडिशा कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पांडे निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव पद पर तैनात थे। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने आदेश में कहा कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पांडे को वित्त सचिव नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। पिछले महीने टीवी सोमनाथन की कैबिनेट सचिव पद पर नियुक्ति के बाद वित्त सचिव का पद खाली हुआ था.।

### छत्तीसगढ़ में कोयले से भरा 'हॉपर' गिरा, तीन की मौत



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में अल्युमिना रिफाइनरी में कोयले से भरा एक 'हॉपर' गिरने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि लापता श्रमिक का पता लगाने के लिए बचाव प्रयास जारी है। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह जब मजदूर काम कर रहे थे तो ऊपर से हार्पर गिर गया।

### ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर से जुड़े मामले की सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर व हत्या से जुड़े मामले की सोमवार को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ सुनवाई करेगी। केंद्र ने याचिका दायर कर आरोप लगाया कि अस्पताल की सुरक्षा के लिए तैनात सीआईएसएफ को साजो-सामान संबंधी सहायता देने में पश्चिम बंगाल सरकार 'अक्षम्य' 'असहयोग कर रही है।

# पीओके वाले हमारे अपने, भारत में हो जाओ शामिल : राजनाथ

## रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के रामबन में जनसभा को किया संबोधित

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार के लिए रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रामबन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने विश्वास जताया है कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बनेगी। कुछ दिन पहले, मैं अमेरिका में था और प्रवासी भारतीयों ने मुझसे पूछा कि जम्मू-कश्मीर चुनाव में क्या होगा। मैंने पूरे विश्वास के साथ कहा कि भाजपा स्पष्ट बहुमत के साथ जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाएगी।

उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के निवासियों से भारत आने और उसका हिस्सा बनने के लिए कहा। उन्होंने पीओके निवासियों से कहा कि हम आपको अपना मानते हैं, जबकि पाकिस्तान आपको विदेशी मानता है। भाजपा-पीडीपी गठबंधन सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि महबूबा के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान हमने नाबालिगों और निर्दोष लोगों के खिलाफ मामले वापस ले लिए थे, लेकिन समस्या यह थी कि पीडीपी अलगाववादियों के प्रति सहानुभूति रखती थी। मैं हमेशा उनसे जमीनी हालात को नियंत्रण में लाने के लिए कहता था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सकीं। जेएंडके के लोग भारत के स्वतंत्र नागरिक हैं और उन्हें शांति तथा समृद्धि का अधिकार है। (अनंत ज्ञान)




### आतंकवाद की चपेट में आने वाले 85% मुसलमान

**रक्षा** मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की चपेट में आने वालों में 85 प्रतिशत मुसलमान थे। कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं आम बात थी। क्या आतंकवादी घटनाओं में हिंदू मारे जा रहे थे? मैं गृह मंत्री रह चुका हूं और मुझे पता है कि आतंकवादी घटनाओं में सबसे अधिक मुसलमानों की जान गई। उन्होंने कहा कि अगस्त 2019 में जब अनुच्छेद-370 हटा तब से जम्मू-कश्मीर में सिक्योरिटी को लेकर बड़े बदलाव हुए हैं।

### पाक आतंकवाद बंद कर दे तो हम बातचीत के लिए तैयार

**राजनाथ** सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बंद कर दे तो भारत उसके साथ बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद-370 को लोगों की परेशानी दूर करने और क्षेत्र को समृद्ध बनाने के लिए हटाया गया। पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे। कौन पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारना नहीं चाहेगा? क्योंकि मैं इस वास्तविकता को जानता हूं कि आप अपने मित्र को बदल सकते हैं, लेकिन अपने पड़ोसी को नहीं। हम पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध चाहते हैं, लेकिन सबसे पहले उन्हें आतंकवाद को रोकना होगा।

### उमर अब्दुल्ला बताएं, क्या अफजल को माला पहनाते

**राजनाथ** सिंह ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को आतंकियों के लिए सहानुभूति है। मैंने सुना कि उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या अफजल गुरु को माला पहनाई जानी चाहिए थी? उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा है, तब तक जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं हो सकती।

### शिमला में भारी बारिश, झंझीडी में भू-स्खलन से मार्ग अवरुद्ध

# हिमाचल में अभी भी 61 सड़कें, 11 ट्रांसफार्मर ठप



शिमला में रविवार को बारिश के बीच अपने गंतव्य की ओर जाते पर्यटक और स्थानीय लोग।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**राजधानी** शिमला में रविवार को भारी बाारिश होने से झंझीडी में भू-स्खलन होने से भारी मलबा और देवदार का विशाल पेड़ सड़क पर आ गया है, जिसे सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया है।

प्रदेशभर में 13 सितंबर तक मौसम के खराब रहने के आसार हैं। भारी बारिश के कारण प्रदेशभर में अभी भी 61 सड़कें, 11 ट्रांसफार्मर व 1 पेयजल योजना बंद पड़ी हुई हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 13 सितंबर तक शिमला, सोलन, मंडी, कुल्लू और सिरमौर, किन्नौर, कांगड़ा, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है। प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की प्रारंभिक डैमेज रिपोर्ट के अनुसार, मानसून सीजन में अभी तक 23 की मौत बादल फटने से, 26 की बाढ़ के बाद डूबने व बहने से, छह लोगों की मौत भू-स्खलन, आठ की बाढ़ के कारण और एक की बिजली गिरने से हुई है। 25 की मौत सर्पदंश, 15 की बिजली और 38 की मौत गिरने से हुई है। (अनंत ज्ञान)

**प्रदेशभर में 13 सितंबर तक मौसम खराब रहने के आसार**

### अब तक 1,265 करोड़ रुपए का लगा चूना

**प्रदेश** में करीब 1,265 करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है। प्रदेश में बादल फटने और बाढ़ के 51 हादसे हुए हैं। बड़े भू-स्खलन की 40 घटनाएं दर्ज की गई हैं। सरेही नाला, पलचान नाला, हकड़ी, रामपुर, समेज, सिंहगढ़, पाढर, मंडी और कुल्लू-मनाली-लेह राजमार्ग के पास बादल फटे हैं, जिससे अप्रत्याशित नुकसान हुआ है। वहीं, राज्य सरकार ने प्रदेश में बारिश से हुए नुकसान को देखते हुए केंद्र से विशेष राहत पैकेज की मांग की है।

## जेएंडके चुनाव : भाजपा ने जारी की छठी लिस्ट, 10 प्रत्याशी उतारे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भाजपा** ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को 10 उम्मीदवारों की सूची जारी की, जिसमें उधमपुर पूर्व सीट से आरएस पठानिया और बांदीपुरा सीट से नसीर अहमद लोन को मैदान में उतारा गया है।

जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरण के चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्तूबर को होंगे। मतगणना आठ अक्तूबर को होगी। भाजपा की उम्मीदवारों की छठी सूची के अनुसार, फकीर मोहम्मद खान, गुरेज (अनुसूचित जनजाति) सीट से, अब्दुल रशीद खान सोनावारी से और गुलाम मोहम्मद मीर हंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। भारत भूषण कठुआ से, राजीव भगत बिश्नाह सीट से और सुरिंद्र भगत मढ़ सीट से चुनाव लड़ेंगे। ये तीनों विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं। भाजपा ने विक्रम रंधावा को बाहु विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है।

**उधमपुर से आरएस पठानिया और बांदीपुरा सीट से नसीर अहमद लड़ेंगे चुनाव**

### हरियाणा में पांच सीटों पर चुनाव लड़ेगी 'आप'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने हरियाणा में पांच अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है। 'आप' पांच सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमत हो गई है।

**कांग्रेस के साथ बनी सहमति**

सूत्रों ने बताया कि गठबंधन सोमवार को हो सकता है। कांग्रेस नेता दीपक बाबरिया और आप नेता राघव चड्ढा के बीच बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। संभावना है कि कल तक गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

## देहरा के विकास में गति लाएं अधिकारी : सुक्खू

### कहा- कांगड़ा जिले को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जा रहा पर्यटन राजधानी

**अनंत ज्ञान, देहरा**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के देहरा विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय प्रवास के दौरान अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम ने विभिन्न कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए।

राजकीय महाविद्यालय देहरा के निर्माण को लेकर वन विभाग से संबंधित मामले को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र का विकास सुनिश्चित बनाने के लिए देहरा में लैंड बैंक बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने देहरा में बनने वाले सर्किट हाउस, इंडोर स्टेडियम, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, देहरा अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट और लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति विभाग और बिजली बोर्ड के सर्किल कार्यालय के निर्माण में तेजी लाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले को प्राथमिकता के आधार पर प्रदेश की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है।



देहरा में अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### पौंग डैम में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा

**सुक्खू** ने कहा कि देहरा के बनखंडी में बन रहे जूलोजिकल पार्क के कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ पौंग डैम के आसपास पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत संरचना विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने देहरा में पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने वाले संभावित स्थलों को चिन्हित करने के लिए भी कहा। इस अवसर पर विधायक संजय रतन, कांग्रेस नेता सुरेंद्र मनकोटिया, पवन कुमार, उपायुक्त हेमराज बैरवा आदि मौजूद रहे।

### भारत में मिला पहला मंकीपॉक्स का संदिग्ध मरीज

**नई दिल्ली।** भारत में मंकीपॉक्स का एक मामला सामने आया है। हाल ही में विदेश से लौटे एक युवक में मंकीपॉक्स के लक्षण मिले हैं। मरीज को आइसोलेशन के लिए स्पेशीफाइड अस्पताल में अलग रखा गया है। फिलहाल, उसकी हालत स्थिर है। रोगी के सैंपल का टेस्ट किया जा रहा है। इस मामले को स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार मैनेज किया जा रहा है और देश के भीतर प्रभाव का आकलन करने के लिए उसकी कांटैक्ट ट्रेसिंग जारी है। केंद्रीय मंत्रालय ने बताया कि मरीज की हालत स्थिर है।



## रेलवे ने फोगाट और बजरंग को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**विनेश** फोगाट और बजरंग पुनिया ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से पहले रेलवे की नौकरी से इस्तीफा दे दिया था। रेलवे ने फोगाट और बजरंग का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। रेलवे ने दोनों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जब तक इस्तीफा मंजूर नहीं हो जाता है तब तक ये हरियाणा चुनाव के लिए बतौर उम्मीदवार नामांकन नहीं कर सकते हैं।

**अभी मंजूर नहीं किया इस्तीफा**

सूत्रों के अनुसार, उत्तर रेलवे ने बजरंग और फोगाट से कारण बताओं नोटिस भेजकर यह जानना चाहती है कि आखिर दोनों लोगों ने अपने पद से इस्तीफा क्यों दिया है। रेलवे की नौकरियों में इस्तीफा देने के भी कई नियम कानून है, जिसका पालन करना पड़ता है।



### बजरंग पुनिया को जान से मारने की धमकी

**बजरंग** पुनिया को विदेशी नंबर से जान से मारने की धमकी मिली है। कांग्रेस में शामिल होने के बाद बजरंग को विदेशी नंबर से व्हाट्सऐप पर धमकी भरा मैसेज मिला है।

### मस्क 2 साल में मंगल ग्रह पर भेजेंगे स्टारशिप

**फ्रांसिस्को।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने रविवार को कहा कि मंगल ग्रह पर पहला अनक्रूड स्टारशिप मिशन दो साल में लांच किया जाएगा। स्टारशिप दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। इसका उपयोग इंसानों को चंद्रमा और फिर अंत में मंगल ग्रह पर भेजने के लिए किया जाएगा। 'एक्स' पर लिखा कि मंगल ग्रह पर पहला स्टारशिप दो साल में लांच होगा। मंगल ग्रह पर लैंडिंग की विश्वसनीयता का परीक्षण करने के लिए इन्हें शामिल किया जाएगा। लैंडिंग अच्छी रही, तो मंगल ग्रह पर पहले क्रू की उड़ान चार साल में होगी।



### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- प्याज के दामों में आया उछाल 60 रुपए प्रतिकिलो पहुंचे रेट -पेज 2
- बालीचौकी के पास कार दुर्घटना में तीन की मौत -पेज 3
- उमा आजाद को हाईकोर्ट से मिली बेल -पेज 5
- कंगना की फिल्म को सेंसर बोर्ड ने सर्टिफिकेट दिया -पेज 13
- पैरालंपिक में भारत को 29 पदक -पेज 14

## हिमाचल में सेब सीजन ने पकड़ी रफ्तार मंडियों में पहुंचे 93 लाख से ज्यादा बॉक्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में सेब सीजन ने रफ्तार पकड़ ली है। प्रदेश की विभिन्न सेब मंडियों और बाहरी राज्यों की सेब मंडियों में अब तक 93 लाख एक हजार 380 सेब बॉक्स पहुंचे हैं। सबसे अधिक सेब शिमला से है। यहां से 59 लाख 67 हजार 864 सेब बॉक्स मंडियों में पहुंचाएं गए हैं।


रोजाना सेब बॉक्स का आंकड़ा मार्केटिंग बोर्ड की ओर से जुटाया जा रहा है। पिछले साल प्रदेश से दो करोड़ से ज्यादा सेब बॉक्स मंडियों में पहुंचे थे। इस बार सेब सीजन में किसी भी तरह की रुकावट नहीं आ रही है। पिछले साल भारी बरसात की वजह से सड़कों की हालत खराब थी और सेब मंडियों तक ले जाना आसान नहीं था। बाहरी राज्यों की मंडियों में 10 किलोग्राम की 72882 पेटियां अब तक जा चुकी हैं। बागवानों ने प्रदेश से बाहर भी सेब काफी मात्रा में भेजा है। मंडियों में 10 किलोग्राम 76242 पेटियां पहुंच चुकी हैं, जबकि 20 किलोग्राम भार की 57 लाख 37 हजार 892 पेटियां पहुंची हैं।

**शिमला से पहुंचा सबसे अधिक सेब**



### अभी गोल्डन एप्पल मंडियों में नहीं पहुंचा

अभी मार्केट में रॉयल सेब आ रहा है, जबकि गोल्डन एप्पल आना शेष है। गोल्डन एप्पल के ही एक करोड़ पेटियों से ज्यादा बॉक्स मार्केट में पहुंचते हैं, जिसकी आमद अब शुरू होने जा रही है। बागवानों का केवल एक ही मसला विदेशों से सेब के आयात को कम करने का है, जिसको लेकर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार से आग्रह भी किया है।






कहानी-14

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

**अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।**

**पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।**

## बहू का बलिदान बुझा रहा दर्जनों गांवों की प्यास

### बिलासपुर के झंडूता के सलासी गांव के रुक्मिणी कुंड का कभी खत्म नहीं होता पानी



नीरज शर्मा
घुमारवीं

देवभूमि हिमाचल प्रदेश अपनी संस्कृति व आस्था के लिए विश्वभर में जाना जाता है। यहां ऐसे कई प्राचीन स्थल और गुफाएं हैं, जिनका विशेष ऐतिहासिक महत्व है। आज हम बात करने जा रहे हैं एक ऐसे ही प्राचीन व ऐतिहासिक स्थल की, जिसकी हकीकत जानकर आप हैरान रह जाएंगे।

जी हां, यह कहानी जुड़ी है बिलासपुर के झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत जांगला के सलासी गांव से, जहां सूखे के हालातों से लोगों को निजात दिलाने के लिए एक बहू ने अपने जीवन का बलिदान दे दिया था, जिसे आज भी लोग पूजते हैं। यह उस समय की बात है जब बिलासपुर के बरसंड व आसपास के इलाकों में सूखे के हालात बनने से लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे थे। उनकी इस बदहाल स्थिति को देखते हुए राजा के सपने में कुल देवी आई और बेटे की बलि देने पर ही सूखे के हालातों से निजात मिलने की बात कही, लेकिन राजा ने बेटे की बलि देने से मना कर दिया।

इसके बाद कुल देवी ने पुत्र वधू की बलि मांगी, जिसे राजा ने मान लिया और दुधमुंहे बेटे के साथ मायके तरेड़ गई अपनी बहू रुक्मिणी को बुलावे का संदेशा भेजा। वहीं, रुक्मिणी के ससुराल पहुंचने पर राजा ने सारी व्यथा सुनाई, जिस पर रुक्मिणी ने अपनी बलि देने पर सहमति जताई। इसके बाद रुक्मिणी को दीवार में जिंदा चिनवाने के लिए दिन और जगह निश्चित की गई। राजा ने मिस्त्रियों को बुलाकर बरसंड में बहू की बलि दे दी। ऐसा कहा जाता है जब रुक्मिणी की चिनाई हो रही थी तब उसने मिस्त्रियों से कहा कि कृपया उसकी छाती के स्तनों को चिनाई से बाहर रखें, क्योंकि उसका बच्चा छोटा है वह दूध पीने आया करेगा और अगर वो ऐसा नहीं करेंगे तो उसके जिगर का टुकड़ा मर जाएगा। राजा ने बहू की बात मान ली और उसकी छाती के स्तनों को चिनाई से बाहर रख दिया गया। चिनाई पूरी होने के बाद रुक्मिणी के स्तनों से दूध की धारा बहने लगी, लेकिन बाद में यहां से पानी निकलने लगा। धीरे-धीरे रुक्मिणी की छाती से निकलने वाले पानी की जगह एक कुंड बन गया, जिसे आज रुक्मिणी कुंड कहा जाता है। एक मान्यता यह भी है कि रुक्मिणी की चिनाई के बाद उसका बेटा हर रोज उसके पास दूध पीने जाता था, लेकिन मां को देखने के वियोग में वो भी मर गया और मौत के बाद वह सांप बन गया जो आज भी कुंड में घूमता है। कहा जाता है कि यह सांप किसी भाग्यशाली व्यक्ति को ही दिखाई देता है। वहीं, रुक्मिणी के इस बलिदान से कुल देवी प्रसन्न हो गईं और पूरे इलाके में सूखे के हालात भी खत्म हो गए। इस कुंड का पानी कभी खत्म नहीं होता है।









### बैसाखी पर लगता है मेला

**धार्मिक** आस्था के प्रतीक ऐतिहासिक रुक्मिणी कुंड में हर साल दो दिवसीय बैसाखी मेला लगता है। इस मेले में जिले के अलावा प्रदेश भर से दूर-दूर से लोग शिरकत करते हैं और इस स्थल के बारे में अपनी अगाध श्रद्धा दिखाते हैं। लोग यहां स्नान कर पुण्य कमाते हैं। हालांकि यहां पेयजल योजनाओं की वजह से स्नान पर पाबंदी है, लेकिन लोग फिर भी श्रद्धावश स्नान कर लेते हैं।

### कुंड से पांच पेयजल योजनाओं के लिए उठाया जाता है पानी



डॉ. राहुल दुबे
अधीक्षण अभियंता

**जलशक्ति** विभाग बिलासपुर के अधीक्षण अभियंता डॉ. राहुल दुबे ने कहा कि रुक्मिणी कुंड में विद्युतीकरण द्वारा पांच पेयजल योजनाओं के लिए पानी उठाया जाता है, जिसमें मुख्य रूप से बडोली देवी उठाऊ पेयजल योजना, सलासी-जांगला-गेहडवीं उठाऊ पेयजल योजना, बहाव पेयजल योजना बड़ोआ व हीरापुर, बहाव पेयजल योजना बैरीदडोला व बैहनाजटटा और बहाव पेयजल योजना कोठी व बैहलग शामिल है। उन्होंने रुक्मिणी कुंड आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह कुंड के पानी को स्वच्छ रखें ताकि इन पेयजल योजनाओं के तहत लोगों को स्वच्छ जल आपूर्ति की जा सके।


### ग्रामीण बोले-कुंड का किया जाए जीर्णोद्धार

**लोगों** का कहना है कि रुक्मिणी कुंड एक बहू की बलिदान गाथा है, जिसकी जानकारी प्रदेश के लोगों को ही नहीं बल्कि यहां आने वाले पर्यटकों को भी होनी चाहिए इसलिए प्रदेश सरकार को चाहिए कि इस कुंड का जीर्णोद्धार किया जाए। यहां पहुंचने के लिए पक्की सड़क, शौचालय और बैठने की उचित व्यवस्था और नहाने के लिए बावड़ी बनाई जाए। इसके साथ ही इस कुंड तक पहुंचने के लिए पर्यटकों को जागरूक किया जाए ताकि कीरतपुर-नेरचैक फोरलेन मार्ग से वाया औहर-गेहडवीं संपर्क मार्ग पर महज तीन किलोमीटर दूर स्थित रुकमणी कुंड को पर्यटन की दृष्टि से बढ़ावा मिल सके।

### रुक्मिणी के मायके वाले नहीं पीते कुंड का पानी

**रुक्मिणी** की बलि के दौरान जिस स्थान पर उसे चिनवाया गया था उस स्थान पर रुक्मिणी का मंदिर बनाया गया है, जिसमें लोगों की अपार आस्था है। लोग दूर-दूर से इस कुंड में नहाने के बाद मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। रुक्मिणी कुंड में 12 महीने पानी भरा रहता है, जिस पर जलशक्ति विभाग ने पांच पेयजल योजनाएं भी चला रखी हैं, लेकिन रुक्मिणी के मायके वाले यानी तरेड़ के लोग आज भी इस कुंड का पानी नहीं पीते हैं। उनके लिए जलशक्ति विभाग द्वारा अलग से योजना बनाकर पीने का पानी उपलब्ध करवाया गया है।

# ईको टूरिज्म के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देगी सरकार : सुक्खू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार ईको टूरिज्म के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देगी। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा में भी कहा कि हमारी सरकार पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। हमने एक प्लान तैयान किया है कि ईको टूरिज्म के माध्यम से हम पर्यटन को बढ़ावा दे सकते है। पॉलिसी में थोड़ी अड़चने हैं, ऐसे में सरकार सभी पहलूओं को देख रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई ऐसे अनछुए स्थान है, जहां पर ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सकता है।

ईको टूरिज्म को देखा जाए तो बिग हिमालय, मिड हिमालय, शिवालिक हिल्ज के पाम से रेंजिज जानी जाती है। हमारे पास इतनी बड़ी वाटर बॉडीज है तथा उनके किनारे जो रिवर बैड होते है, उनमें हम ईको टूरिज्म की गतिविधियों को बढ़ावा दे सकते है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अधिकारियों को निर्देश देगें कि जो भी साइट्स विधायक देना चाहते है, हम उनको प्रदेश हित में टैंट लगवा का डवल्प कर सकते है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास बहुत पार्टियां हैं, जो हिमाचल जैसे शांत प्रदेश में साइट्स लेना चाहते हैं, लेकिन इसमें कुछ कानून, नियम और कुछ नेता तथा अधिकारी अड्चन डालते हैं। हमें इन अड़चनों को दूर करने के लिए ठोस तरीके से आगे बढ़ना पड़ेगा। हम व्यवस्था परिवर्तन करके आत्मनिर्भर हिमाचल बनाने की ओर जा रहे हैं। अभी मेरे पास चार साइट्स की फाइल आई थी। मैंने उस फाइल में लिखा है कि कंपिटेंट अथॉरिटी इन साइट्स को खुद ही एलौ कर सकती है। उन्हें मेरे पास भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### बीड़-बिलिंग की साइट एक करोड़ की

बीड़-बिलिंग में एक बिल्डिंग ऐसी है, जिससे आपने पैरा- ग्लाइडिंग के नाम पर 15-20 करोड़ रुपय कमा लिए। वह 20-25 कमरों की बिल्डिंग खाली पड़ी है। एडीबी वर्ल्ड बैंक व जाइका द्वारा बिल्डिंग बनाने का कंसेप्ट आ चुका है।

मैं इस कंसेप्ट को रोकने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन व्यवस्था इतनी बिगड़ी है कि इस सिस्टम को ठीक करने की आवश्यकता है। जब मैंने जाइका की मीटिंग ली तो मैंने कहा कि आप बिल्डिंग बनाने का काम बंद कीजिए। अगर आप बनाना चाहते हैं तो आप हमारा मिल्क प्रोसैसिंग युनिट लगा दीजिए।

## वन रैंक वन पेंशन भाग-3 के जारी पेंशन टेबल ने बढ़ाई पूर्व सैनिकों को टेंशन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

वर्तमान सरकार के रक्षा मंत्रालय ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की पालना करते हुए एक जुलाई 2024 से लागू होने वाली सहस्त्र सेनाओं के पूर्व सैनिकों की वन रैंक वन पेंशन स्कीम के भाग 3 की घोषणा 4 सितंबर को कर दी, जिसके अंतर्गत नए पेंशन टेबल जारी कर दिया है, लेकिन यह पेंशन टेबल न केवल कोश्यारी कमेटी की सिफारिशों के विरुद्ध है बल्कि वन रैंक वन पेंशन के ऊपर सरकार द्वारा जारी 7 नवंबर 2015 के नोटिफिकेशन के भी अनुरूप नहीं है। इसमें सहस्त्र सेनाओं के लगभग ढाई लाख पूर्व सैनिकों में से कुछ ही रैंक की पेंशन में बहुत कम मात्रा में वृद्धि पाई गई है।

कुछ रैंकों की पेंशन में न तो 2019 में और न ही 2024 में ही बढ़ोतरी हुई है। यह बात संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्ति, जनरल सेक्रेटरी लेफ्टिनेंट रमेश कुमार तपवाल तथा कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चैहान ने बयान में कहीं। कैप्टन जगदीश वर्मा ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्तमान सरकार का रक्षा मंत्रालय पूर्व सैनिकों के ऊपर सरकार का बजट खर्चा कम करने की इच्छा से उनकी पेंशन में कटौतियां करके व सही पेंशन का लाभ न देकर उनके साथ अन्याय कर रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि इस बार के वन रैंक वन पेंशन रिवीजन भाग 3 में रक्षा मंत्रालय ने क्वालीफाइंग सर्विस के आधार पर पेंशन लागू की है, जिससे कुछ रैंकों को तो लाभ हुआ है, लेकिन दूसरी तरफ 32.5 वर्षों से ज्यादा सेवा करने वालों को छोड़ दिया है। इसके अतिरिक्त दो रैंकों को एक ही समान पेंशन लागू करना, कुछ रैंकों को दोनों ही रिवीजन में लाभ न होना, अभी सेवानिवृत होने वालों को पहले सेवानिवृत हुए से कम पेंशन मिलना तथा लागू की गई पेंशन न ही सातवें वेतन आयोग के फिटमेंट फैक्टर 2.57 से भी मिल नहीं रही है क्योंकि कई रैंक की पेंशन को उस से भी कम कर दिया है।

क्वालीफाइंग सर्विस के साथ 5 साल के वेटेज फैक्टर को भी हटा दिया गया है। इसके साथ ही नीचे वाले रैंकों को ज्यादा पेंशन और ऊपर वाले रैंक को कम पेंशन का भी इस रिवीजन टेबल में प्रावधान किया गया है जो की किसी प्रकार के मानदंडों से उचित है। यह बताना बहुत ही आवश्यक है कि यह नई पेंशन की टेबल की प्रणाली को सिपाही से आनरेरी कैप्टन तक के रैंकों के साथ ही इस प्रकार का मानदंड लागू किया है जो उनके साथ कुठाराघात है। दूसरी तरफ अधिकारी वर्ग जो टाइम स्केल प्रमोशन में आते हैं उनके लिए इस पेंशन टेबल के मुताबिक भेदभाव की नीति अपनाई गई है। (अनंत ज्ञान)

## बालीचौकी के पास कार दुर्घटना में तीन की मौत

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** बालीचौकी उपमंडल मुख्यालय के साथ लगते खणी- कांढा संपर्क सड़क मार्ग पर एक कार के लगभग 2 हजार मीटर गहरे ढांक से गिरने के कारण उसमें सवार 4 लोगों में से 3 की मौत हो गई। कार एचपी 87 एए 0763 में बैठे चारों व्यक्ति अपनी रिश्तेदारी से लौटकर अपने अपने घरों की ओर जा रहे थे कि कांढा गांव के साथ गाड़ी ढांक में गिर गई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि गाड़ी के गिरने की आवाज सुनकर लोग गाड़ी में सवार व्यक्तियों की तलाश में जुटे। गाड़ी में सवार 2 व्यक्तियों की मौके पर ही मौत ही गई थी।

इस दुर्घटना में एक महिला कांता देवी पत्नी जगदीश गांव शेगली की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। मृत शाहढी देवी पत्नी आत्मा राम निवासी जौणी और कांता देवी सगी बहने थी। हादसे में मृत तीसरा व्यक्ति ग्राम पंचायत बागी भनवास का बताया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## बाइक की चपेट में आने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना बड़सर के तहत एक तीन वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई है। बीती शनिवार शाम को बिझड़ी पंचयात के ढूढ़ार गांव में तीन वर्षीय अर्थव पुत्र अमित कुमार की मोटरसाइकिल से खेलते समय काल का ग्रास बन गया।

बाइक का स्टैंड अचानक निकल गया और बच्चा बाइक के नीचे दब गया। गंभीर घायल अवस्था में बच्चे के परिजन उसे बड़सर अस्पताल लाए लेकिन बच्चे ने रास्ते में दम तोड़ दिया था। यह घटना शनिवार शाम छह बजे के करीब की है।

## भाजपा के 71 मंत्रियों में से 10 दलित 27 मंत्री पिछड़ा वर्ग से और 5 आदिवासी : सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान, नाहन**

'खेलने-कूदने का लो संकल्प, स्वस्थ्य रहने का है यही विकल्प' यह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने शिलाई विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत लाधी महोत्सव नवयुवक मंडल नैनिधार द्वारा आयोजित खेल कूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा।

कश्यप ने कहा की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न देने का कार्य किया। 2014 से पूर्व संविधान दिवस नहीं मनाया जाता था, कांग्रेस की दलितों के प्रति कोई आस्था नहीं थी। दलितों के वोटबैंक की राजनीति तो की जाती थी लेकिन उनकी चिंता नहीं की जाती थी, उनकी चिंता प्रधानमंत्री मोदी ने की। आज भाजपा के 71 मंत्रियों में से 10 दलित भाई हैं, 27 मंत्री पिछड़ा वर्ग से हैं और 5 मंत्री आदिवासी भाई हैं। दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है।



**प्रतिक्रिया** | नशे के प्रचलन के बीच पॉलिसी लागू करना चुनौतीपूर्ण

# भांग की खेती को व्यवहारिक तौर पर लागू कर पाना चुनौतीपूर्ण कार्य : जयराम ठाकुर

**अनिल शर्मा, मंडी**

हिमाचल में भांग की खेती को लीगल करने के लिए बनाई जा रही पॉलिसी पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रहे आर्थिक संकट दौर के बीच आय के नए-नए विकल्पों को तलाशा जा रहा है।

प्रदेश की मौजूदा सरकार भी हिमाचल की इनकम बचाने के लिए आय के स्त्रोंतों को खोज रही है। भांग की खेती भी उसी का ही एक हिस्सा है और इसे लीगल करने के लिए पहले से ही कसरत शुरू हो गई थी।

इस खेती को वैध बनाने के लिए गठित कमेटी ने सदन में अपनी रिपोर्ट पेश की है, जिसे विपक्ष ने भी स्वीकारा है। वहीं, जयराम ठाकुर ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश में बढ़ते नेश के प्रचलन के बीच भांग की खेती को व्यवहारिक तौर पर लागू कर पाना चुनौतीपूर्ण कार्य है। उन्होंने प्रदेश सरकार को सलाह दी है कि सरकार पहले भांग की खेती के नफे-नुकसान सही ढंग से जान ले और फिर उसके बाद ही इसे लागू करने की दिशा में प्रयास करें। जयराम ने साफ किया कि विपक्ष इस पॉलिसी के विरोध में नहीं है, लेकिन आने वाले समय में सरकार का इस पर क्या रुख रहता है, उस हिसाब से इसपर विचार किया जाएगा।

पत्रकारों के सवाल पर जयराम ठाकुर ने प्रदेश में सरकार द्वारा बंद किए जा रहे और बदले जा रहे संस्थानों को लेकर भी कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि मंडी जिले के साथ प्रदेश सरकार शुरू से ही भेदभाव कर रही है। पहले यहां पूर्व की सरकार द्वारा खोले गए सैंकड़ों संस्थान बंद कर दिए गए और अब संस्थानों को बदला जा रहा है। इसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा। सदन में भी इस बात को प्रमुखता से रखा गया है। (अनंत ज्ञान)



### सनातन को और ताकत देने की आवश्यकता

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर रिवालसर के प्रसिद्ध नैणा माता मंदिर में आयोजित जगराते की भजन संध्या में जयराम ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और मंदिर में पूजा कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर स्थानीय विधायक इंद्र सिंह गांधी, भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा व स्थानीय जिला परिषद सदस्य प्रियंता शर्मा सहित मंदिर कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज सनातन को और ताकत देने की जरूरत है। ये देश की आवश्यकता है, हिंदू समाज की आवश्यकता है। हम देख रहे हैं कि आज हमारे हिन्दू धर्म के सामने कितनी चुनौतियां खड़ी हो रही है। अपनी संस्कृति, अपने समाज, देश और धर्म के प्रति लगाव होना चाहिए लेकिन हम और आप भी इसमें कुछ कमी महसूस कर रहे होंगे। ऐसे में सनातन को और मजबूत करने की जिम्मेवारी हम और आपकी है।




## न्यूज ब्रीफ

### अंडर-17 जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं शुरू



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर में अंडर-17 जिला स्तरीय लड़कों की प्रतियोगिता शुरू हुई। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि सेवानिवृत्त अध्यापक शेर सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में 44 उच्च विद्यालयों के 364 खिलाड़ी तीन स्पर्धाओं कबड्डी, वॉलीबाल, खो-खो में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ओंकार देव, आयोजन सचिव, एसएमसी प्रधान विजय कुमार, बुद्धि सिंह, मल्लू राम, प्रकाश चंद, उपप्रधान कमल प्रसाद, मुंशी राम इंदौरिया, समाजसेवी पृथ्वी चंद, प्रेम सागर, प्रीतम सिंह, पवन आदि उपस्थित थे। छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि शेर सिंह चंदेल ने निर्माणाधीन स्कूल कक्ष के निर्माण के लिए 51000 रुपए दान किए।

### नौहंगी में डाक विभाग 10 को लगाया जाएगा शिविर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डाक विभाग द्वारा आधार से जुड़ी समस्याओं के समाधान व जीरो बैलेंस पर पोस्ट आफिस में खाते खोले जाने को लेकर विशेष शिविर का आयोजन 10 सितंबर को किया जा रहा है। जिसमें डाक जीवन बीमा का लाभ भी ले सकते हैं। नौहंगी पंचायत के उपप्रधान ठाकुर प्रकाश चंद ने बताया कि डाक विभाग ने इस शिविर के लिए हमारी पंचायत को चुना है। इस शिविर में आधार से जुड़ी समस्याओं, बच्चों की पढ़ाई, जीरो बैलेंस पर खाते आदि खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए इस अवसर पर भोजन की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे इस शिविर का लाभ उठाएं।

### जिले में हुई एलाइड सर्विसेज की लिखित परीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन शिमला द्वारा रविवार को प्रदेश भर के परीक्षा केंद्रों में हिमाचल प्रदेश एलाइड सर्विसेज की लिखित परीक्षा आयोजित की गई। हमीरपुर जिला में भी इसके लिए 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। रविवार को शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में भी एलाइड सर्विसेज परीक्षा के लिए 391 अभ्यार्थियों को कॉल लेटर जारी किए गए थे। इनमें से 204 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 187 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित पाए गए। यह परीक्षा सुबह 11 बजे से लेकर दो बजे तक आयोजित की गई। हालांकि, अभ्यर्थियों को परीक्षा से एक घंटा पहले पहुंचने के निर्देश थे। ऐसे में परीक्षा केंद्रों में 10 बजे तक अभ्यार्थियों को परीक्षा हाल में एंट्री दी गई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर के प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद ने बताया कि बाल स्कूल में एलाइड सर्विसेज की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई।

### भारतीय किसान संघ ने बैठक में लिए अहम निर्णय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय किसान संघ जिला हमीरपुर की कार्यकारिणी की बैठक देशराज शर्मा की अध्यक्षता में बटरान में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें प्रधानमंत्री सम्मान निधि में 2 हेक्टेयर की बजाय 3 हेक्टेयर किया जाए,



क्योंकि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बीजाई योग्य भूमि कम होती है। इसके अलावा जंगली जानवरों के कारण फसलों का बहुत नुक्सान हो रहा है। इसके कारण बहुत से किसानों ने बीजाई करना छोड़ दिया है। हालांकि, प्रदेश सरकार द्वारा बाड़बंदी योजना चलाई गई है। उसमें फंड की कमी होने के कारण सभी किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। संघ ने कृषि मंत्री भारत सरकार व प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि हिमाचल प्रदेश के किसानों के लिए केंद्रीय स्तर पर योजना बनाकर शामिल किया जाए। संघ के पदाधिकारियों ने यह भी मांग रखी कि आंधी तूफान से किसानों की मक्की की फसल बर्बाद हो चुकी है। अतः केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि किसानों की फसल का मुआवजा दिया जाए या वित्तीय सहायता दी जाए। इस बैठक में भगत सिंह पटियाल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, कमल उपाध्यक्ष, अमी चंद उपाध्यक्ष, रमेश चंद जैविक प्रमुख सहित संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### सहेली गांव में तेंदुए का आतंक, लोगों में दहशत

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले सहेली गांव में इन दिनों तेंदुए का आतंक बढ़ गया है। शाम ढलते ही तेंदुआ घरों के सामने दहाड़ना शुरू कर देता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेंदुआ एक दर्जन के करीब पालतू कुत्तों का शिकार कर चुका है। दिनदहाड़े और शाम ढलते ही तेंदुआ गांव के पास गरजना शुरू कर देता है। तेंदुए का सीसीटीवी फुटेज भी



अब सामने आया है। जिसमें वह एक घर घुस गया है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि पिंजरा लगाया जाए और उसे पकड़ा जाए। उन्होंने बताया कि शाम ढलने के बाद गांव में दस्तक दे देता है। जिसके चलते लोग शाम के समय घर से बाहर नहीं निकलते हैं। इस बारे में आरओ बिझड़ी रेंज अंकुश कुमार ने बताया कि मामला वन विभाग के ध्यानार्थ है वन विभाग की टीम क्षेत्र में तेंदुआ को पकड़ने के लिए मॉनिटरिंग कर रही है। शीघ्र ही सहेली गांव के पास पिंजरा लगा दिया जाएगा। तेंदुए को पडकर वन्य क्षेत्र पालमपुर में छोड़ा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# ब्लास्टिंग से कोल्हू सिद्ध मंदिर में हुआ डेढ़ लाख का नुकसान

## एनएच-3 को चौड़ा करने के लिए निर्माण कंपनी ने की ब्लास्टिंग

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



हमीरपुर से मंडी वाया टौणी देवी आवाहदेवी एनएच-03 पर निर्माण कंपनी द्वारा की जा रही ब्लास्टिंग से स्थित कोल्हू सिद्ध मंदिर में लगभग डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हो गया है। निर्माण कंपनी ने शनिवार रात टौणी देवी से दो किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध कोल्हू सिद्ध मंदिर के बरामदे की टीन की छत पर भारी चट्टानें गिरने से टूट गई और मंदिर के पास लगी दो सोलर लाइट गिर भी गईं। इसके अलावा ब्लास्टिंग से मंदिर के मुख्यद्वार को भी नुकसान पहुंचा है। एनएच निर्माण कंपनी को कोल्हू सिद्ध क्षेत्र में ब्लास्टिंग की परमिशन मिली हुई है। ब्लास्टिंग से उड़ने वाले पत्थर और गिरने वाली चट्टानें मंदिर को खासा नुकसान पहुंचा रही हैं। बता दें कि यह मंदिर चौहान वंश के कुल देवता का है। इसके अलावा क्षेत्र के 60 गांवों के लोगों की आस्था का केंद्र है।

मंदिर के मुख्य पुजारी रघुबीर सिंह चौहान ने बताया कि निर्माण कंपनी अवैज्ञानिक तरीके से ब्लास्टिंग और खुदाई कर रही है। इससे धार्मिक स्थान को अब तक करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हो चुका है। बड़ी चट्टानें टीन की छत को फाड़ बरामदे में लगी टाइल को भी तोड़ चुकी है।

इस बारे में कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत ने बताया कि नुकसान की शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि मौके पर जा नुकसान का जायजा लिया गया है। करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है जिसे कंपनी द्वारा शीघ्र मरम्मत करवा कर पूर्ण किया जाएगा।

### मंदिर के 50 फीट तक न की जाए ब्लास्टिंग

**इससे** स्थानीय लोगों को निर्माण कंपनी के प्रति रोष है। ग्रामीणों में जय राज, हरबंस, भूमिराज, देशराज, हंसराज, संजीव, सुनील, रजनीश, रघुबीर इत्यादि ने कोल्हू सिद्ध मंदिर को नुकसान से बचाने की गुहार लगाई है। उन्होंने प्रशासन से और कंपनी से मांग की है कि मंदिर के आसपास 50 फुट तक ब्लास्टिंग न की जाए। उन्होंने बताया कि यदि इसी तरह से ब्लास्टिंग होती रही तो कोल्हू सिद्ध मंदिर की गुफा बंद हो जाएगी और मंदिर का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कंपनी ने अपनी यह कार्रवाई नहीं रोकी तो लोग प्रसिद्ध धार्मिक स्थल को बचाने के लिए आंदोलन करेंगे।

# झटवाड़ गांव में दो मंजिला स्लेटपोश मकान गिरा





झटवाल गांव में गिरा मकान तथा (दाएं) मकान मालिक व अन्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत लंबलू के अंतर्गत झटवाड़ गांव में गत रात एक दो मंजिला स्लेटपोश मकान बरसात की वजह से ध्वस्त हो गया। जिस समय यह हादसा हुआ उस वक्त मकान मालिक तिलक राज अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ शाम को 7.30 बजे के करीब बाहर बैठे खाना खा रहे थे। भगवान की कृपा से यह परिवार सकुशल बच गया।

इस हादसे में करीब 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सुबह ही मौका देखने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा भी पहुंचे और उन्होंने तुरंत प्रशासन को इसकी सूचना देकर वहां पर आगे की कार्रवाई करवाई और पीड़ितों को फौरी राहत राशि भी प्रदान करवाई गई। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. वर्मा ने कहा के पीड़ितों की पूरी मदद सरकार की तरफ से की जाएगी।

# ब्लॉक कांग्रेस नादौन ने की मुद्दों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, नादौन**



ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते कांग्रेसी।

ब्लॉक कांग्रेस नादौन की मासिक बैठक रविवार को गीता भवन नादौन में संपन हुई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। तथा ब्लॉक कांग्रेस ने सभी लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तक पहुंचा दिया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने की। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी डाक्टर मोहन लाल,कमल कम्मी, संतोष संधू, नगर पंचायत के अध्यक्ष शम्मी सोनी के अलावा कैप्टन सुनील शर्मा, रमेश चंद पराशर,सुभाष चंद राणा, धर्मपाल, मुंगरू सोनी, रमेश नैयर, महिला कांग्रेस अध्यक्षा रीना देवी, कांता चैधरी, सीमा कुमारी, सुषमा देवी, वीना कुमारी,विजय कुमार, उधो राम, राजेंद्र सिंह, रमेश चंद अशोक कुमार, प्रेम चंद, करतार चंदसहित कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में लिए गए अनेक फैसले जैसे, सुखआश्रय योजना, दलबदल कानून, नादौन के साथ बहती ब्यास नदी पर संधोड़ा पतन पर 25 करोड़ के डबललेन पुल की स्वीकृति, नादौन क्षेत्र में वन भूमि से निकलने वाली संपर्क सड़कों के लिए फोरेस्ट क्लीयरेंस, राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल, नादौन कालेज में मल्टीपरपज हाल, विभिन्न विषयों में पीजी कक्षाओं की स्वीकृति, करीब 65 करोड़ की लागत से नादौन में बन रहे स्पोर्ट्स कंप्लेक्स सहित अनेक कार्यों की सराहना करते हुए सुक्खू सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने पर बल दिया गया। इस अवसर पर लोगों ने ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद को लोगों ने समस्याएं बताईं। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि मुख्यमंत्री के साथ उनकी बैठक निश्चित की जाए ताकि वे अपने अपने क्षेत्रों बारे मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा कर सकें। प्रधान ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं व मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा।

### सहायक स्टोर कीपर मामले में तकरीबन 11 लोग जांच के दायरे में

# उमा आजाद को हाईकोर्ट से बेल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भंग आयोग में हुए पेपर स्कैम के सहायक स्टोर कीपर मामले में मुख्य आरोपी उमा आजाद को हाईकोर्ट से बेल मिल गई है, जबकि हमीरपुर कोर्ट में कुछ लोगों की सोमवार को अग्रिम जमानत पर सुनवाई होनी है। पोस्टकोड 822 में तकरीबन एक दर्जन लोग जांच के दायरे में हैं। इनमें दो लोग गिरफ्तार भी हो चुके हैं।

पिछले महीने के तीसरे सप्ताह में विजिलेंस ने भंग आयोग में हुए भर्ती घोटाले के इस मामले को लेकर 14वीं एफआईआर दर्ज की थी। कुछ लोगों से लगातार पूछताछ हो रही है, जबकि आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अप्लाई किया हुआ है। आधा दर्जन लोग भंग आयोग के ऑफिस के बताए जा रहे हैं, जबकि चार लोग आयोग में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी हैं। हालांकि, विजिलेंस के अधिकारी इस मामले को लेकर ज्यादा कुछ बताने से गुरेज कर रहे हैं, क्योंकि जो लोग जांच के दायरे में हैं उन्होंने न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किए हुए हैं क्यों की सुनवाई भी हो चुकी है पिछले कुछ दिनों से इस पर लगातार सुनवाई हो रही है। एक मामले को लेकर विजिलेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी को भी कोर्ट में बुलाया गया था।

काबिले गौर यह है कि जिस अमित रावत अभ्यर्थी ने सहायक स्टोर कीपर के पद पर तैनाती ली थी, उसे मेरिट में टेंपरिंग के जरिए अव्वल बनाया गया था। यही स्थिति इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के लिए तैयार हुई। तीन और अभ्यर्थी भी इसी में जांच के शिकंजे में हैं। प्रमुख अभ्यर्थी अमित रावत को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसके साथ ही एक अन्य व्यक्ति सोहनलाल जो दलाली का काम करता था, उसे भी गिरफ्तार किया गया था। भंग आयोग के जिन अन्य कर्मचारियों पर जांच का शिकंजा कसना था, उनमें अभी तक लगभग सभी मामलों में गिरफ्तार हो चुकी मुख्य आरोपी उमा आजाद को अब क्योंकि हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल चुकी है। लग यही रहा है कि जिन अन्य ऑफिस के लोगों ने भी अग्रिम जमानत के लिए अप्लाई किया हुआ है, उस पर रोचक स्थिति बनी हुई है। (अनंत ज्ञान)

### अग्रिम जमानत पर आज स्थानीय कोर्ट में पेशी

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### क्या कहते हैं एसपी

**इधर,** मंडी स्थित विजिलेंस के एसपी कुलभूषण वर्मा का कहना है कि उमा आजाद को 2 दिन पहले हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। हमीरपुर की कोर्ट में कुछ और अग्रिम जमानत के आवेदन लगे हुए हैं। उन पर सुनवाई होनी है। कुछ में कोर्ट ने जवाब मांगा था, उसे दिया जा रहा है।

# दुग्ध अभीशीतन केंद्र में जरनेटर न होने से दूध को चिल्ड करने में हो रही परेशानी

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



नादौन के गगाल में स्थित दुग्ध अभीशीतन केंद्र।

उपमंडल नादौन के गगाल में स्थित दुग्ध अभीशीतन केंद्र गगाल जहा वर्तमान समय में कर्मचारियों की कमी के अभाव से जूझ रहा हैं वही इस केंद्र में वर्तमान समय में पशु पालकों से एकत्रित किए गए दूध के रखरखाव के लिए भी सुविधाओं की कमी हैं। जिस कारण केंद्र का वर्तमान समय में अकेले कार्यभार देख रहे 75 प्रतिशत दिव्यांग कर्मचारी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

इस केंद्र में पिछले दो वर्षों से जरनेटर की सुविधा न होने से बिजली का आए दिन कट लगने के कारण पशु पालकों से एकत्रित किए गए दूध को चिलिंग प्लांट में चिल्ड करने में बड़ी परेशानी होती हैं। कर्मचारी प्रदीप कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में फोर लाइन का कार्य प्रगति पर होने के कारण बिजली के कट लगने पर केंद्र में जरनेटर न होने के कारण दूध खराब हो रहा है जिसकी भरपाई उन्हें करनी पड़ती हैं।

चिलिंग प्लांट में पहले जरनेटर की सुविधा थी, लेकिन 2 वर्ष पहले विभाग ने यह कह कर यहां से जरनेटर उठा लिया था कि केंद्र में अतिशीघ्र नया जरनेटर इंस्टाल किया जाएगा, लेकिन आज दिन तक दोबारा नया जरनेटर इंस्टाल नहीं किया गया, जबकि अपनी समस्या के बारे में उन्होंने कई बारे विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत भी करवाया। केंद्र कर्मचारी ने विभाग के उच्चाधिकारीयों से विशेष आग्रह किया हैं कि नादौन के गगाल में स्थित दुग्ध अभीशीतन केंद्र में अतिशीघ्र नया जरनेटर इंस्टाल किया जाए, ताकि दूध को चिल्ड करने में समस्या न आए। उक्त कर्मचारी ने मुख्यमंत्री सुक्खू से भी मांग कि हैं कि प्लांट में वर्तमान समय में जो कर्मचारियों के अभाव से जो कार्य करने में उन्हें परेशानी हो रही हैं उस समस्या का भी अतिशीघ्र समाधान किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

# आरबीआई क्विज के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 17 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



बीबीएन कॉलेज चकमोह में आरबीआई क्विज की जानकारी देते अजय कतना।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की स्थापना के 90 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में लाखों रुपए के पुरस्कार जीतने का अवसर है। विभिन्न स्तरों पर आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता के लिए 17 सितंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा सकता है।

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर के निदेशक एवं प्रतियोगिता के जिला समन्वयक अजय कतना ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला चरण 19 से 21 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा, जो कि ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा। अगले चरणों में राज्य, जोनल और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं ऑफलाइन होंगी। प्रतिभागियों की आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर पहला पुरस्कार 10 लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार 8 लाख रुपए और तृतीय पुरस्कार 6 लाख रुपए का होगा। राज्य और जोनल स्तर पर भी नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

अजय कतना ने बताया कि प्रतियोगिता का पूरा विवरण आरबीआई की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। निदेशक ने बताया कि वह स्वयं भी व्यक्तिगत रूप से जिला हमीरपुर के विभिन्न कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्यों से भी अपने-अपने संस्थानों के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की है।

# जाहू में बहुउद्देशीय भवन और स्कूल में बनेगा साइंस ब्लॉक : सुरेश

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**



विधायक सुरेश कुमार को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर व अन्य।

भोरंज उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में अंडर-19 लड़कियों की जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता रविवार को शुरू हुई, इसमें हमीरपुर और भोरंज ब्लॉक के 29 स्कूलों के 294 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने खिलाड़ियों मार्च पास्ट सलामी के साथ किया। इससे पहले उन्होंने स्कूल परिसर में सरस्वति माता मंदिर में माथा टेकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने खिलाडियों, विभिन्न स्कूलों के आये शारीरिक शिक्षकों व स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुक्खू की विकासात्मक सोच के साथ व्यवस्था परिवर्तन कर रही है। इसमें युवाओं के साथ समाज का सहयोग मिलना अति-आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों ने ऐसे शिक्षण संस्थान खोले हैं, जहां पर बच्चों को संख्या पांच या फिर दस से कम है। सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के लिए ऐसे स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया, ताकि बच्चों अच्छे स्कूलों में गुणात्मक व प्रतियोगात्मक शिक्षा हासिल कर सकें। उन्होंने इस अवसर प्रदेश में खुल रहे डे-बोर्डिंग स्कूलों का भी जिक्र किया।

- **विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार कर रही है प्रयास**
- **सरकार के व्यवस्था परिवर्तन में युवाओं और समाज का सहयोग जरूरी**

उन्होंने खिलाडियों से कहा कि खेलकूद को हार-जीत से न आंकें, क्योंकि खेल का मैदान खिलाड़ियों को अनुशासन, मेल-जोल और प्रतियोगिता की भावना पैदा करता हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों की सुविधा के लिए डाइट मनी 120 रुपए से 400 रुपए की है तथा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीस प्रतियोगिता में आने-जाने वाले खिलाड़ियों को एसी बसों व रेलों में जाने की सुविधा देने का ऐलान किया है। उन्होंने इस अवसर पर खिलाड़ियों की रेफ्रशमेंट के लिए 21 हजार रुपए देने, जाहू में बहुउद्देशीय भवन व स्कूल में साइंस ब्लॉक का निर्माण प्राथमिकता से करने की घोषणा की। इस दौरान स्कूल की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर व जिला क्रीड़ा संघ की ओर विधायक सुरेश कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक की धर्मपत्नी किरण कुमार, निदेशक रोशन लाल शर्मा, भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, सोशल मिडिया प्रभारी चंदन ठाकुर, विजय डोगरा, एससी विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीप चंद, पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा, पूर्व प्रधान चमन लाल शर्मा, जाहू पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष राजन कपिल, जिला डीइपी संघ अध्यक्ष करतार सिंह पटियाल, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं बैडमिंटन संघ के महासचिव राजेंद्र शर्मा, डीईपी चमन लाल, अनिल कुमार, एनएसएस के जिला समंवयक राम लाल, सोनवीर, पूर्व उपप्रधान तिलक राज शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

**आरोप** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बड़सर के साथ कर रहे भेदभाव

# सतलुज वाटर अपलिफ्ट स्कीम का टेंडर रद्द हुआ तो बड़सर में होगा जनांदोलन: लखनपाल

**एसके ठाकुर, बड़सर**



विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री को चेतावनी दी है कि अगर सतलुज वाटर अपलिफ्ट स्कीम का टेंडर रद्द किया गया, तो बड़सर क्षेत्र में बड़ा जनांदोलन होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ अपने विधानसभा क्षेत्र की योजनाओं को प्राथमिकता देकर बड़सर के साथ भेदभाव कर रहे हैं। बड़सर की जनता को उनका हक दिलाने के लिए वह हरसंभव कदम उठाने के लिए तैयार हैं।

विधायक ने बताया कि पहले योजना में ब्यास नदी से पानी लाने का प्रस्ताव था, लेकिन ब्यास नदी में पर्याप्त पानी न होने के कारण योजना का स्त्रोत बदलकर सतलुज नदी कर दिया गया। यह योजना जयराम सरकार के दौरान स्वीकृत और शुरू की गई थी, जिससे बड़सर क्षेत्र की जल समस्या का समाधान हो सके।

उन्होंने बताया कि गर्मियों में बड़सर की जनता को भारी जल संकट का सामना करना पड़ता है। टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध करवाना अस्थायी समाधान है। सतलुज वाटर अपलिफ्ट स्कीम इस समस्या का स्थायी हल है, लेकिन सरकार के भेदभावपूर्ण नीतियों के कारण जनता को इससे वंचित किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### जयराम सरकार के स्वीकृत हुई थी यह स्कीम

**विधायक** लखनपाल ने कहा कि सतलुज वाटर अपलिफ्ट स्कीम जयराम सरकार के समय स्वीकृत की गई थी और इसके लिए 137 करोड़ रुपय की राशि एनडीबी बैंक से स्वीकृत की गई थी। इसका शिलान्यास 13 मार्च 2022 को पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद अनुराग ठाकुर और जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया था।

### मुख्यमंत्री को जनता की नहीं, अपने मित्रों की चिंता

**विधायक** लखनपाल ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि उन्हें बड़सर की जनता की कोई परवाह नहीं है। वह केवल अपने निकटस्थ लोगों और मित्रों की चिंता कर रहे हैं, जो सत्ता से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि बड़सर की जनता को उनके अधिकारों से वंचित करना नाइंसाफी है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भेदभाव सहन नहीं करेगी बड़सर की जनता

**उन्होंने** कहा कि बड़सर की जनता मुख्यमंत्री के इस भेदभावपूर्ण रवैये को अब सहन नहीं करेगी। जयराम सरकार के समय स्वीकृत योजनाओं को रद्द करना बड़सर के विकास को रोकने की साजिश है। अगर ऐसा अन्याय हुआ, तो बड़सर की जनता आंदोलन करेगी।

### जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा

विधायक लखनपाल ने कहा कि बड़सर की जनता के हितों के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि वे बड़सर के साथ हो रहे अन्याय को खत्म करें और जनता से किए वादों को पूरा करें। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो जनता मजबूर होकर सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी।

# 7 महीने में हिमाचल में 403 लोगों ने सड़क हादसों में गंवाई जान

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में इस साल जनवरी से जुलाई के अंत तक सड़क हादसों में करीब 403 लोगों ने जान गंवाई है। इसके अलावा सैकड़ों लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस विभाग की ओर से सड़क हादसों की जांच में प्रारंभिक कारण मानवीय भूल को माना गया है। इसमें तेज रफ्तार, गलत ओवरटेकिंग और लापरवाही से गाड़ी चलाना मुख्य कारण हैं।

जिला शिमला में इस दौरान हुए सड़क हादसों में सबसे अधिक 60 लोगों ने जान गंवाई है। जिला मंडी में 58 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई है। ऊना जिले को भी सड़क हादसों को लेकर संवेदनशील माना गया है। यहां पर इस समय अवधि में 45 लोगों की जान गई है। कांगड़ा और सिरमौर जिले में 43, चंबा में 34, बद्दी में 25, कुल्लू में 22, बिलासपुर में 19, सोलन में 15, नूरपुर में 15, हमीरपुर में 13, किन्नौर में 6 और लाहौल-स्पीति में 5 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई है।

### पिछले साल की अपेक्षा कई जिलों में हादसे घटे

**प्रदेश** सरकार और पुलिस विभाग सड़क हादसों में कमी लाने के लिए समय-समय पर जागरूक अभियान भी आयोजित कर रहा है। इसके तहत चालकों के लिए जागरुकता शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। यही वजह है कि प्रदेश के कई जिलों में होने वाले सड़क हादसों में मृत्यु में कमी दर्ज की है। वर्ष 2023 में इस समयावधि में 447 लोगों ने सड़क हादसों में जान गंवाई थी, जोकि इस साल 403 है। बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, नूरपुर और सोलन जिलों में पिछले साल की अपेक्षा इस साल सड़क हादसों में कमी दर्ज की गई है। हालांकि शिमला और ऊना और लाहौल-स्पीति जिले में इस दौरान मृत्यु दर में बढ़ोतरी हुई है।

# नशे को रोकने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश के युवाओं को रासायनिक और नशीली दवाओं के सेवन से युवाओं को बचाने के लिए सरकार जल्दी ही ठोस रणनीति तैयार करेगी। इसके लिए सरकार के स्तर पर सभी विभागों और संस्थाओं को एक मंच पर लाया जाएगा। राज्य ज्ञान विज्ञान केंद्र द्वारा नशे के संकट से युवाओं को बचाने के लिए आयोजित अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नशा मुक्त हिमाचल के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाते हुए ये बात कही। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सामाजिक ताना-बाना कमजोर होने से इतना तरह कि समस्याएं सामने आ रही हैं। युवाओं में अकेलापन और तकनीक तक आसान पहुंच के कारण युवाओं में कुछ विकृतियां आ रही हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक का सदुपयोग होना चाहिए दुरुपयोग नहीं। शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि शिक्षा विभाग कि ओर से इस मुहिम के लिए हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने जल्दी ही विभागीय स्तर पर बैठक करने का आश्वासन दिया।

राज्य ज्ञान विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर ने सरकार को सुझाव दिया कि सरकार मुख्यमंत्री कार्यालय में एक विशेष प्रकोष्ठ स्थापित करे जो दैनिक स्तर पर नशे के खिलाफ अभियान पर नजर रखे। उन्होंने साक्षरता अभियान की तर्ज पर इस मुहिम को मिशन मोड में चलाने की अपील की। उन्होंने प्रदेश वासियों को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की बधाई भी दी।




शिक्षा मंत्री ने ज्ञान विज्ञान केंद्र के प्रयासों की सराहना करते हुए दिए गए सुझावों पर विचार करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एपीएमसी शिमला एवं किन्नौर देवानंद वर्मा भी मौजूद रहे। अधिवेशन में सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस (नारकोटिक्स) राजस्व विभाग के अलावा आईजीएमसी से मनोचिकित्सा विभाग व सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग, हिप्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग एवं इंटर डिस्प्लेनरी स्टडीज, राज्य स्तरीय संस्था गुंजन, एचपीएमआरए, पंचायती एवं शहरी निकायों के जन प्रतिनिधि, पूर्व प्रधान, आम नागरिक शामिल हुए।

विभागों ने अपने कार्यों के बारे में अधिवेशन में बात रखी और आपने सुझाव भी साझा किए तथा नशा मुक्त हिमाचल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने पर सहमति जताई। राज्य केंद्र के निदेशक डॉ. ओम प्रकाश भूरेता ने मुख्याथिति एवं विभागीय अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## एक रुपए सैलरी लेंगे तहसीलदार हीरा लाल

**शिमला।** सरकार ने सेवानिवृत्ति के बाद हीरा लाल घेज्टा को दोबारा राजस्व विभाग (रिकवरी) तहसीलदार पद पर छह महीने की पुनर्नियुक्ति दी है। इसके साथ अब एचएल घेज्टा एक रुपए मासिक वेतन पर कार्य करेंगे। राज्य की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने वेतन के रूप में केवल एक रुपया लेने का फैसला लिया है। उन्होंने मिसाल पेश करते हुए इस बाबत शनिवार को उपायुक्त शिमला के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र सौंपा है। उल्लेखनीय है कि 36 वर्ष के सेवाकाल के बाद 31 अगस्त को एचएल घेज्टा की सेवानिवृत्ति हो गई थी। सरकार ने उन्हें दोबारा रिकवरी शिमला में छह महीने की अवधि के लिए तहसीलदार के पद पर नियुक्त किया है। घेज्टा ने कहा कि सरकार ने पुनर्नियुक्ति अवधि के दौरान लोगों की सेवा करने का मौका दिया है जिसके लिए उन्होंने सरकार का आभार जताया।

# 16 से 17 सितंबर को आयोजित होगा देवता वीर नाथ को समर्पित सायर मेला

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू जिले में इन दिनों विभिन्न क्षेत्रों में देवी-देवताओं को समर्पित मेलों का आयोजन पारंपरिक मान्यताओं और स्थानीय रीति-रिवाजों का निर्वहन करते हुए किया जा रहा है। इसी कड़ी में लगवैली के बागन नारगी में भी देवता वीर नाथ को समर्पित सायर मेला इस बार धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।



**लगवैली के बागन नारगी में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा मेला**

इस बारे में जानकारी देते हुए नेहरू युवक मंडल नारगी बागन के प्रधान सेस राम और सचिव बलवंत कुमार ने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी आगामी 16 सितंबर को नेहरू युवक मंडल के द्वारा देव परंपरा के साथ रात्रि और दैनिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर कुल्लू जिले के उभरते हुए कलाकार मेले में पधारे हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। प्रधान सेस राम, उपप्रधान प्रताप सिंह, सहसचिव अश्विनी कुमार, कोषाध्यक्ष कालिदास, प्रेस सचिव सोनू कुमार, सदस्य प्रकाश चंद, मोहर सिंह, मोहन लाल, अजय कुमार, राकेश, सुरेश कुमार ने बताया कि 16 सितंबर को देवता वीर नाथ अपने मंदिर से समस्त लाव लश्कर के साथ मेले में पधार कर मेले की शोभा को चार चांद लगाएंगे। इस दौरान देव परंपरा का निर्वाह करने के पश्चात समस्त ग्रामीण संघ मेले में शरीक हुए सभी लोग कुल्लवी नाटी लगाकर मेले का आनंद लेते हुए अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने में योगदान देंगे।

16 सितंबर को रात्रि के समय विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और इस दौरान मंच पर आने वाले सभी जाने-माने कलाकार उपस्थित जनता का भरपूर मनोरंजन करेंगे। इसके बाद 17 सितंबर को दैनिक कार्यक्रम के अलावा महिला मंडल और युवक मंडल की सामूहिक कुल्लवी नाटी का आयोजन किया जाएगा। मेले के आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से आग्रह करते हुए कहा है कि 16 और 17 सितंबर को बागन नारगी शौयरी मेले में आकर जहां देवता वीर नाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लें। वहीं, मेले की शोभा को भी अपनी उपस्थिति से ओर बढ़ाने में सहयोग दें।

## शिमला में युवती के साथ दुष्कर्म की कोशिश

**शिमला।** शिमला के रोहड़ू चिड़गांव में युवती से रेप करने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में युवती ने एक युवक पर आरोप लगाए हैं कि युवक ने जबरदस्ती उसके प्राइवेट पार्ट को पकड़ा और उसके कपड़े फाड़ने की कोशिश की है। पुलिस के मुताबिक घटना शुक्रवार की है। शनिवार को युवती ने पुलिस को शिकायत दी है, जिसमें उसने बताया कि 6 सितंबर की रात को वह स्थानीय देवता का जागरा देखने के लिए टोडसा गांव गई थीं। रात को करीब ढाई बजे वह अपनी सहेली के साथ शौच के लिए जा रही थी। इसी दौरान संजू नाम का युवक वहां आया और उसके साथ मारपीट व छेड़छाड़ करने लगा। लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपी युवक ने उसके प्राइवेट पार्ट को बहुत जोर से दबाया और उसके कपड़े फाड़ने की कोशिश की, जब वह चिल्लाने लगी तो आरोपी युवक वहां से भाग गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी युवक इसके बाद दोबारा उसे मंदिर परिसर में मिला और उसे धमकी दी है कि अभी तो वह बच गई है, लेकिन वह उसे नहीं छोड़ेगा।

# रामपुर में 200 के पार हुआ डेंगू के मरीजों का आंकड़ा, लोग सहमे

**अनंत ज्ञान, शिमला**



डेंगू के मरीजों की रामपुर में लगातार संख्या बढ़ रही है। शहर और आसपास के क्षेत्रों में डेंगू का प्रकोप बीते दिनों से कुछ कम हुआ है, लेकिन मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

अगस्त से अब तक डेंगू के मरीजों की संख्या दो सौ से पार पहुंच गई है। लोगों में भी डेंगू को लेकर खौफ बढ़ता जा रहा है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने जहां डेंगू से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान तेज किया है, वहीं नगर परिषद भी शहर के वार्डों में कीटनाशक स्प्रे और फॉगिंग से डेंगू के खात्मे का अभियान चलाया है।

रामपुर में इतिहास में ऐसा पहली बार है, जब शहर में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा दो सौ के पार पहुंचा है। रामपुर के खनेरी अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल और पीएचसी रामपुर में आने वाली मरीजों की ट्रेवल हिस्ट्री रामपुर और साथ लगते ब्रौ, जगातखाना क्षेत्र की है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए करें प्रयास


**डेंगू** के मामलों के गंभीर लक्षण विकसित होने का खतरा उन बच्चों/लोगों में अधिक होता है जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। शरीर की इम्युनिटी को बढ़ाने के लिए आहार को ठीक रखना बहुत आवश्यक है। बच्चों के आहार में प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने वाले खाद्य पदार्थों को शामिल करें। डेयरी उत्पाद, हल्दी, अदरक, लहसुन, खट्टे फल और नट्स शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने के साथ शरीर को आंतरिक शक्ति भी देते हैं।

### 5-7 दिनों में दिखते हैं लक्षण

**मच्छर** के काटे के पांच से सात दिन के बाद मरीजों में डेंगू के लक्षण सामने आते हैं। सबसे अधिक परेशानियां उन लोगों की है जो पहले से ही किसी रोग से ग्रसित हैं। डेंगू का काटना इन मरीजों के लिए घातक साबित हो सकता है। शनिवार को रामपुर में डेंगू के 22 नए मरीज सामने आए। शुक्रवार को मरीजों का आंकड़ा जहां 180 पहुंच गया था, वहीं शनिवार को बढ़कर आंकड़ा 200 के पार पहुंच गया। आने वाले दिनों में मरीजों की संख्या में और इजाफा होने वाला है।

> डेंगू के मरीजों की संख्या में गिरावट दर्ज की जा रही है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा वर्कर घर-घर लोगों को डेंगू के बारे में जागरूक कर रही हैं।
> – डॉ. आरके नेगी, खंड चिकित्सा अधिकारी, रामपुर बुशहर

# हेल्थ इज वेल्थ



## अच्छे स्वास्थ्य के लिए विटामिन और मिनरल जरूरी

**शरीर** के हर हिस्से के समुचित विकास और अच्छे स्वास्थ्य के लिए विटामिन और मिनरल बेहद जरूरी होते हैं। इनकी कमी से ढेरों समस्याएं शरीर में घर करना शुरू कर देती हैं। शरीर के विशेष अंगों के लिए कुछ खास विटामिन जरूरी होते हैं, जैसे आंखों के लिए विटामिन-ए, सी और ई बहुत जरूरी होते हैं। हालांकि, इन दिनों गलत खानपान की वजह से शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता और आंखों से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में निम्न विटामिन आंखों के लिए बेस्ट हैं।

**विटामिन-एः** रोडोप्सिन नाम का एक प्रोटीन होता है, जो आंखों को कम रोशनी में भी देखने के लिए तैयार करता है। विटामिन-ए इस प्रोटीन का एक अहम हिस्सा है। यही कारण है कि विटामिन-ए की कमी से नाइट ब्लाइंडनेस होने का खतरा बढ़ जाता है। विटामिन-ए कॉर्निया का भी ख्याल रखता है। कैरोटेनॉइड से भरपूर सब्जी और फल में बीटा कैरोटिन पाया जाता है, जो कि शरीर में जा कर विटामिन-ए में बदल जाता है। गाजर, शकरकंद और कद्दू जैसे खाने में विटामिन-ए भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

**विटामिन-ईः** ये एक बेहतरीन एंटी-ऑक्सीडेंट है, जो कि आंखों को फ्री-रेडिकल डैमेज से बचाता है। उम्र संबंधी कैटरेक्ट से बचाव करने में भी विटामिन ई फायदेमंद होता है। नट्स, सीड्स, फिश, हरी पत्तेदार सब्जियां खाने से विटामिन-ई की आपूर्ति पूरी की जा सकती है।

**विटामिन-सीः** विटामिन सी आंखों को यूवी लाइट डैमेज और ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाता है। एक शोध के अनुसार ये कैटरेक्ट का खतरा भी कम करता है। सिट्रस फ्रूट्स, ब्रोकली, केल जैसे फूड्स का सेवन करने से विटामिन सी की कमी नहीं होती है।

**ओमेगा थ्री फैटी एसिडः** फिश, फ्लैक्स सीड्स, चिया सीड्स आदि में पाए जाने वाला ओमेगा थ्री आंखों के लिए बेहद फायदेमंद है। ये मुख्य रूप से डायबटिक रेटीनोपैथी से बचाव करने में मदद करता है और ड्राई आइज़ की समस्या से छुटकारा दिलाता है।

## एलर्जी से बचाव को करें जरूरी उपाए

**घर के आसपास साफ सफाई रखना जरूरी**



**सालभर रहने वाली एलर्जी को ईयर-राउंड एलर्जी कहा जाताहै। बारहमासी एलर्जी के पीछे कई कारण हो सकते हैं। बेड या कार्पेट्स पर नजर आने वाले कीड़ों के कारण यह एलर्जी हो सकती है। जिन लोगों के घरों में पालतू जानवर जैसे-कुत्ते या बिल्ली होते हैं, उन्हें भी बारहमासी एलर्जी हो सकती है। बेसमेंट या बाथरूम जैसी जगहों पर फंगस पाई जाती है और इससे भी सालभर शरीर में एलर्जी बनी रह सकती है। जो लोग सिगरेट पीते हैं, उन्हें भी ईयर-राउंड एलर्जी हो सकती है। परफ्यूम या फ्रेशनर के इस्तेमाल से भी बारहमासी एलर्जी हो सकती है। जो लोग बाहरी वातावरण योंकिसी फैक्टरी में सालभर काम करते हैं, उन्हें हमेशा शरीर में एक प्रकार की एलर्जी की शिकायत रहती है। आगे इस लेख में जानेंगे बारहमासी एलर्जी के लक्षण और इसे दूर करने के उपाय। इस विषय पर बेहतर जानकारी के लिए हम ने हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता से बात की।**

**● एलर्जी के लक्षण**

*खुजली, रैशेज, नाक बहना आंखों में खुजली, थकान हो सकती है।*

**● एलर्जी से बचने के उपाय**

◆ बारहमासी एलर्जी को दूर करने के लिए डॉक्टर की सलाह पर फ्लू शॉट ले सकते हैं।

◆ साल भर एलर्जी रहती है, तो आपको अपने आसपास साफ-सफाई रखना चाहिए।

◆ बेडशीट, घर के पर्दे और अपने कपड़ों को समय-समय पर बदलते रहें। घर में पानी को भरकर रखने से बचें। अगर किसी जगह जल भराव होता है, तो उसे ठीक करवाएं। भरे हुए पानी में ही मच्छर और अन्य बैक्टीरिया ग्रो करते हैं।



**डॉ. एनके गुप्ता**
**हेल्थ एक्सपर्ट**

**● सफाई का रखें विशेष ध्यान**

बाहर खाना खाने से पहले अपने हाथों को साबुन और पानी की मदद से अच्छी तरह से साफ करें। किसी बीमार व्यक्ति के संपर्क में रोज आने से एलर्जी हो सकती है। व्यक्ति के खांसने या छींकने से होने वाली एलर्जी से बचने के लिए मास्क लगाकर रखें। केमिकल वाले स्थान जैसे फैक्टरी में काम करते हैं, तो ग्लब्ज पहनकर रहें। पानी को घर से लेकर जाएं, बाहर मिलने वाले दूषित पानी का सेवन करने से भी एलर्जी हो सकती है। ऊपर बताए उपायों से भी मदद न मिले, तो डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।

*-आर मोहन चौहान, सोलन*

## जानलेवा हो सकता किडनी कैंसर ऐसे करें इसकी पहचान

**दुनिया** में तमाम ऐसी बीमारियां हैं, जिनका नाम सुनते ही लोग चौंक जाते हैं। कैंसर ऐसी ही बीमारियों में से एक है। यह कई तरह का होता है, जिसमें किडनी कैंसर भी शामिल है। किडनी कैंसर को रीनल सेल कार्सिनोमा भी कहते हैं। बता दें कि, किडनी हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है।



यह शरीर से टॉक्सिन को पेशाब के रास्ते बाहर निकला देती है, लेकिन अनहेल्दी लाइफस्टाइल और कई सारे कारणों से किडनी कैंसर के मामलों में तेजी देखी जा रही है। किडनी कैंसर के लक्षणों के बारे में आखिरी स्टेज तक पता नहीं चल पाता है। ऐसे में अधिक सतर्कता की जरूरत होती है। हालांकि, कुछ खास संकेतों से लक्षणों को पता कर जिंदगी को मौत से बचा सकते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर किडनी कैंसर के शुरुआती लक्षण क्या हैं?

**किडनी कैंसर के शुरुआती लक्षण**

किडनी कैंसर सबसे पहले किडनी की ट्यूबलर परत में दिखाई देते हैं। वहीं, यदि पेशाब में खून आए और यह पिंक, रेड या कोला कलर हो तो यह किडनी कैंसर के संकेत हो सकते हैं। इसके अलावा, पेट के किनारे ट्यूमर, भूख न लगना, केवल एक तरफ लगातार दर्द, अचानक वजन कम होना, थकान, टखनों में सूजन आदि भी शुरुआती लक्षण हैं। इस स्थिति में सांस लेने में दिक्कत, खांसी में खून और हड्डियों में दर्द भी हो सकता है।

**किडनी कैंसर से किसे अधिक जोखिम**

जो लोग ज्यादा सिगरेट-शराब का सेवन करते हैं, उन्हें किडनी कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है। इसके अलावा मोटापा भी इस कारण को और अधिक बढ़ा देता है। इन सबके अलावा हाई ब्लड प्रेशर और ज्यादा उम्र भी किडनी कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है। इन सबके अलावा जिन लोगों के परिवार में पहले किडनी कैंसर के मामले होते हैं, उन्हें भी इसका खतरा ज्यादा रहता है।

# आयुर्वेदिक औषधि से कम नहीं है आंवला



*आंवला एक ऐसा फल है जिसके औषधीय गुण बहुत अधिक हैं। यह सेहत के गुणों का भंडार है इसलिए आयुर्वेद में भी इस फल को कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आंवला खाने से आपको क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं। आंवला अपने खट्टे स्वाद की वजह से कई डिशेज में इस्तेमाल किया जाता है। सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि यह सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। आयुर्वेद में भी इसे सेहत के लिहाज से लाभदायक माना जाता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए इसका मुरब्बा, अचार, जूस और भी कई चीजें बनाकर खाई जाती हैं। आपको बता दें कि इसमें कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जिनके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। यह न केवल स्वास्थ्यवर्धक है, बल्कि यह सुंदरता बढ़ाने में भी आपकी मदद कर सकता है। आइए जानें आंवला खाने से क्या फायदे हो सकते हैं।*

### पाचन तंत्र के लिए रामबाण

**आंवला** खाने से पाचन बेहतर होता है। इसमें फाइबर पाया जाता है, जो खाने को आंतों में से आसानी से पास करने में मदद करता है, जिससे कब्ज की समस्या नहीं होती। साथ ही, यह गैस्ट्रिक जूस रिलीज करने में मदद करता है, जिससे खाना आसानी से पच जाता है और एसिडिटी, ब्लोटिंग जैसी पाचन संबंधी समस्याएं कम होती हैं। आंवला विटामिन-सी और एंटी-इंफ्लामेटरी गुणों से भरपूर होता है। इसकी वजह से यह पाचन तंत्र (इम्यून सिस्टम) को भी मजबूत बनाने में मदद करता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो ऑक्सीडेटिव डैमेज को कम करने में मदद करते हैं। इससे भी इम्युनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके अलावा आंवला बॉडी डिटॉक्स करने में मदद करता है। यह शरीर में इकट्ठा गंदगी को साफ करने में मदद मिलती है और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है।



**डॉ. कोमल पटियाल**
**आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी**

### त्वचा को भी लाभ

आंवला में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी स्किन के लिए फायदेमंद होते हैं। इनसे स्किन के डार्क स्पॉट्स कम होते हैं और त्वचा ग्लोइंग नजर आती है।

### ह्रदय के लिए लाभदायक

आंवला खाने से दिल से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं। यह कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करता है और ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित करने में मदद करता है। इससे दिल बेहतर काम करता है और दिल की बीमारियां, जैसे एथिरोस्कलेरोसिस का खतरा कम होता है।

### ब्लड शुगर नियंत्रित करने में मददगार

आंवला ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसमें फाइबर होता है, जो ब्लड शुगर लेवल बढ़ने से रोकता है। साथ ही, इसका ग्लाइसिमिक इंडेक्स भी कम होता है, जिससे इसे खाने से ब्लड शुगर लेवल नहीं बढ़ता और डायबिटीज को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।



# वैदिक मंत्रोच्चारण से गूंज उठी डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अमलैहड़ नगरी

## सप्त ऋषियों की मूर्तियां की स्थापित, कालेश्वर महादेव तक निकली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, अमलैहड़**




डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अमलैहड़ में कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ तथा (दाएं) उपस्थित वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज व अन्य।

डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अमलैहड़ में रविवार को पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से सप्त ऋषियों की मूर्तियों को स्थापित कर दिया गया। इस उपलक्ष्य में सप्ताह भर तक धार्मिक आयोजन और पूरे विधान से इन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। इससे पहले भी डेरा अमलैहड़ से तीर्थ स्थल कालेश्वर महादेव तक शोभायात्रा निकली गई थी। सप्त ऋषियों की मूर्तियों को कालेश्वर महादेव तीर्थ पर स्नान कराने के उपरांत डेरा परिसर में रखा गया था। प्राण प्रतिष्ठा के लिए अलग-अलग दिन अलग-अलग स्थान पर उनका वास करवाया गया। फलों और अनाज के अलावा विधान के तहत उनका वास पाया गया और रविवार को बहुत बड़े आयोजन के बीच सप्तर्षियों की मूर्तियों को स्थापित कर दिया गया।

मूर्ति स्थापना समारोह पर वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज भी अमलैहड़ आश्रम में पहुंचे और उनके स्वागत के लिए हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी हुई थी। उनके दर्शन करने के लिए श्रद्धालु कतारों में लगे हुए थे। हजारों की संख्या में लोग डेरा के पवित्र धूने पर नतमस्तक होने के बाद महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे। महाराज के दर्शन पाने वाले लोगों में काफी खुशी देखी गई।

बता दें के करीब डेढ़ वर्ष के बाद वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज जी इस आश्रम में पहुंचे थे। स्वास्थ्य कारणों के चलते उनका इस डेरे में आगमन नहीं हो पाया था। इस कार्यक्रम में उनके पहुंचने की सूचना मिलने के बाद भारी संख्या में श्रद्धालु डेरा में पहुंचे थे। डेरा प्रबंधन की ओर से स्थापना दिवस पर वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज जी के पहुंचने की सूचना श्रद्धालुओं को दी गई थी।

इस अवसर पर डेरा में भंडारे का भी आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में दोगुना प्रधान भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। अमलैहड़ आश्रम में 7 दिनों तक हुई धार्मिक गतिविधियों में रासलीला मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। आश्रम में वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज के शिष्य और उनके उत्तराधिकारी आचार्य हेमानंद जी द्वारा अन्य दिनों में गतिविधियों का संचालन किया गया और उनके नेतृत्व में सप्त ऋषियों की मूर्ति स्थापना का यह पर्व संपन्न हुआ। इस दौरान कुशामस्या का त्योहार भी इस डेरे में मनाया गया। इस अवसर पर डेर ट्रस्ट के सचिव एवं मुख्य प्रबंधक राजेंद्र कुमार भारद्वाज, सदस्य एमडी शर्मा सहित कई गण मान्य लोग भी मौजूद रहे।

# हटली क्लब में ढोल-नगाड़ों से हुई झंडा रस्म अदा, सैंकड़ों भक्तों ने लिया भाग

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली में तीन से 13 अक्तूबर तक शुरू हो रही 66वीं शुद्ध रामायण मंचन के उपलक्ष्य पर वेद मंत्रों से झंडा रस्म अदा की गई।

25 फुट झंडे को पहले ढोल-नगाड़ों और बाजों से हटली बाजार घुमाया गया और उसके बाद हटली क्लाम्ंच पर झंडा रस्म अदा करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और उसके बाद कल्ब के कलाकर एवं प्रसिद्ध गायक डॉ. केशवानंद शर्मा द्वारा संकीर्तन करके समय और वातावरण को श्री राम मय बनाया गया। वहीं, देश के प्रथम युवा व्यवसाई और दीवा एप्प के फाउंडर सीईओ कल्ब के बेहतर कलाकर अंकुश वर्जाता ने भी भजनों से पंडाल को मंत्र मुग्ध किया। उसके बाद आरती के साथ सैकड़ों की संख्या में आए श्री राम भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया।

कल्ब के संचालक एवम मीडिया प्रभारी विपन साजन एवं महा सचिव संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कल्ब बीते 66 वर्षों से शुद्ध रामायण का मंचन करता आ रहा है और बुजुर्गो द्वारा शुरू की गई धार्मिक प्रथा को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।

उन्होंने बताया कि श्री रामलीला में दर्शकों के लिए बैठने लिए कुर्सियां, चायपान की व्यवस्था कमेटी द्वारा की जाती है। हर दिन कलाकार बेहतर अभिनय करके श्री राम जी द्वारा बताए पद चिन्हों पर चलने के लिए समाज को प्रेरित करते हैं। कल्ब की महिला विंग की प्रधान ज्योति वरजाता एवं महासचिव बबीता साई ने कहा कि श्री राम नाटक क्लब हटली बेहतर कार्य कर रहा है। एक तरफ श्री रामायण में बताई गई श्री राम की मर्यादाओं को मंचन के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचा रहे हैं। दूसरा मंच पर श्रीमद् भागवत कथा और श्री राम कथा करके समाज को भक्तिमय बना रहे है। वहीं, श्री राम नाटक कल्ब का हर कलाकार डेढ़ माह फ्री सेवा करते हैं।

इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान स्वर्ण सिंह, प्रधान मदन सोनी वरिष्ठ उपप्रधान दिनेश खत्री, महासचिव संजय सोनी, सचिव सुरेंद्र राणा, कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा, सह-कोषाध्यक्ष विवेक शील शर्मा, ऑडिटर हंसराज वर्जाता, सोनू फौजी रिवाड, निदेशक कमल देव शर्मा, पूर्ण सिंह राणा,मदन गोपाल, उपप्रधान कुलदीप शर्मा, अजमेर सिंह, सुशील रिंकू रिवाड़, राज कुमार धीमान, किशन देव शर्मा, किशन दत्त शास्त्री,अजमेर सिंह, बिकास सोनी, सुमित सहगल, आयुष धीमान, शुभम शर्मा के अलावा सैंकड़ो भक्तो ने झंडा रस्म में भाग लिया।

# हरोली के पोलियां में तीन अज्ञात लोगों पर लूट करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

हरोली थाना में रविवार सुबह अतुल नामक युवक ने एक शिकायत दर्ज करवाई कि जब सुबह यह जेजों से पोलियां आ रहा था तो तीन अज्ञात लोगों ने इसको रोक कर इसके साथ लूट की। इसके पर्स, ओर पहने हुए कड़ा और चांदी की चेन ले गए और उसके साथ मारपीट भी की।

पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़ित का मेडिकल करवाया और आरोपियों की धरपकड़ शुरू की ओर तीन आरोपियों को सर्विलेंस, मुखबिरों और इलाके के कैमरों की मदद से जैजों बॉर्डर से पकड़ लिया है और सख्ती से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक मामला पुरानी रंजिश का होने के आसार लग रहे हैं।

**4 घंटे में तीनों आरोपी पुलिस की पकड़ में, पूछताछ जारी**



पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर कार्रवाई कर रही है।

उपपुलिस अधीक्षक मोहन रावत ने बताया की हरोली पुलिस ने घटना के बाद 4 घंटे मे मामला सुलझा कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया है। पिछली हर वारदात को पुलिस ने सफलतापूर्वक सुलझाया है और इस घटना का भी पुलिस पूर्ण खुलासा करेगी।

जिला पुलिस कप्तान ने तीनों आरोपियों को पकड़ने की पुष्टि की है और जनता से आग्रह किया है कि आम जनता बिलकुल भी भयभीत न हो, सभी आरोपी पुलिस की पकड़ में हैं और हरौली थाना की टीम घटना की तह तक जाने में लगी है। जिसकी पुष्टि करते हुए डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान मनीष कुमार उर्फ मेशू, संदीप कुमार पुत्र देवराज तथा देवेंद्र कुमार पुत्र रामपाल के रूप में हुई हैं। सभी आरोपी गांव महदूद, जिला होशियारपुर, पंजाब के रहने वाले हैं।

# वॉलीबॉल में बंगाणा और कबड्डी में थानाकलां बना चैंपियन

**अनंत ज्ञान, ऊना**



टक्का स्कूल में भारतीय वॉलीबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुरजीत सिंह को सम्मानित करते विधायक विवेक शर्मा।

टक्का में अंडर-19 खेलों के समापन समारोह में विवेक शर्मा विक्कू मुख्य रूप से पधारे हैं और सुरजीत सिंह राणा इंडियन कैप्टन वॉलीबॉल को भी मुख्य रूप से सम्मानित किया गया। सुरजीत हटली गांव से संबंध रखते हैं। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल से जुड़ा युवा नशे से दूर तो होता है साथ ही अच्छे स्वास्थ्य के साथ देश निर्माण में प्रमुख भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा नशे के चंगुल में फंसे युवाओं को नशा त्यागकर खेल गतिविधियों में शामिल होना चाहिए।

इस प्रतियोगिता के तहत वॉलीबॉल स्पर्धा में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंगाणा ने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अरलू को पराजित करके खिताब जीता। कबड्डी में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां ने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान को पराजित करके खिताब जीता। बैडमिंटन में डीएवी लठियानी ने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंगाणा की टीम को पराजित करके खिताब पर कब्जा जमाया। चैस में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धमांधरी ने उच्च विद्यालय तनोह को पराजित करके विजेता होने का गौरव पाया। खो- खो में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदला ने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडली को पराजित करके विजेता का खिताब पाया। मार्च पास्ट में मेजबान टक्का की टीम विजेता रही।

कुश्ती में 57 किलोग्राम भार वर्ग में थानाकलां के ईशान ठाकुर प्रथम, चतारा के अभिषेक द्वितीय और चतारा के ही अमनदीप तृतीय और बोल के ऋतिक भी तीसरे स्थान पर रहे। 61 किलोग्राम भार वर्ग में थानाकलां के दिशांत प्रथम, बोल के मुकेश कुमार द्वितीय और बोल के अवतार बोल तथा टक्का के सतविंद्र सिंह संयुक्त रूप से तृतीय रहे। 65 किलोग्राम भार वर्ग में बसाल के योगेश कुमार प्रथम बुधान के वंश राणा द्वितीय और बंगाणा के कार्तिक तथा कुरियाला के शिवकुमार संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। 70 किलोग्राम भार वर्ग में थानाकलां के शशांक प्रथम, बोल के गुरुदेव द्वितीय पर तियूडी के वरुण कुमार और बंगाणा के शिवांश संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। 74 किलोग्राम भार वर्ग में चतारा के मोहम्मद सलीम प्रथम, बसाल के अमनदीप द्वितीय और बंगाणा के ऋषभ राणा तीसरे स्थान पर रहे। 79 किलोग्राम भार वर्ग में थानाकलां के कार्तिकेय प्रथम थानाकलां के ही हर्षित कुमार द्वितीय और बोल के करण और बोल के ही हर्ष संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। 86 किलोग्राम भार वर्ग में थानाकलां के राहुल प्रथम, बसाल के हरमन द्वितीय एसएसआरबीएम के कश्व और बंगाणा के कृष्ण ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा अन्य खेलों में खिलाड़ियों ने पुरस्कार जीते।

# जेटली ने बीडीओ गगरेट का कार्यभार संभाला

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

सुरिंद्र कुमार जेटली ने खंड विकास अधिकारी गगरेट के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। जेटली इस क्षेत्र में पहले भी 22 वर्ष बतौर पंचायत सचिव एवं 5 वर्ष समाज शिक्षा एवं खंड योजना अधिकारी सेवाएं दे चुके हैं और इस क्षेत्र के बारे में पूर्ण जानकारी रखते हैं। उन्होंने एक भेंट वार्ता में बताया कि विकास की योजनाओं को युद्ध स्तर पर लागू करने के लिए सशक्त अभियान चलाया जाएगा। गगरेट खंड विकास के अंतर्गत आने वाले सभी गांव में कचरे से निजाद दिलाने के लिए सेग्रीगेशन शैडों का निर्माण करवाया जाएगा। इस कार्य के लिए जिलाधीश के निर्देश मिल गए हैं। उन्होंने बताया कि इलाके में आज भी ऐसे कई लोग हैं जिनको सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलता, उन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।

## गोंदपुर बनेहड़ा लो के ऐतिहासिक तालाब का कार्य जल्द होगा शुरू

**आशीष शर्मा, गोंदपुर।** बनेहड़ा के ऐतिहासिक तालाब का कार्य शीघ्रता से शुरू करवाया जाएगा और इस तालाब का भव्य ढंग से सुंदरीकरण करवाया जाएगा। यह बात गगरेट विकास खंड अधिकारी सुरेंद्र कुमार जेटली ने एक भेंट वार्ता कही। उन्होंने कहा कि प्राचीन धरोहरों की सुरक्षा करना हम सब का सामूहिक दायित्व है। यह प्राचीन ऐतिहासिक तालाब है और इसके लिए बजट मंजूर है और इसका कार्य चल रहा है। उधर, पंचायत सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने खंड विकास अधिकारी से आग्रह किया है कि काफी वर्षों से चल रहे इस तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य को शीघ्र पूरा करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया जाएं। उन्होंने खंड विकास अधिकारी से आग्रह किया है कि वह शीघ्र ही गोंदपुर बनेहड़ा लो का दौरा करें और तालाब के कार्य की समीक्षा करें। इस तालाब के साथ लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं और आज लाखों रुपया खर्च करके भी ऐसे तालाब का निर्माण नहीं कर जा सकता। उन्होंने कहा कि बजट मंजूर होने के बावजूद भी इस तालाब का कार्य धीमी गति से चल रहा है। (अनंत ज्ञान)



# स्कूलों में बनाए जाएंगे खेल के मैदान : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार बचनबद्ध है और कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर सरकारी स्कूल में बेहतर खेल मैदान बनाने के लिए हम प्रयासरत हैं, ताकि युवा वर्ग नशे की गर्त में जाने की बजाय खेलों में रुचि बढ़ाए। यह शब्द कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने सीसे स्कूल टक्का में खंड स्तरीय खेल प्रतियोगता के समापन पर बतौर मुख्यतिथि शिरकत करने के बाद पत्रकारों से कहे। विवेक ने कहा कि आज के समय में स्कूल स्टाफ के साथ अभिभावक भी अपने बच्चों पर नजर रखें, ताकि बच्चे शिक्षा के साथ साथ खेलों में रुचि बढ़ाए। और नशे की गर्त में न जाएं।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा के मूलभूत ढांचे के सुधारीकरण के लिए हमने धरातल पर कार्य शुरू किया है और हर सरकारी स्कूल के स्टाफ के साथ चर्चा करके जो भी कमियां स्कूल में होंगी उन्हें पूरा करने का प्रयास होगा। कुटलैहड़ के जितने भी सरकारी स्कूल हैं उन सभी में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य खेल जैसी गतिविधियों पर भी हमें बेहतर परिणाम चाहिएं। अदला-बदली करना हमारा उद्देश्य नहीं है और न ही हम इस पर विश्वास रखते हैं, लेकिन कुटलैहड़ विस क्षेत्र शिक्षा का हब बने। हर स्कूल में शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों में बेहतर परिणाम हों। इस पर जरूर बल दे रहे है। वहीं खंड स्तर पर बॉलीबॉल स्कूल बंगाणा चैंपियन बनने पर विधायक विवेक शर्मा ने बधाई दी। डीएवी लठियानी को बैडमिंटन जीतने पर बधाई देते हुए बंगाणा स्कूल बॉलीबॉल तीन को सम्मानित किया। सीसे स्कूल समूरकलां में प्रदेश टीजीटी अध्यापक संघ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने संघ के प्रदेशाध्यक्ष रत्न सिंह वर्मा और प्रदेश महासचिव चंद्रकेश धीमान के साथ उनकी समस्याओं पर चर्चा की और जिसमें कुछ मामले कोर्ट विचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि राज्य टीजीटी संघ की बैठक जल्द राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से करवा दी जाएगी और संघ की जो भी मांगें मुझे बताई गई हैं उनको सीधा मुख्यमंत्री के पास पहुंचा दिया जाएगा और हरसंभव मदद से उनका हल करवाया जाएगा।

# ख्वाजा में फार्म मैनेजमेंट एंड बुक कीपिंग शिविर का आयोजन




जायका के तहत दो दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित सदस्य।

**हीना पठानिया, बड़ूही**

हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना जाइका ओडीए के दूसरे चरण के अंतर्गत नलकूप सिंचाई उपपरियोजना ख्वाजा में फार्म मैनेजमेंट एंड बुक कीपिंग का एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि अधिकारी (मनीषा) और कृषि प्रसार अधिकारी दीप कौर और वीर विवेक सिंह ने बताया कि नलकूप सिंचाई उपपरियोजना ख्वाजा कुल 16.62 हेक्टेयर भूमि को सिंचित किया जाएगा, जिससे लगभग 40 किसानों को लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया की इस उपपरियोजना में निर्माण कार्य गति पर है। इस शिविर में लगभग 35 किसानों ने भाग लिया, जिनको सर्दियों में लगने वाली विभिन्न फसलों के बारे में जानकारी दी गई और उन्नत किस्मों के बीज भी प्रदान किए गए। कृषक विकास एसोसिएशन के सदस्यों को कैश बुक व अन्य रिकॉर्ड के रख-रखाव के बारे में भी बताया गया। किसानों को कृषि में कुल लागत पर कुल लाभ का रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# बाहरी लोगों का अनिवार्य किया जाए पंजीकरण

**ऊना।** जिला ऊना में बाहरी राज्यों से आने वाले प्रवासियों पर का पंजीकरण अनिवार्य किए जाने की मांग की गई है। इसके साथ ही धार्मिक गतिविधियों पर विशेष नजर रखे जाने की बात की गई है। यह मांग सनातन धर्म सभा ऊना, जनहित मोर्चा ऊना व श्री राम लीला कमेटी ने संयुक्त रूप से जिलाधीश ऊना से उठाई। कमेटी के अध्यक्ष अविनाश कपिला की अगुवाई में विभिन्न संगठन के प्रतिनिधियों ने डीसी को ज्ञापन सौंपा। डॉ. सुभाष शर्मा ने बताया कि जिला ऊना में बाहरी राज्यों से कई प्रवासी रह रहे हैं। इनमें करीब 80 प्रतिशत ऐसे प्रवासी होंगे, जिसका रिकॉर्ड किसी के पास नहीं है। ऐसे में अगर कोई वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाता है, तो उन्हें ढूंढना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर साबित हो जाती है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों व पुलिस के पास प्रवासियों के पास पंजीकरण करवाने की व्यवस्था हो। इसके अलावा डॉ. सुभाष ने डीसी के समक्ष धर्मातांरण और अवैध निर्माण पर कड़ी नजर रखने की बात कही। राजीव भनोट ने शिमला के संजौली, कसुम्पटी में मस्जिद के अवैध निर्माण का विरोध करते हुए कहा कि मस्जिद का निर्माण अवैध रूप से गलत है। उन्होंने कहा कि यह किसी एक सरकार में नहीं हुआ। मस्जिद के निर्माण के दौरान कई सरकारों ने अनदेखी की, जिसका नतीजा यह हुआ कि हिंदू संगठनों को अब सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिला ऊना में होने वाली हर प्रकार की धार्मिक गतिविधियों पर प्रशासन को नजर रखनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सुभाष शर्मा, प्रिंस राजपूत, विजय पुरी, मास्टर चमन लाल आदि उपस्थित रहे।

**सूडोकु 0051** ✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0050 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

9 सितंबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत:** 1946 (क्रोधी), **मास :** भाद्रपद **तिथि** षष्ठी : (9:55): **नक्षत्र** विशाखा (6:04), **पक्ष :** शुक्ल **योग:** वैधृति (12:31) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:55-12:43), **राहुकाल** (7:36-9:10)।

**विशेष दिन**

- 9 सितंबर 2024 : सूर्य षष्ठी व्रत आज।
- 10 सितंबर : दुबली-दुबडी सप्तमी कल।

**मेष:** मेष राशि के जातकों का मनोबल उच्च रहेगा। सहयोगियों से स्नेह पूर्ण सहयोग मिलने से आप कामयाब रहेंगे।

**वृषभ:** वृष राशि के जातकों के लिए बहुत अच्छा दिन है। निर्धारित लक्ष्य को पाने में कामयाब रहेंगे। खर्चों को भी नियंत्रित रखें।

**मिथुन:** मिथुन राशि के जातकों को भावनाओं में बहकर निर्णय लेने से बचना चाहिए। आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा समय है।

**कर्क:** कर्क राशि के जातकों को मान-सम्मान व समृद्धि दिलाने वाला दिन है। पूरे दिल से समर्पण भाव से काम करेंगे।

**सिंह:** सिंह राशि के जातकों के विदेश के साथ संबंध अच्छे बनने की संभावना बन जाती है। धार्मिक कामों में आकर्षित रहेंगे।

**कन्या:** कन्या राशि के जातकों के लिए बहुत अच्छा दिन है। ईमानदारी से बिना किसी तिकड़म के काम को करने का प्रयास करेंगे।

**तुला:** तुला राशि के जातक अपने कामकाज से संबंधित परेशानियां दूसरों के साथ शेयर करने से बचेंगे। सोच-समझकर धन खर्च करेंगे।

**वृश्चिक:** वृश्चिक राशि के जातक आज अपने काम को परफेक्शन से पूरा करने में कामयाब रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा।

**धनु :** धनु राशि के जातकों को आज अपने कामकाज के लिए दौड़भाग करनी पड़ सकती है। कमाई के लिहाज से दिन अच्छा है।

**मकर:** मकर राशि के जातक को साझेदारी से लाभ मिलेगा। बौद्धिक क्षमता अच्छी रहेगी। अच्छा धन लाभ होगा।

**कुंभ:** कुंभ राशि के जातकों का ध्यान भोग विलास की वस्तु एकत्रित करने पर रहेगा। शीघ्रता से अपने काम को निपटाने का प्रयास करेंगे।

**मीन:** मीन राशि के जातकों की कल्पना शक्ति उन्हें भविष्य के लिए नई योजनाएं बनाने के लिए प्रेरित करेगी।



# तरनतारन के हरभजन ने जीती बड़ी माली

**बंगाणा।** जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की खरयालता पंचायत के गांव बही के प्राचीन व ऐतिहासिक गुगा जाहरपीर मंदिर में रविवार को विशाल दंगल का आयोजन करवाया गया। जिसमें अलग-अलग स्थानों से दंगल में पहुंचे पहलवानों ने अपना-अपना दम-खम दिया। इस मौके पर फाइनल में चौकी मन्यार के शशि तथा पंजाब के तरनतारन के हरभजन सिंह में कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें हरभजन विजेता बना। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, प्रधान राकेश धीमान, रधुवीर सिह, मदन लाल, राजेन्द्र ठाकुर आदि मौजूद रहे। विजेता को 4100 रुपए तथा चांदी का कड़ा और उपविजेता को 3100रुपए व माली देकर सम्मानित किया।

## रेलवे ने पूरी की अरुण कौशल द्वारा उठाई मांग

# ऊना रेलवे स्टेशन पर क्यूआर स्कैन से कर सकेंगे टिकट का भुगतान

**अनंत ज्ञान, ऊना**




हिमाचल में ब्रॉडगेज पर बने रेलवे स्टेशन ऊना में अब आप क्यूआर स्कैन करके टिकट के पैसे का भुगतान कर पाएंगे। ऊना जिले का सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन हैं। हर दिन हजारों यात्री यहां से अपनी यात्रा आरंभ करते हैं।

जुलाई महीने में ऊना के युवा नेता अरुण कौशल द्वारा जनरल टिकटों के भुगतान के लिए ट्विटर के माध्यम से अंबाला रेल मंडल के समक्ष कैश लैस भुगतान के लिए मशीन लगवाने की मांग उठाई गई थी जो अब पुरी हो गई। जिस से साधारण टिकटों के लिए यात्रियों को अब नगद राशि की जरूरत नहीं पड़ेगी और कम समय में ज्यादा टिकटों की बिक्री हो सकेंगी, जिससे भीड़ भी नहीं लगेगी।

इस पर अरुण कौशल ने अंबाला रेलवे मंडल और अधिकारियों का आभार जताया है उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में रेलवे रिजर्वेशन सिस्टम को भी अप-टू-डेट करके कैशलेस करेगा और स्टेशन पर कोच डिस्प्ले बोर्ड भी लगाए जाएंगे। उनके द्वारा इन विषयों पर भी मांग उठाई गई हैं। उम्मीद है कि इस साल के अंत तक यह कार्य पूरे होंगे। इससे पहले उनके द्वारा प्लेटफॉर्म 1 की लंबाई और लूप लाइन के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए शिकायत भेजी गई थी जिस पर युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा हैं।

जो कुछ भी तुमको कमजोर बनाता है -शारीरिक, बौद्धिक या मानसिक उसे जहर की तरह त्याग दो। -स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# सबके लिए हो यूपीएस

जब से केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम यानी यूपीएस की मंजूरी दी है तब से प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों को अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है। प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारी इस स्कीम को लांच करने के बाद अपने आपको ठगा स महसूर कर रहे हैं। वह अपने साथ छलावा हुआ भी बताने लगे हैं, पर करें भी क्या? सरकार के पास अभी उनके लिए कोई ठोस योजना नहीं है।

सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए पेंशन की यह व्यवस्था तो बहुत अच्छी बना दी है, लेकिन प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के करोड़ों श्रमिकों तथा कर्मचारियों का क्या? प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारी भी इसी देश का अंग हैं। उनके साथ इस तरह का सौतेला व्यवहार किसी भी सूरत में उचित नहीं दिखता। प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों में वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंतन मनन हो रहा है।

क्या उन्हें कभी इस नई पेंशन की सुविधा उपलब्ध हो ही नहीं पाएगी? जब कोई कर्मचारी रिटायर होता है तो उसके सामने परिवार के पालन-पोषण के साथ-साथ बुढ़ापे में बीमारियों की वजह से घिरे होने के कारण कई तरह की चुनौतियां पेश आती हैं। ऐसे में वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पेंशन ही एकमात्र जरिया होता है। निश्चित रूप से केंद्र सरकार की यह यूनिफाइड पेंशन स्कीम कई मायनों में बहुत अच्छी है। खूबियों से भारी यह नई पेंशन प्रणाली कर्मचारियों को उनकी नौकरी के प्रति प्रतिबद्धता, ईमानदारी और अधिक काम करने की प्रेरणा देती है। यही वजह है कि सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम की प्राइवेट सेक्टर में भी भारी डिमांड होने लगी है।

ऐसा भी नहीं है कि प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों के लिए कोई पेंशन योजना है ही नहीं, लेकिन वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से वह नाकाफी हैं। संगठित क्षेत्र में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ सबसे बड़ा सामाजिक सुरक्षा संगठन माना जाता है। ऐसे में भविष्य निधि के लिए जो अंशदान होता है इसका एक भाग पेंशन फंड के लिए कर्मचारी पेंशन योजना यानी ईपीएफ में चला जाता है। यदि किसी कर्मचारी को रिटायरमेंट के बाद पेंशन प्राप्त करनी हो तो उसे कम से कम 10 साल तक लगातार नौकरी करना जरूरी होता है और पीएफ अकाउंट में अंशदान करना भी उतना ही आवश्यक होता है।


इन शर्तों के बाद ही वह पेंशन का हकदार बन पाता है। वर्तमान में पेंशन के जो नियम बनाए गए हैं उसके अनुसार, पेंशन योग्य वेतन की अधिकतम सीमा 15000 रुपए है, जिसके फलस्वरूप एक ईपीएफ सदस्य को न्यूनतम 1000 रुपए की पेंशन हर माह मिलती है। हालांकि, देखा जाए, तो महंगाई के इस दौर में 1000 रुपए की पेंशन कुछ भी नहीं है। कर्मचारी इसे 1000 रुपए से बढ़ाकर कम से कम 7500 रुपए करने की मांग काफी समय से करते आ रहे हैं, लेकिन यह मांग अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। सुप्रीम कोर्ट ने प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों के हक में पेंशन के बाबत फैसला सुनाया है, लेकिन इसे विडंबना ही कहेंगे कि सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश का अनुपालन भी नहीं हो पा रहा है। प्राइवेट सेक्टर के जिन कर्मचारियों ने उच्च पेंशन प्राप्त करने का विकल्प चुना है, उन्हें तो यह भी मालूम नहीं है कि वह कितनी पेंशन के हकदार होंगे।

सवाल यह उठता है कि यह विवशता आखिर कब समाप्त होगी। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत में बहुत बड़ी तादाद में लोगों को अभी भी सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध नहीं हो पाई है सरकार जब तक इस समस्या का समाधान नहीं कर पाती है तब तक विकसित भारत का सपना साकार होने में भी संशय है। उम्मीद की जाने चाहिए कि भविष्य में केंद्र सरकार प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों के भविष्य के बारे में कोई ठोस निर्णय लेगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक

**कैप्टन** विक्रम बत्रा परमवीर चक्र से सम्मानित भारत के सैनिक थे। इन्हें यह सम्मान सन 1999 में मरणोपरांत मिला। पालमपुर निवासी जीएल बत्रा और कमलकांता बत्रा के घर 9 सितंबर, 1974 को दो बेटियों के बाद दो जुड़वां बच्चों का जन्म हुआ। माता कमलकांता की श्रीरामचरितमानस में गहरी श्रद्धा थी तो उन्होंने दोनों का नाम लव-कुश रखा। लव यानी विक्रम और कुश यानी विशाल। पहले डीएवी स्कूल, फिर सेंट्रल स्कूल पालमपुर में दाखिला करवाया गया। सेना छावनी में स्कूल होने से सेना के अनुशासन को देख और पिता से देश प्रेम की कहानियां सुनने पर विक्रम में स्कूल के समय से ही देश प्रेम प्रबल हो उठा। स्कूल में विक्रम शिक्षा के क्षेत्र में ही अव्वल नहीं थे, बल्कि टेबल टेनिस में अव्वल दर्जे के खिलाड़ी होने के साथ उनमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का भी जज्बा था। जमा दो तक की पढ़ाई करने के बाद विक्रम चंडीगढ़ चले गए और डीएवी कॉलेज चंडीगढ़ में विज्ञान विषय में स्नातक की पढ़ाई शुरू कर दी। इस दौरान वह एनसीसी के सर्वश्रेष्ठ कैडेट चुने गए और उन्होंने गणतंत्र दिवस की परेड में भी भाग लिया। उन्होंने सेना में जाने का पूरा मन बना लिया और सीडीएस (सम्मिलित रक्षा सेवा) की भी तैयारी शुरू कर दी। हालांकि विक्रम को इस दौरान हांगकांग में भारी वेतन में मर्चेन्ट नेवी में भी नौकरी मिल रही थी, लेकिन देश सेवा का सपना लिए विक्रम ने इस नौकरी को ठुकरा दिया। ■




कैप्टन विक्रम बत्रा
जन्म : 9 सितंबर, 1974
मृत्यु : 7 जुलाई, 1999

## अपनी बात

**गणेश** चतुर्थी के मौके पर देश के कई हिस्सों में गणपति की मूर्ति की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही भगवान गणेश को प्रसन्न करने के लिए लोगों ने व्रत भी रखा है। गणेश चतुर्थी का व्रत भगवान गणेश को समर्पित एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस व्रत को करने से गणपति बप्पा की कृपा प्राप्त होती है और सभी प्रकार के विघ्न दूर होते हैं। गणेश चतुर्थी का दिन भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान लोग अपने घरों, मंदिरों और इत्यादि जगहों पर भगवान गणेश की मूर्ति और प्रतिमा लाकर बड़े ही धूमधाम के साथ इस पर्व को मानते हैं। कहा जाता है कि भगवान गणेश को अपने घर लाने, उनकी पूजा-अर्चना करने से, व्यक्ति को जीवन में सफलता और समृद्धि मिलती है। वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा ।। आप सभी को विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के पावन पर्व गणेश चतुर्थी की अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान श्री गणेश हम सभी के जीवन से विघ्नों को हर कर अपनी असीम कृपा प्रदान करें. -रमना घणा

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# 'श्राद्ध' पारिवारिक कर्तव्य के रूप में पितृ ऋण से मुक्ति पाने का माध्यम

श्राद्ध भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। इसे पितरों (पूर्वजों) की आत्मा की शांति और संतुष्टि के लिए किया जाता है। श्राद्ध संस्कार का उल्लेख प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों जैसे कि वेद, पुराण, और स्मृतियों में किया गया है। इसे एक पारिवारिक कर्तव्य के रूप में देखा जाता है, जो पितृ ऋण से मुक्ति पाने का माध्यम है। वैसे तो पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म के लिए भारत में कई जगहें हैं, लेकिन फल्गु नदी के तट पर स्थित गया शहर का अपना विशेष महत्व है। वायु पुराण, गरुड़ पुराण और विष्णु पुराण में भी गया शहर का महत्व बताया गया है। इस तीर्थ पर पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है इसलिए गया को मोक्ष की भूमि अर्थात मोक्ष स्थली कहा जाता है।

गया शहर में हर साल पितृपक्ष के दौरान एक बार मेला लगता है, जिसे पितृपक्ष का मेला भी कहा जाता है। गया शहर हिंदुओं के साथ-साथ बौद्ध धर्म के लिए भी पवित्र स्थल है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सर्वपितृ अमावस्या के दिन गया में पिंडदान करने से 108 कुल और 7 पीढ़ियों का उद्धार हो जाता है और पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। साथ ही पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, इसलिए इस स्थान को मोक्ष स्थली कहा जाता है। पुराणों में बताया गया है कि प्राचीन शहर गया में भगवान विष्णु स्वयं पितृदेव के रूप में निवास करते हैं। गया के बारे में एक पौराणिक कथा के अनुसार गया में गयासुर नामक एक असुर ने कड़ी तपस्या की थी और ब्रह्माजी से वरदान मांगा था। गयासुर ने ब्रह्माजी से वरदान मांगा था कि उसका शरीर पवित्र हो जाए और लोग उसके दर्शन कर पाप मुक्त हो जाएं। इस वरदान के बाद लोगों में भय खत्म हो गया और पाप करने लगे। बड़े-बड़े पापी भी स्वर्ग पहुंचने लगे। पाप करने के बाद वह गयासुर के दर्शन करते और पाप मुक्त हो जाते थे। ऐसा होने से स्वर्ग और नरक का संतुलन बिगड़ने लगा। इन सबसे बचने के लिए देवतागण गयासुर के पास पहुंचे और यज्ञ के लिए पवित्र स्थान की मांग की। गयासुर ने अपना शरीर ही देवताओं को यज्ञ के लिए दे दिया और कहा कि आप मेरे ऊपर ही यज्ञ करें। जब गयासुर लेटा, तो उसका शरीर पांच कोस में फैल गया और यही पांच कोस आगे चलकर गया बन गया। गयासुर के पुण्य प्रभाव से वह स्थान तीर्थ के रूप में जाना गया। गया में पहले विविध नामों से 360 वेदियां थी, लेकिन अब केवल 48 ही शेष बची हैं। गया में भगवान विष्णु गदाधर के रूप में विराजमान हैं।



लेखक : . रवींद्र कुमार शर्मा
घुमारवीं, हिमाचल प्रदेश

गयासुर के विशुद्ध शरीर में ब्रह्मा, जनार्दन, शिव तथा प्रतिमाह निवास करते हैं। इसलिए पिंडदान व श्राद्ध कर्म के लिए इस स्थान को उत्तम माना गया है। हिंदू धर्म में मान्यता है कि हर व्यक्ति पर तीन प्रकार के ऋण होते हैं—देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण। श्राद्ध कर्म पितृ ऋण से मुक्ति का एक महत्वपूर्ण साधन माना जाता है। कोई नहीं बता सकता कि इसमें कितनी सच्चाई है अथवा इसे करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और वे मोक्ष की ओर अग्रसर होते हैं, लेकिन हिंदू धर्म में इसे किए बिना पितरों की मुक्ति नहीं हो सकती ऐसा माना जाता है। अत्रिसंहिता के अनुसार पुत्र, भाई, पौत्र (पोता), अथवा दौहित्र यदि पितृकार्य में अर्थात श्राद्धानुष्ठान में संलग्न रहें तो अवश्य ही परमगति को प्राप्त करते हैं। पितृ पक्ष में 16 दिनों तक श्राद्ध कर्म होते हैं। ऐसा माना जाता है कि जिस परिवार में किसी सदस्य का देहांत हो चुका है।

उन्हें मृत्यु के बाद जब तक नया जीवन नहीं मिल जाता तब तक वे सूक्ष्म लोक में वास करते हैं। ऐसा विश्वास है कि जो व्यक्ति श्राद्ध का आयोजन करता है, उसके परिवार में समृद्धि और शांति बनी रहती है। इसके विपरीत, जो श्राद्ध नहीं करते, उन्हें पितृ दोष का सामना करना पड़ता है, जिसके परिणाम स्वरूप परिवार में आर्थिक, मानसिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। श्राद्ध करना एक धार्मिक कर्तव्य भी है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है। यह हमारे पूर्वजों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका है और इससे हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहर की सुरक्षा और उसे आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है। श्राद्ध से जीवित व्यक्ति और उसके पूर्वजों के बीच एक आध्यात्मिक संबंध स्थापित होता है। यह अनुष्ठान उस कड़ी को मजबूत करता है, जो पितरों और उनके वंशजों के बीच होती है।

पुराने समय में श्राद्ध को बहुत साधारण तरीके से किया जाता था क्योंकि सबके पास संसाधनों का अभाव होता था, लेकिन अपनी सामर्थ्य के अनुसार सभी लोग अपने पितरों का श्राद्ध करते थे। आजकल देखादेखी में श्राद्ध का तरीका बदल गया है। दिखावा अधिक हो गया है। ऐसा भी देखा गया है कि जीते जी माता-पिता की सेवा नहीं की जाती तथा उनको सम्मानित जिंदगी जीने से वंचित रखा जाता है, लेकिन मरने के बाद लोकलाज के लिए तथा दिखावे के लिए लोगों को बुलाकर श्राद्ध किया जाता है। पुराने समय में श्राद्ध को सामूहिक भोज का आयोजन न करके केवल कुछ ब्राह्मणों को तथा जिसका श्राद्ध होता था उसके साथियों को व दोस्तों को बुलाकर भोजन करवाया जाता था तथा कौओं को भी दूध, चावल व खीर आदि परोसी जाती थी। उसके साथियों या दोस्तों को बुलाने के पीछे केवल उसके साथ जुड़ाव व आत्मीयता ही होती थी, जिनके शामिल होने से उसके साथ बिताए पलों के स्मरण करके दिवंगत को श्रद्धांजलि हो जाती थी। उसके साथ बिताए पलों के संस्मरण भी याद के रूप में ताजा हो जाते थे। उस समय श्राद्ध के दिनों में कौवे बहुत संख्या में घरों के आसपास आकर अपना भोजन ग्रहण करते थे, लेकिन आज हम अपने गांवों में देखते हैं कि श्राद्ध के दिनों में भी कौवे बहुत कम नजर आते हैं। श्राद्ध के लिए एक पवित्र और शांतिपूर्ण स्थान का चयन किया जाता है। इसे किसी भी दिन किया जा सकता है, लेकिन पितृ पक्ष (अश्विन मास के कृष्ण पक्ष) का समय विशेष रूप से शुभ माना जाता है।

इस दिन ब्राह्मण या आचार्य को आमंत्रित किया जाता है, जो श्राद्ध की प्रक्रिया को संपन्न करता है। श्राद्ध का पहला चरण तर्पण होता है। इसमें व्यक्ति अपने पितरों को जल अर्पित करता है। यह प्रक्रिया विशेष मंत्रों के साथ संपन्न होती है। जल में काले तिल, दूध, और कुशा (एक पवित्र घास) मिलाकर पितरों को अर्पित किया जाता है। तर्पण के दौरान, व्यक्ति का मुख दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए, क्योंकि इसे यम की दिशा माना जाता है। तर्पण के बाद पिंडदान किया जाता है। इसमें चावल, जौ, तिल, घी, और शहद के मिश्रण से बने पिंड (गोलाकार) बनाए जाते हैं

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# हर स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए रक्तदान

जैसे कहा भी जाता है कि मानवता से बढ़कर कोई धर्म नहीं और निस्वार्थ सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं माना जाता, आज हम एक ऐसे महत्वपूर्ण और श्रेष्ठ सेवा भाव का जिक्र करना चाहेंगे, जिनकी महत्वता कदाचित इनसे भी बढ़कर मानी जाती है। वह खास सेवा है रक्तदान (महादान) जिस सेवा का कोई विकल्प नहीं माना जाता है और समय-समय पर अनेक बुद्धिजीवियों एवं धार्मिक विद्वानों द्वारा संसार में जिसके बारे में जागरूकता एवं महत्वता बताई जाती है।



लेखक : हेमराज राणा
सिरमौर

रक्तदान करके हम अनेक व्यक्तियों की जान सुरक्षित कर सकते हैं, हमारे देश-प्रदेश में न जाने कितने मरीज रक्तदान के अभाव में अपनी अनमोल जाने गंवा बैठते हैं, तो वहीं दूसरी ओर चिकित्सक अनुसार एक स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम दो बार जरूर रक्तदान करना चाहिए। जिससे हमारे शरीर में रक्तचाप भी सुचारु रूप से चलता है और हम किसी न किसी व्यक्ति की रक्त के अभाव में जीवन को भी बचा सकते हैं, बल्कि एक जीवन ही नहीं बल्कि परिवार को सलामत रख सकते हैं,क्योंकि अगर कोई घर का मुखिया ही रक्त के अभाव में उसका जीवन खतरे में है, तो निसंदेह पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति विपरीत और सबसे बड़ी चुनौती बन जाती है।

परिवार की परवरिश करने वाले व्यक्ति के साथ पूरा परिवार जुड़ा रहता है। इस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों और समाज में समय-समय पर विभिन्न सामाजिक संस्थाएं एवं संबंधित विभाग द्वारा रक्तदान शिविरों के आयोजन होते रहते हैं। जिसमें जागरूक और समाजसेवी लोग बढ़-चढ़कर साल में एक या दो बार रक्तदान करते हैं और अन्य लोगों को भी जागरूक करते हैं और वह कही न कही समाज के लिए प्रेरणा स्रोत भी मानें जाते हैं, जबकि समाज में आम लोगों की एक यह भी धारणा रहतीं हैं कि रक्तदान करने से कमजोरी और डर बना रहता है।

जो कि चिकित्सकों के अनुसार इस प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं होती, शर्त एक मानी जाती है कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति पूर्णता स्वस्थ होना चाहिए, उनमें किसी प्रकार का चिकित्सक अनुसार रोग नहीं होना चाहिए अर्थात रक्त की मात्रा उचित मात्रा में होनी चाहिए, इस प्रकार हम सभी का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम सभी समय-समय पर मानवता और अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रक्तदान करने का प्रयास करते रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## कुवलय

डॉ. राजीव डोगरा



*कला का पुरस्कार*
*अब मिलता नहीं है।*
*चित्र-विचित्र होकर भी*
*कोई बिकता नहीं।*
*घर की वापसी*
*अब कोई करता नहीं।*
*प्रजातंत्र के लिए*
*कोई लड़ता नहीं।*
*सभ्यता व संस्कृति से*
*अब कोई डरता नहीं।*
*श्रमिक के लिए किसी से*
*कोई भिड़ता नहीं।*
*अमल-धवल महामानव*
*अब कोई मिलता नहीं।*
*निदाग कुवलय सा शख्स*
*कोई दिखता नहीं।*

# लोकतंत्र को कमजोर करती है वोटों की खरीद-फरोख्त

लोकसभा चुनावों में तीसरी बार अपनी नैया पार लगाने को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी महालक्ष्मी गारंटी कार्ड योजना अब उल्टा उसके गले की फांस बन रही है। हिमाचल प्रदेश भाजपा इस मुद्दे को बुनाने की रणनीति पर काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनावों में बहुमत हासिल करती, तो अवश्य ही देश की करोड़ों गरीब महिलाओं के खातों में एक जुलाई से खटाखट पैसे आना शुरू हो जाने थे। गनीमत यह कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन बेशक भाजपा 400 पार का आंकड़ा विफल करने में कामयाब बनी है। अब हालात ऐसे बनते जा रहे है कि महिलाएं महालक्ष्मी गारंटी कार्ड लेकर कांग्रेस पार्टी कार्यालयों का दरवाजा खटखटा खड़का रही हैं। कांग्रेस पार्टी तीसरी बार भी लोकसभा चुनावों में सेंचुरी नहीं बना पाई है।

कांग्रेस का आगामी लोकसभा चुनावों में क्या विकल्प रहेगा, आगामी भविष्य ही बताएगा। मीडिया रिपोर्ट अनुसार उत्तर प्रदेश, बंगलुरु में विशेषकर मुस्लिम महिलाएं महालक्ष्मी गारंटी कार्ड लेकर पैसों के लिए रोजाना कांग्रेस कार्यालयों में दस्तक दे रही हैं। महिलाओं का तर्क वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने आश्वासन दिया था कि वह कांग्रेस पक्ष में अपना मतदान करने पर उनके खाते में 1 जुलाई से 8,500 रुपए आना शुरू हो जाएंगें। महिलाएं अपने बच्चों को घर छोड़कर महालक्ष्मी गारंटी योजना का कार्ड हाथों में लेकर कांग्रेस पार्टी कार्यालयों के समक्ष अपनी धोखाधड़ी की व्यथा मीडिया को सुना रही हैं। कांग्रेस वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावी सभाओं में ऐलान किया था कि देश में कांग्रेस सरकार बनते ही करोड़ों महिलाओं के बैंक खातों में 1 जुलाई से 8,500 रुपए प्रत्येक महीने जादुई तरीके से खटाखट आना शुरू हो जाएंगें। यही नहीं खटा खट का यह क्रम निरंतर जारी रहकर महिलाओं के खातों में एक साल का एक लाख रुपए जमा किया जाएगा। लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन की तमाम चाल सफल बनी, मगर महालक्ष्मी गारंटी कार्ड योजना उल्टा उसके लिए मुसीबत बन चुकी है।



लेखक : सुखदेव सिंह
नूरपुर ( कांगड़ा )

राहुल गांधी लोक सभा चुनावों में बहुत बड़े चाणक्य बनकर उभरे, जनता को संविधान खतरे में बताकर उनका मत लेने में कामयाब बने। कांग्रेस पार्टी कार्यालयों में गारंटी पैसे लेने को लेकर जाने वाली महिलाओं को कौन समझाए कि कांग्रेस पार्टी को सरकार बनाने का बहुमत नहीं, इसलिए उन्हें सन 2029 का इंतजार करना होगा। राहुल गांधी ने गरीब महिलाओं को चुनावी रैलियों में विश्वास इस कदर मजबूत बंधाया कि उनके बैंक खातों में एक जुलाई से पैसे खटा खट आने शुरू हो जाएंगें। एक जुलाई गुजर गई, मगर महिलाओं के बैंक खातों में एक पाई तक नहीं आई है। कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी महालक्ष्मी गारंटी कार्ड जरिए मुस्लिम गरीब महिलाओं ने उनके पक्ष में किया मतदान क्या समझा जाए? महिलाओं के साथ की गई धोखाधड़ी मानी जाए, यह तय करना देश के चुनाव आयोग का काम है।

नोट फार बोट मांगने की अनुमति चुनाव आयोग देता, इसका संशय बरकार है। मतदान गुप्त किया जाता और जिस तरह महिलाएं अपने साथ हुई ठगी की दास्तान सुना रही, यह सुखद संकेत नहीं है। गरीब महिलाओं की भवनाओं से खिलवाड़ करके उनसे अपनी पार्टी पक्ष में मतदान करवाना सफल लोकतंत्र के लिए घातक है? कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र खतरे में बताकर केंद्र सरकार के खिलाफ मुद्दा बनाया था। महालक्ष्मी योजना गारंटी कार्ड उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने इस कदर वितरित किया कि गरीब महिलाएं कांग्रेस पार्टी के वहकावे में फंसकर रह गई हैं। महालक्ष्मी गारंटी कार्ड योजना का कार्ड लेकर महिलाएं, जिस तरह पार्टी कार्यालयों समक्ष धावा बोल रही, उससे पार्टी की साख धूमिल हुई है। कांग्रेस पार्टी लगातार भाजपा मबले लोकसभा चुनावों में 200 सीटों का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है।

भाजपा ने 241 सीटें जीतकर अपने सहयोगी दलों से मिलकर अपना सन 2019 का आंकड़ा जुटाकर केंद्र में अपनी तीसरी बार सरकार बनाने में सफलता पाई है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता भाजपा के खिलाफ कई टिप्पणियां करके दिल को तस्सली दे रहे हैं। सन 2029 में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस पास क्या विकल्प रहेगा, इस पर मंथन करना जरूरी है। इंडिया गठबंधन बनाकर भी 223 सीटों तक पहुंचना बहुत ही शर्मनाक बात है। हिमाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 15 सौ रुपए प्रत्येक महीने दिए जाने को लेकर की गई घोषणा उपरांत सुख की सरकार बनाई थी। सुख की सरकार ने 20 महीनों तक महिलाओं के खातों में एक पाई नहीं डाली। राहुल गांधी ने हिमाचल प्रदेश में हुई चुनावी रेलियों में करोड़ों गरीब महिलाओं के खाते में एक साल का एक लाख रुपए डाले जाने का उन्हें सब्जबाग दिखाया। हिमाचल प्रदेश के ख़ासकर महिलाएं सजग निकली जो समझ गई कि कांग्रेस पार्टी ने फिलहाल पुरानी घोषणा को अमलीजामा नहीं पहनाया, तो आगामी एक लाख रुपए जादुई तरीके से आने की क्या गारंटी रहेगी। राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों में कई योजनाएं लागू किए जाने का दावा किया जाता है। चुनाव अपने पक्ष में लिए जाने के लिए महिला मतदाताओं को 8,500 रुपए का प्रलोभन दिया जाना क्या सही है? कांग्रेस नेताओं ने विधानसभा चुनावों की बेला पर दावा किया कि प्रत्येक महिला को एक महीने का 15 सौ रुपए उसके खाते में डाला जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ईश्वर ने ही जन्म दिया, ईश्वर ही प्राण लेता है, ईश्वर ही सत्य है

क्या फांसी की सजा कुकर्मों का फल है बिल्कुल नहीं ईश्वर ने जन्म दिया है ईश्वर ही प्राण ले सकता है। अपराध करने वाले को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, लेकिन जिसे ईश्वर ने बनाया, उसे हम नहीं मिटा सकते मेरे अनुसार उम्रकैद की सजा अन्य बहुत से देशों में वो ही उचित लगता है, क्योंकि कोई जेल से अपराधी घटना को अंजाम नहीं दे सकता है यदि ऐसा सुनने को मिलता है, तो यह प्रशासन की कमी की वजह से है। अपराध भी प्रशासन की खामी है। हमें भारत जैसे देश में जहां भगवान राम पैदा हुए और मानवता का संदेश दिए और उन्होंने अहिल्या को जो किसी साधु के श्राप से पत्थर बन गई।

प्रभु के चरण पकड़ते ही जिंदा हो गई फांसी की सजा में थोड़ा मैं संशय में हूं। इसलिए एक अपराधी है और मौत का बदला मौत, लेकिन यदि क़ोई बेगुनाह हुआ तो क्या होगा यह एक प्रश्नचिन्ह है। आदमी कभी मरता नहीं एक झटका आया और शरीर से प्राण निकल गए, लेकिन आत्मा कभी मरती नहीं जो कष्ट होता है एक बार फिर बाद में वह मौत यानी एक गहरी निद्रा होती है, जहां वह संजीव से निर्जीव हो जाता है। कई शोध हुए मृत्यु और जीवन को लेकर, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी इस पहेली को सुलझा नहीं पाए। जब क़ोई डॉक्टर अपने जीवन के बारे में नहीं जान सकता, तो दूसरे के जीवन को कुछ समय के लिए ठीक तो कर देता है, लेकिन उसकी बची हुई, सांसे कब तक चलेगी यह सिर्फ प्रभु राम के हाथ में है, लेकिन एक गजब पहेली देखिए, वैज्ञानिक अभी भी यह आस लगाएं बैठे हैं कि मौत के बाद जिंदगी मिल सकती है। इसलिए अमेरिकी अरबपतियों ने अनंत जीवन के लिए क्रायोनिक्स पर दांव लगाया। भविष्य के लिए ठंड अमेरिकी अरबपतियों ने अनंत जीवन के लिए क्रायोनिक्स पर दांव लगाया गया। अभी तक, 5,500 व्यक्तियों ने क्रायोजेनिक संरक्षण की योजना बनाई है, और 500 शव वर्तमान में भंडारण में हैं ।



लेखक : .संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार


यह सब की निगाहें संजीवनी बूटी पर टिकी कि शायद भविष्य में क़ोई ऐसी दवा मिल जाए, जिससे मरे हुए, लोगों को जिंदगी मिल जाए क्रायोनिक्स एक क्रांतिकारी प्रक्रिया है जिसमें मानव शरीर को अत्यंत कम तापमान पर संरक्षित किया जाता है, ताकि उनकी अखंडता तब तक बनी रहे, जब तक कि चिकित्सा प्रगति संभावित रूप से उन्हें पुनर्जीवित और ठीक न कर दे। विट्रीफिकेशन के रूप में जानी जाने वाली इस प्रक्रिया में शरीर के रक्त को बर्फ के क्रिस्टल के निर्माण को रोकने के लिए एक विशेष घोल से बदलना शामिल है, जो कोशिकाओं और ऊतकों को नुकसान पहुंचा सकता है। फिर शवों को तरल नाइट्रोजन से भरे विशेष कंटेनरों में संग्रहित किया जाता है, और -196 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर जमाया जाता है। क्रायोप्रिजवर्ड शवों को पुनर्जीवित करने की व्यवहार्यता एक विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। वर्तमान चिकित्सा विज्ञान में इस प्रक्रिया को उलटने या होने वाली सेलुलर क्षति की मरम्मत करने की तकनीक का अभाव है।

हालांकि, क्रायोनिक्स के समर्थक आशावादी हैं कि नैनोटेक्नोलॉजी और पुनर्योजी चिकित्सा में भविष्य की सफलताएं पुनरुद्धार को संभव बना सकती हैं। एम्स राजकोट में एनाटॉमी विभाग का सुझाव है कि भविष्य की प्रगति संरक्षण-प्रेरित क्षति और मृत्यु के अंतर्निहित कारणों की मरम्मत को सक्षम कर सकती है, हालांकि यह अटकलें ही हैं,क्योंकि जीवन एक बार नष्ट हो गया, तो संसार का क़ोई भी संत, डॉक्टर जिंदा नहीं कर सकता है, क्योंकि यदि यह क्रम रहा तो क़ोई मरेगा ही नहीं और फिर नए बच्चे पैदा होंगे और जनसंख्या में अचानक बहुत तेजी से बढ़ जाएगा। जिससे लोग भूखे ही मर जाएंगे ईश्वर ने बहुत सोच समझ कर इस सृष्टि को बनाया है। अतः किसी मुसीबत से डरिये नहीं सामना करे, यदि मौत आ भी गई तो ईश्वर आपके साथ न्याय अवश्य करेगा।

हां एक बात है यहां घमंड मत करना नहीं तो अनावश्यक आप दुस्टो व नालायक की श्रेणी में आ जाएंगे और वैसा ही स्वभाव रहा तो क़ोई आपसे बात नहीं करेगा। अकेले आए हैं अकेले जाएंगे। कुछ लेकर ही संसार से नहीं जाना है तो घमंड करना ठीक नहीं होता है। आपके लिए मौत कष्टदाई होता है, लेकिन जो संसार के मोहमाया के बंधनों से मुक्त है, उसके लिए एक आनंददायक समय होता है, जो ईश्वर के प्रेम में रो रोकर हसीं ख़ुशी इस दुनिया से अलविदा लेता है और ऐसा कर्म करता है कि लोग उसे जीवनभर याद रखते हैं। मृत्यु के बाद भी जीवन है जो आपके किए गए कर्मों के आधार पर मिलता है। मरना जीना एक प्रक्रिया है जो ईश्वर के हाथ में है। उसे ही सबसे बड़ा न्यायकारी मानकर हमें अच्छे कर्म करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098











मणिमहेश यात्रा के लिए देशभर से श्रद्धालु आ रहे हैं। भोले बाबा के दर्शन पाने के लिए उनका उत्साह गजब का है। लोग मीलों ट्रैफिक जाम से निकलकर कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद मणिमहेश की पवित्र झील तक पहुंच रहे हैं। प्रशासन और लोगों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह लंगर लगाए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा कर्मी तैनात किए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### उघराल में भालू के आने से लोगों में डर का माहौल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** विकासखंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुखरी के गांव उघराल में आयदिन जंगली भालू के दिखाने से लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उघराल गांव के लोगों ने अपने सीसीटीवी कैमरा के जरिए इस चीज की पुष्टि की है की जंगली भालू आए दिन उनके घरों के आसपास चक्कर लगा रहा है। इस बारे ग्राम वासियों ने वन विभाग को सूचित कर दिया है। बता दें की बीते कुछ समय पहले उगल गांव के ही एक युवक को जंगली भालू ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया था जो अभी भी उपचाराधीन है। तो वही इस बारे में जब ग्राम पंचायत पुखरी की प्रधान बीना देवी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गांव के आसपास लगातार जंगली भालू का दिखाना कभी भी खतरनाक हो सकता है क्योंकि गांव उघराल में पहले भी एक बार भालू का हमला हो चुका है इसलिए ग्रामवासी तो एहतियात बरत ही रहे हैं। किंतु अब विभाग की जिम्मेदारी है कि वह इस पर कोई उचित कार्रवाई करें ताकि गांव वासियों के दिलों में बैठा जंगली भालू का डर से निजात मिल सके।

### बट्ट कॉलेज में 15 को लगेगा निशुल्क चिकित्सा शिविर

**मुकेश कुमार, डलहौजी।** बट्ट कॉलेज आफ नर्सिंग बोंखरी मोड़(बाथरी) में कैपिटल



अस्पताल जालंधर के सौजन्य से 15 सितंबर को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटस के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने उक्त आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर को बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग बोंखरी मोड़ में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले निश्शुल्क चिकित्सा शिविर में कैपिटल अस्पताल जालंधर के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा दिल के रोग, कैंसर, हड्डियों व जोड़ों के रोग सहित जनरल मैडिकल जांच की जाएगी। वहीं शिविर दौरान मरीजों के ब्लड शुगर, इसीजी व ब्लड प्रेशर इत्यादि टेस्ट भी निश्शुल्क किए जाने सहित मरीजों को आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की जाएंगी। बट्ट ने क्षेत्रवासियों से इस शिविर का बढ़-चढ़कर लाभ उठाने की अपील की है।

### ठाकुर गोकल सिंह की मनाई जयंती



**अनंत ज्ञान, मंडी।** महादेव में स्वतंत्रता सेनानी और समाज सेवी ठाकुर गोकल सिंह की जयंती कैप्टन सेनी सेवक सिंह की अध्यक्षता में गरिमा पूर्ण ढंग से मनाई गई। जयंती समारोह में प्रसिद्ध पहलवान जितेंद्र सिंह ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने बच्चों को खेलों की ओर प्रेरित करने का आह्वान किया। समाजसेवी एल आर चौहान ने गोकल सिंह की राह अपनाने का आग्रह किया।

आयोजन की अध्यक्षता कर रहे कैप्टन सेवक सिंह ने कहा कि मातृशक्ति नशे के खिलाफ समाज को चैतन्य करें।अपने स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिखाए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने कोयला माता महिला मंडल महादेव को पांच हजार रुपए की राशि भेंट की। महिला मंडल प्रधान सोमादेवी ने अपने वक्तव्य में महिला मंडल की ओर से नशे के खिलाफ पूरा-पूरा सहयोग देने का वचन दिया। उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों का पंजीकरण अनिवार्य करके उनकी सही जानकारी के बाद ही उन्हें रिहायश दी जानी चाहिए। शराबी, महिलाओं को घूरने वाले प्रवासियों की शिकायत पुलिस में की जानी चाहिए। जयंती समारोह के संयोजक कृष्ण चंद्र महादेविया ने सभी का स्वागत और धन्यवाद किया। उन्होंने नशेड़ी प्रवासियों पर नजर रखने का परामर्श दिया।

# दो दिन बाद हेलि टैक्सी सेवाएं शुरू

**ओपी शर्मा, भरमौर**

पड़ोसी राज्य जम्मू से भरमौर हेलीपैड में पहुंची छड़ी के मणिमहेश रवाना होने के बाद रविवार को एक बार फिर से हेलि टैक्सी सेवाएं शुरू हो गई है। पिछले दो दिनों तक भरमौर का हेलीपैड पड़ोसी राज्य जम्मू से आए शिव भक्तों के रुकने के दौरान यहां से हेलिकॉप्टर की उड़ाने बंद कर दी गई थी। लेकिन रविवार को छड़ी के मणिमहेश के लिए रवाना हो जाने के बाद हेली टैक्सी सेवा शुरू कर दी गई है। जिसके बाद पिछले कई दिनों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हेली टैक्सी के जरिए मणिमहेश जाने वाले श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली है।



रविवार को मौसम के साफ होने के बाद दोनों हेलि टैक्सी द्वारा यात्रियों को गौरीकुंड पहुंचाया गया। इस दौरान हेलि टैक्सी के जरिए मनी महेश पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की काफी लंबी तादाद लगी रही। दोपहर बाद मणिमहेश में फिर से एकाएक बादल छा जाने के बाद कुछ देर तक हेलि टैक्सी की उडानों को रोका गया लेकिन फिर मौसम के एक साफ होने के बाद लगातार यात्रियों को गौरीकुंड पहुंचाया गया।

गौरतलब है हर वर्ष जम्मू-कश्मीर से आने वाले शिव भक्तों के लिए दो दिन तक भरमौर हेलिपैड को खाली रखा जाता है। इस दौरान दो दिनों तक जम्मू से आए आने वाले शिव भक्त व उनकी छड़ी यहां पर रूक कर शिव भक्ति करते हैं और दो दिन पूजा अर्चना करने के बाद मनीमहेश के लिए रवाना होते हैं। लिहाजा इस दौरान दो दिनों के लिए हेलिकॉप्टरों को बंद रखा जाता है।(अनंत ज्ञान)

### दशनामी अखाड़ा की पवित्र छड़ी मणिमहेश के लिए रवाना

दशनामी अखाड़ा की पवित्र छड़ी भरमौर चौरासी प्रांगण में स्थित श्री जय कृष्ण गिरी जी के मंदिर से रविवार को मणिमहेश के लिए रवाना हो गई है। इस छड़ी को रवाना करने के वक्त पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। गौरतलब है यह छड़ी चंबा के दशनामी अखाड़े से 4 सितंबर को चली थी। शनिवार को यह छड़ी भरमौर पहुंची जहां पर इस छड़ी के पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। रविवार को यह छड़ी हड़सर में रात्री ठहराव करेगी और सोमवार सुबह, धन छो के लिए रवाना होने के बाद रात्रि ठहराव के बाद दस सितंबर को डल झील पहुंचेगी।

## मणिमहेश यात्रा को लेकर प्रशासन ने किया अच्छा इंतजाम : ब्रह्मानंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्रह्मानंद ठाकुर ने मणिमहेश यात्रा के दौरान प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों पर खुशी जाहिर की है। इसके लिए उन्होंने कार्यकारी एडीएम कुलबीर सिंह राणा को बधाई देते हुए कहा है की यात्रा को सफल करवाने में प्रशासन ने अपनी ओर से कोई भी कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी है। उन्होंने मणिमहेश यात्रा के दौरान पुख्ता प्रबंधन को लेकर उपायुक्त चंबा व पुलिस अधीक्षक चंबा का भी आभार व्यक्त किया है और कहा है कि इस यात्रा के दौरान लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से मेंटेन रहा है। ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा कि इस यात्रा की सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू स्वयं आला अधिकारियों से रोज रिपोर्ट तलब कर रहे हैं।



गौरतलब है कृष्ण जन्माष्टमी के दिन यहां पर लोगों को भारी जाम का सामना करना पड़ा था जिसके बाद प्रशासन ने इससे सबक लेते हुए हर जगह पर स्थानीय जवानों को तैनात करके यातायात व्यवस्था को सुचारु करने का प्रबंध किया है। तो वहीं पर इस बार मणिमहेश यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूरे 84 परिसर व सरकारी कार्यालय को भी दुल्हन की तरह सजाया गया है। प्रशासन की इस पहल की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा है कि इस पहल के चलते यहां पर जो भी श्रद्धालु व पर्यटक आए हैं अच्छी यादें यहां से लेकर जाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भविष्य में इस यात्रा को और आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा और कठोर कदम उठाए जाएंगे।

ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा कि इस बार अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु के आने के बावजूद भी मणिमहेश न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष ने बहुत बड़ी तरीके से यात्रा को मैनेज किया है। ब्रह्मानंद ठाकुर ने मुख्यमंत्री व प्रशासन से भविष्य में इस यात्रा के सफल आयोजन व इसे और आगे बढ़ाने के लिए मास्टर प्लान बनाने की भी मांग की है ताकि यह यात्रा अधिक से अधिक बढे और स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने सरकार से होली वाया क्लाह और वाया परिक्रमा में भी और सहूलियतें बढ़ाने की मांग की है।

## जम्मू-कश्मीर में है माता पार्वती का मायका : पन्ना लाल

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जब से भगवान शिवजी की शादी हुई है तब से हमारे पूर्वज मणिमहेश यात्रा पर आ रहे, जिस परंपरा को हम आज भी निभा रहे हैं। महंत पन्ना लाल ने बताया कि हम माता पार्वती को अपना मानते हैं, यानी हम माता पार्वती के मायके पक्ष से हैं। माता पार्वती का मायका जम्मू-कश्मीर में बताया जाता है। जिसके बाद बुजुर्गों की कथा अनुसार हम यहां भोलेनाथ और माता पार्वती को निमंत्रण देने आते हैं, इसलिए वहां से नंगे पाव आते है



तथा उनकी इस यात्रा का जम्मू-कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश की दोनों सरकारें उचित प्रबंध करती हैं।

जब हम अपने घरों से बाहर निकलते हैं तो सभी प्रकार की आधुनिक सुख सुविधाओं का त्याग कर निकलते हैं। वहीं श्री मणिमहेश यात्रा पर आए डोडा जिला के सैकड़ों शिव भक्ति ने भरमौर चौरासी प्रांगण में अपने पौराणिक वाद्य यंत्रों की धुनों पर जमकर नृत्य किया। महंत पन्ना लाल एवं जगदीश ठाकुर की अगुवाई में यात्रियों के दोनों दलों ने चौरासी परिक्रमा के बाद अपनी अपनी छड़ियों सहित मणिमहेश के लिए प्रस्थान किया।

### 'द चेन ऑफ यूथ' बनीखेत ने लगाया भंडारा




भंडारे के दौरान मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

आज बनीखेत पेट्रोल पंप के साथ लगते एनएच 154ए पर 'द चेन ऑफ यूथ' बनीखेत के सौजन्य से पांचवा वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें मणिमहेश आने और जाने वाले श्रद्धालुओं को भोजन रूपी प्रसाद खिलाया गया, साथ ही गरम चाय पकौड़े भी श्रद्धालुओं को परोसे गए।

इस आयोजन को लेकर 'द चेन आफ यूथ' के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि पीछे 4 वर्षों से लगातार मणिमहेश यात्रियों के लिए भव्य लंगर का आयोजन होता आ रहा है इस वर्ष भी पांचवा लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों एवं समस्त सदस्यों ने ने बड़े ही सेवा भाव से आने जाने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद रूपी भोजन एवं चाय पकौड़े इत्यादि खिलाए गए।

### नशीली दवाइयों का रिकार्ड न रखने पर 6 दुकानें सील

**चंबा।** नशीली दवाइओं से संबंधित रिकॉर्ड न रखने वाले दवा विक्रेताओं के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। अनियमितताओं पर विभाग ने जिले में 6 दुकानों को सील करवा दिया है। इसके अलावा 40 दवा विक्रेताओं को नोटिस भी जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सहायक दवा नियंत्रक धर्मशाला की अगुवाई में अमल में लाई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिला मुख्यालय चम्बा सहित सरोल व भरमौर में दवाइयों की दुकानों में दबिश दी।

इस दौरान दस्तावेजों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर 4 दवा विक्रेताओं के 7 दिन के लिए लाइसैंस निलंबित किए गए।

## मणिमहेश यात्रा पर आए दंपती के बच्चे का सिर रेलिंग में फंसा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**स्थानीय लोगों ने रेलिंग काट सुरक्षित बचाया बच्चा**

रविवार को भरमौर में मनीमहेश यात्रा के दौरान यात्रा पर आए एक परिवार का बच्चा खेलते खेलते अचानक रेलिंग के बीच में फंस गया। घटना को देखते ही आसपास के लोग तुरंत हरकत में आए और बच्चे को बचाने के लिए प्रयास शुरू किए।



बच्चे के सिर को निकालते हुए लोग।

स्थानीय लोगों ने अपनी सूझबूझ और तत्परता का परिचय देते हुए सीमेंट की रेलिंग को तोड़कर बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस बचाव कार्य की घटना को किसी ने वीडियो में कैद कर लिया जो कि सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाया गया है कि छोटा बच्चा सीमेंट की रेलिंग में अपना सिर फंसा कर रो रहा था।

इस दौरान पहले बच्चे को उसी जगह से निकलने का प्रयास किया गया जहां से उसने अपना सिर फंसाया था, लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी उसके सिर को बाहर नहीं निकाला गया। उसके तुरंत बाद लोगों ने सीमेंट की रेलिंग को तोड़कर बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उक्त परिवार मणिमहेश यात्रा पर आया था और किराए के कमरे में रुका था। इस दौरान बच्चे ने खेलते-खेलते अपना सिर रेलिंग में फंसा दिया। बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद उसके माता-पिता व स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

# हिमाचल में भाजपा के बनाए जाएंगे 16 लाख सदस्य : जयराम

## भाजपा की सदस्यता अभियान को गति देने के लिए समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन, कार्यकर्ताओं को दिए जरूरी टिप्स

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में भाजपा की सदस्यता अभियान को गति देने के उद्देश्य से रविवार को एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

गौर रहे कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा की सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया था। ऐसे में हिमाचल प्रदेश में भी इस अभियान को तेज गति से आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। रविवार को कुल्लू पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कुल्लू में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में भाग लिया और साथ ही सभी सदस्यों को नए सदस्य बनाने को लेकर जरूरी टिप्स दिए। इस अवसर पर जयराम ने कहा कि पूरे हिमाचल में 16 लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसको ध्यान में रखकर कुल्लू जिले में भी कार्यकर्ताओं से बैठक की गई है और उन्हें भी डिजिटल माध्यम से भाजपा के सदस्यों को जोड़ने को लेकर जानकारी दी गई। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ने कहा कि लगातार भाजपा के परिवार का कुनबा बढ़ता जा रहा है और इस बार पूरे देश मे 10 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार देश तरक्की कर रहा है।

ऐसे में युवा वर्ग और सेवानिवृत्त हो चुके लोग भी अब भाजपा की सदस्यता को ग्रहण कर रहे हैं, जिसके चलते अब डिजिटल माध्यम से नमो ऐप के द्वारा लोगों का पंजीकरण किया जा रहा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश भी इसमें अपने भूमिका निभा रहा है, जिसके चलते सदस्यता अभियान को बढ़ावा देने और कार्यकर्ताओं को इसमें कैसे जोड़ना है इस बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल, भाजपा नेता नरोत्तम ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





भाजपा की समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

## 11 परीक्षा केंद्रों में 1,988 अभ्यर्थियों ने दी एलाइड की परीक्षा



**कुल्लू।** जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को आयोजित एलाइड की परीक्षा में 1,988 अभ्यर्थियों ने एलाइड की परीक्षा दी। अभ्यर्थियों की भारी संख्या को देखते हुए 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसके साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी किए गए। एलाइड परीक्षा के लिए राजकीय महाविद्यालय कुल्लू, शहीद बालकृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र विद्यालय कुल्लू, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय सुल्तानपुर, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शमशी, जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायसन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मौहल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बजौरा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराई में एक-एक और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुंतर में दो परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। इस अवसर पर एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि रविवार को 1,988 अभ्यर्थियों ने दी एलाइड की परीक्षा में उपस्थिति दर्ज करवाई।

### क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आगजनी की घटना से मचा हड़कंप

## 20,000 की संपत्ति का हुआ नुकसान

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में आगजनी की घटना का मामला सामने आया है। कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में आगजनी की घटना शनिवार देर रात को घटित हुई, जिस कारण कुछ देर के लिए अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

जिला मुख्यालय के साथ लगते सरवरी में स्थित अग्निशमन विभाग में शनिवार को रात 8:59 पर क्षेत्रीय अस्पताल में हुई आगजनी की घटना के बारे में सूचना दी गई। आगजनी की घटना मिलते ही दमकल कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए दमकल दस्ते को घटनास्थल के लिए रवाना किया। दमकल कर्मियों ने क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचते ही आग पर काबू करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय अस्पताल में आगजनी की घटना अल्ट्रासाउंड के कक्ष के साथ लगते इलेक्ट्रिशियन के रूम में घटित हुई। हांलाकि इस पूरे मामले में किसी को भी कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। क्षेत्रीय अस्पताल में हुई आगजनी की घटना में करीब 20,000 की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, जिसमें इलेक्ट्रिशियन के सामान, तारें और बिस्तर के साथ-साथ अन्य चीजें शामिल हैं। दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई के कारण करीब 5 करोड़ की संपत्ति को बचाने में कामयाबी हासिल हुई है। हांलाकि आगजनी की घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। अग्निशमन विभाग कुल्लू के एसडीओ प्रेम सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में अज्ञात कारणों से आगजनी की घटना घटी थी, जिस पर दमकल कर्मियों ने मुस्तेदी के कार्य करते हुए आग पर काबू पा लिया है और इस पूरे मामले में किसी को कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)



आगजनी की घटना के दौरान आग पर काबू पाने की कोशिश करते हुए दमकल कर्मी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 7 व सहायिकाओं के 8 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**25 को एसडीएम कुल्लू के कार्यालय में होंगे साक्षात्कार**

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

बाल विकास परियोजना अधिकारी कुल्लू गजेंद्र ठाकुर ने सूचित किया है कि परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 7 व आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 8 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 7 पद इस प्रकार से हैं भलाण पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र पालगी, पंचायत फलान के आंगनबाड़ी केंद्र डी फलान, पंचायत भलयाणी के आंगनबाड़ी केंद्र भलयाणी, पंचायत छलाल के आंगनबाड़ी केंद्र गोहर, गाडगी नगर परिषद कुल्लू के आंगनबाड़ी केंद्र ढालपुर, पंचायत बराधा के आंगनबाड़ी केंद्र बराधा व अप्पर रशोल में एक-एक पद विज्ञापित किए गए हैं। इसी प्रकार से आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 8 पद इस प्रकार से हैं- पंचायत ज्येष्ठा के आंगनबाड़ी केंद्र जेयष्ठा, पंचायत बस्तोरी के आंगनबाड़ी केंद्र नथान, नगर पंचायत भुंतर के आंगनबाड़ी केंद्र शमशी, पंचायत डुगीलग के आंगनबाड़ी केंद्र छुरला, पंचायत रैला के आंगनबाड़ी केंद्र शरन-ı, पंचायत तलाड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र तलाड़ा व पंचायत मानगढ़ के आंगनबाडी केंद्र दौघरी और तियून में एक-एक पद विज्ञापित किए गए हैं, जिसे भरे जाने के लिए पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन सादे कागज पर परियोजना कार्यालय, कुल्लू में 23 सितंबर तक आमंत्रित हैं। साक्षात्कार 25 सितंबर को एसडीएम कुल्लू के कार्यालय में सुबह 11 बजे लिए जाएंगे। कार्यकर्ता व सहायिका के लिए सम पात्रता शर्तों में प्रार्थी आवेदित केंद्र के फीडिंग क्षेत्र की हो व साक्षात्कार की निश्चित तिथि 25 सितंबर तक 18 से 35 वर्ष की आयु सीमा में हो। इसके साथ ही प्रार्थी के परिवार की वार्षिक आय 50000 रुपए से अधिक न हो।

## पीटीए के प्रधान बने वीरेंद्र शर्मा



कुल्लू कॉलेज में आयोजित पीटीए की आमसभा में चुने गए नई कार्यकारिणी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

जिला मुख्यालय में स्थित राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में रविवार को अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) की आमसभा का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित इस आमसभा में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति के साथ किया गया।

इस अवसर पर पीटीए चेयरमैन डॉ. मनदीप शर्मा ने बताया कि नई कार्यकारिणी में वीरेंद्र शर्मा को प्रधान, राकेश गुलेरिया को उपप्रधान, मोहन बाली को संयुक्त सचिव, प्रो. सोम किशन को सचिव, बुद्धि सिंह को खजांची पद के लिए सर्वसम्मति से चुना गया। अभिभावक वर्ग से हितेश मोदगिल, जोगिंद्र पाल, झाबेराम तथा शिक्षक वर्ग से डॉ. राकेश राणा, डॉ. शीतल ठाकुर और डॉ. जय प्रकाश को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने नई कार्यकारिणी को मिली नई जिम्मेदारी के लिए अपनी तरफ से शुभकामनाएं भेंट कीं साथ ही छात्रों के हित में हरसंभव मदद की अपेक्षा की। नवनियुक्त प्रधान वीरेंद्र ने अपने संबोधन के दौरान पीटीए फंड से होने वाले विकासात्मक कार्य में पारदर्शिता लाने और मास्टर प्लान तैयार करने का आश्वासन दिया। इस दौरान डॉ ब्रिजबाला, डॉ आरके सिंह, प्रो सोम पार्कर, प्रो सपना वर्मा, डॉ निर्मल, डॉ श्वेता चंदेल, डॉ रामनाथ, प्रो नंदिनी, डॉ संतोष ठाकुर, प्रो पूजा सोहल, डॉ आशीष, डॉ सोहन लाल, प्रो विजय समेत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## कर्मचारी और मजदूर वर्ग की समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाएंगे : लाल चंद



पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिला इंटक युवा के अध्यक्ष लाल चंद का स्वागत करते सदस्य।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू जिले के बजौरा में स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में इंटक प्रदेश कार्यकारिणी ओर जिला कार्यकारिणी के द्वारा जिला इंटक युवा अध्यक्ष लाल चंद का जोरदार स्वागत किया गया।

रविवार को ऑल इंटक कर्मचारी प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, इंटक प्रदेश उपाध्यक्ष यान चंद, जीवन लाल मंडी इंटक प्रभारी, नमन शर्मा इंटक शहरी अध्यक्ष, रोशन लाल, आशु, विशाल, पवन राज कमल, गंभीर, दासी देवी शिक्षा विभाग अध्यक्ष, जिला शिक्षा विभाग उपाध्यक्ष पिंकी देवी सहित बहुत से सदस्य उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष युवा इंटक लाल चंद ने अपने संबोधन में बताया कि कुल्लू में इंटक मजबूती के साथ कर्मचारियों और सभी मजदूर वर्ग विभिन्न समस्याओं को सरकार व विभाग के समक्ष मजबूती के साथ उठाएंगे।

## एलपीएस निदेशक के परिणाम घोषित

**केलांग।** लाहौल पोटैटो सोसायटी यानी एलपीएस निदेशक के चुनाव परिणाम घोषित हो चुके हैं और इस चुनाव में 5 जोन के परिणाम घोषित हो चुके हैं, जबकि जोन 6 का मामला हाई कोर्ट में पेंडिंग चल रहा है। मुख्यालय केलांग में एलपीएस निदेशक के परिणाम घोषित किए गए और इस दौरान जोन 1, जोकि कोकसर से लेकर दालंग तक का क्षेत्र पड़ता है उससे प्रत्याशी मंगल चंद ने अपने प्रतिद्वंद्वी रत्न कटोच को महज 5 वोट से हराकर निदेशक के पद पर काबिज हुए। इसी तरह से जोन-2, जोकि मुलिंग से प्यूकर और बिलिंग तक पड़ता है उससे सोनम मानेपा ने टशी वांगयाल को हराकर निदेशक पद की दौड़ को जीत लिया। जोन-3 से तंजिन नोरबू, जोन-4 राजेंद्र तथा जोन-5 से सुदर्शन जस्पा विजेता घोषित हुए। इसके साथ ही जोन 6 त्रिलोकनाथ उदयपुर का मामला फिलहाल हाइकोर्ट के संज्ञान में है।

## संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक बने किशन

**अनंत ज्ञान, बंजार**

राष्ट्रीय राजमार्ग-305 की उपेक्षा के बाद सभी प्रभावितों ने संयुक्त संघर्ष मोर्चा सराज का सर्व सहमति के साथ गठन किया। इसमें संयोजक के पद की जिम्मेदारी सेवानिवृत्त कैप्टन किशन सिंह को सौंपी है।

सह संयोजक का पद उपप्रधान परिषद जिला कुल्लू के पूर्व अध्यक्ष टीसी मंहत को दिया गया, जबकि पंचायत समिति बंजार के पूर्व उपाध्यक्ष अजीत राठौर को उपप्रधान चुना गया। इसके साथ ही संगठन बालीचौकी के अध्यक्ष संतराम को सौंपा गया। महासचिव का पद जिभी वैली टूरिज्म संगठन के प्रमुख सचिव ललित को सौंपा गया। सचिव का पद तीर्थन वैली टूरिज्म संगठन के प्रधान वरुण भारती को दिया गया। कोषाध्यक्ष के पद पर सराज टूरिज्म डेवलपमेंट के फाउंडर मेंबर सरदार जसविंदर सिंह और हिम आंचल पेंशनर्स संगठन के प्रधान जगबीर मियां को सौंपा गया। एनएच-305 संयुक्त संघर्ष मोर्चा सराज की सलाहकार समिति में सेवानिवृत्त डीन वरयाम सिंह नेगी, हिमालय नीति के संयोजक गुमान सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष कुल्लू इंदु पटियाल, सहारा संस्था के निदेशक राजेंद्र चौहान स्थानीय जिप सदस्य मान सिंह आदि का चयन किया गया।

प्रेस सचिव का दायित्व लक्ष्मण राणा और डोला सिंह महंत को सौंपा गया। इसके अतिरिक्त औट, लारजी, बालीचौकी, नगर पंचायत बंजार, तीर्थन वैली, जिभी वैली बाहु गाडागुशैणी वैली आदि के किसान बागवान संगठनों, पर्यटन क्षेत्र के संगठनों, सिविल सोसायटियों, वरिष्ठ नागरिक संगठनों, पंचायतीराज संस्थाओं के संगठनों, मनरेगा-कामगार संगठनों, वन अधिकार समितियां, स्टेकहोल्डर समितियों, स्वयंसेवी संगठनों वर्तमान जन प्रतिनिधियों पूर्व जन प्रतिनिधियों ने 305 की दुर्दशा को लेकर साझा मंच गठित कर 12 वर्षों से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय दिल्ली के कागजों की प्रक्रिया से 305 को धरातल पर उतरने के लिए उपरोक्त 25 संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने एक मंच पर एकत्रित होकर एनएच-305 संयुक्त संघर्ष मोर्चा सराज का गठन किया। 305 की दुर्दशा से प्रभावित औट से जलोड़ी जोत तक के राइट और लेफ्ट बैंक से संबंधित प्रभावित स्टेक होल्डरों ने संयुक्त बैठक पंचायत समिति बंजार के सम्मेलन कक्ष में जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली से सेवानिवृत्त डीन एवं साहित्यकार वरयाम सिंह नेगी की अध्यक्षता में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर संयुक्त मोर्चे की बैठक की।



संयुक्त संघर्ष मोर्चा सराज की बैठक में उपस्थित विभिन्न संगठनों के सदस्य।

## काईस में आज होगा कुष्टू काहिका का आयोजन

**कुल्लू।** कुल्लू के काइस में सोमवार को अधिष्ठात्री माता दशमी वारदा के आदेशानुसार कुष्टू काहिका का आयोजन होगा। माता दशमी वारदा ने देववाणी के माध्यम से कुष्टू काहिका को आदेश दिए थे। माता ने इसके लिए आठ व नौ सितंबर का समय दिया था। माता के आदेशानुसार क्षेत्र के लोगों ने नौ सितंबर को काईस में कुष्टू काहिका का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस दौरान सभी देव परंपराओं का निर्वहन किया जाएगा। वर्ष-2023 में काईस में बादल फटने के बाद मंदिर के साथ लगते नाले में अचानक बाढ़ आ गई थी। बाढ़ की चपेट में एक युवक आ गया था। इसके बाद माता दशमी वारदा ने इस जगह की शुद्धि करने के आदेश दिए थे, अब जगह का शुद्धिकरण कुष्टू काहिका के माध्यम से किया जाएगा। कुष्टू काहिका शुद्धिकरण की एक प्रक्रिया है। कुल्लू में कुष्टू काहिका का प्रचलन सदियों से है। शुद्धि के लिए देवी-देवताओं की ओर से कुष्टू काहिका किया जाता है। उधर, माता दशमी वारदा के कारदार एवं जिला देवी-देवता कारदार संघ के जिलाध्यक्ष दोत राम ठाकुर ने कहा कि माता दशमी वारदा के आदेश के अनुसार सोमवार को काईस में कुष्टू काहिका का आयोजन किया जा रहा है।

**श्रद्धांजलि** एक्सो सोशली एचआर डेवलपमेंट फाउंडेशन ने समाजसेवी वांगमो को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## समाज में की बेहतरीन सेवाओं के लिए किया याद

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति व कुल्लू में रविवार को समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली डॉक्टर वांगमो को रोपा में एक्सो सोशली एचआर डेवलपमेंट फाउंडेशन के द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डॉक्टर वांगमो की दत्तक पुत्री क्रिस्टी सिमरो खासतौर पर मौजूद रहीं। इस दौरान एक्सो सोशली एचआर डेवलपमेंट फाउंडेशन रोपा के निदेशक केशव ठाकुर ने डॉक्टर वांगमो के द्वारा समाज में किए गए उनके बेहतरीन सेवाओं के लिए याद किया। डॉक्टर वांगमो का जन्म 15 अप्रैल, 1946 को हुआ था।

केशव ठाकुर ने बताया कि डॉक्टर वांगमो ने अपने जीवन काल में कुल्लू जिले के साथ-साथ लाहौल-स्पीति में भी महिलाओं के उत्थान के लिए शिक्षा व सामाजिक सुधारों के अंतर्गत बहुत से सराहनीय कार्य किए हैं, जिसकी वजह से खासतौर पर जनजातीय क्षेत्र लाहौल-स्पीति की महिलाओं में जागरूकता आई और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रकार की सुविधा भी मुहैया करवाई गई, जिसके लिए डॉक्टर वांगमो ने मनाली के पास अपना एक अस्पताल भी चलाया। डॉक्टर वांगमो अपने अस्पताल में जरूरतमंद महिलाओं के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब लोगों को निशुल्क ही स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाती थीं। इसके अलावा उन्होंने बेसहारा बच्चों के लिए भी एक आश्रम चलाया था और उन बच्चों की शिक्षा दीक्षा और पालन पोषण का सारा जिम्मा खुद ही संभाला। इसी साल 5 जुलाई, 2024 को डॉक्टर वांगमो का स्वर्गवास हो गया। उनके निधन से समाज सेवा क्षेत्र में एक अपूर्ण क्षति हुई है, जिसकी भरपाई कर पाना बेहद कठिन है। इस अवसर पर डॉक्टर वांगमो की दत्तक पुत्री क्रिस्टी सिमरो ने अपनी मां को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव सेवा को अर्पित कर दिया था। गरीब बच्चों की पढ़ाई से लेकर महिलाओं को आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उन्होंने बेहतर काम किया। अनेक युवाओं को उन्होंने शिक्षित कर सरकारी सेवाओं में भेजा। अनेकों परिवारों को उन्होंने आर्थिक तौर पर भी मदद की। क्रिस्टी सिमरो के मुताबिक उनकी मां डॉक्टर वांगमो ने अपनी एक सोसायटी भी चलाई थी, जिसके माध्यम से वह हर वर्ग के जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहती थीं।



समाजसेवी स्वर्गीय डॉक्टर वांगमो को श्रद्धांजलि अर्पित करते एक्सो सोशली एचआर डेवलपमेंट फाउंडेशन के सदस्य।

## घोपला राम को दोबारा मिली प्रधान पद की जिम्मेदारी

**कुल्लू।** कुल्लू जिले के अंतर्गत आने वाले बड़ा भीम पंचायत के प्रांगण में पंचायत चौकीदार जिला कुल्लू की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान विचार-विमर्श कर दोबारा पुरानी कार्यकारिणी पर ही विश्वास जताया कर पुरानी कार्यकारिणी को दूसरी बार जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर घोपला राम को फिर से प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी गई और साथ ही मोहर सिंह को उपप्रधान, प्रेम वर्धन को सचिव व अन्य सदस्यों को चुनकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान सरकार के समक्ष मुख्य मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया, जिनमें मुख्य रूप से पंचायत चौकीदारों को जिन्होंने सात साल का अंशकालिक कार्यकाल पूरा किया हो, उन्हें दैनिक भोगी बनाया जाए, 10 वर्ष की सेवा दे चुके चौकीदारों को नियमित किया जाए, जैसे कि अन्य विभागों में किए जाते हैं, वैसे ही चौकीदारों को भी किया जाए और यही प्रदेश सरकार से मांग की है, जो समय-समय पर सरकार के समक्ष रखते आ रहे हैं। इसके साथ ही विकासखंड भुंतर के पंचायत चौकीदारों के भी चुनाव रखे गए थे, लेकिन कोरम पूरा न होने के कारण चुनाव को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। अब यह चुनाव आगामी 14 सितंबर को बड़ा भुइन पंचायत के प्रांगण में करवाया जाएगा और इस बैठक में सभी पंचायत चौकीदारों का आना अनिवार्य होगा।



## न्यूज ब्रीफ

### रीता बाला का स्कूल में हुआ भव्य स्वागत



**रिकांगपिओ।** राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित रीता बाला का स्कूल पहुंचने पर सीएचटी कोठी, जीपीएस ब्रेलेंगी के स्टाफ, बच्चों और अविभावकों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। जेबीटी का शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य को देखते हुए रीता बाला राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चुनी गई थीं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए स्कूल के बच्चों, स्टाफ, अभिवाकों, शिक्षक वर्ग अधिकारियों का सहयोग के लिए आभार जताया।

### स्वस्थ जीवन ही सर्वोत्तम संपत्ति : एलआर



**दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय मंगरुड में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया गया। चिकित्सा खंड अर्की के नवगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक हेमेंद्र सलारिया ने बच्चों को पोषण पर अपना वक्तव्य व जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि हमें खान-पान में संतुलित भोजन पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है, जिसमें हरी सब्जियां व स्लाद अति आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को कुरकुरे, चिप्स और फास्ट फूड से बचने की सलाह दी। हमें पूरे दिन में कम से कम दो लीटर स्वच्छ पानी पीना अति जरूरी है क्योंकि जिस तरह से शरीर के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, उसी तरह मस्तिष्क के लिए पानी की आवश्यकता होती है। मुख्याध्यापक एलआर ठाकुर ने बच्चों से कहा कि स्वस्थ जीवन ही सर्वोत्तम संपत्ति है।

### टेकचंद शर्मा बने एसएमसी के अध्यक्ष



**दाड़लाघाट।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय चंडी (अर्की) में शिक्षा संवाद व जनरल हाउस का आयोजन हुआ, जिसमें एसएमसी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वप्रथम पुरानी कार्यकारिणी को सम्मानित किया गया। उसके पश्चात कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से टेकचंद शर्मा को एसएमसी अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष टेकचंद शर्मा ने अभिभावकों का अध्यक्ष बनाने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान नोख राम, उपप्रधान तुलसी राम शर्मा, कृष्ण चंद महाजन,पूर्व प्रधान पंचायत कशलोग वेद ठाकुर व पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### एक्रोपिक्स परियोजना के उद्देश्यों को रेखांकित किया



**सोलन।** नेरवा- हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती की पहल के सामाजिक प्रभावों का आकलन करने और रणनीति विकसित करने के प्रयास में शिमला जिले के नेरवा में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी, फ्रेंच रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर एग्रीकल्चर, फूड एंड एनवायरनमेंट और कृषि विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा चौपाल नेचुरल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के हितधारकों के लिए आयोजित किया गया। यह आयोजन यूरोपीय आयोग की ओर से वित्त पोषित एग्रो इकोलॉजिकल प्रोटेक्शन टुवर्ड्स इंटरनेशनल को-इनोवेशन डायनामिक्स एंड एविडेंस ऑफ सस्टेनेबिलिटी (एक्रोपिक्स) परियोजना का हिस्सा था। इस पहल में 12 देशों के 15 सदस्य शामिल हैं, जिनमें डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भी शामिल हैं। यह परियोजना प्रत्येक सदस्य देश से एक सस्टेनेबल एग्रो इकोसिस्टम का अध्ययन कर रही है। हालांकि इस परियोजना के तहत भारत से दो सस्टेनेबल एग्रो इकोसिस्टम-ग्राम दिशा ट्रस्ट और चौपाल नेचुरल फार्मर्स प्रोड्यूसर्स कंपनी का अध्ययन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय विशेषज्ञों का प्रमुख योगदान रहा। इस अवसर पर प्रोफेसर एलीसन ने एक्रोपिक्स परियोजना के उद्देश्यों को रेखांकित किया, जिसमें विभिन्न देशों की स्थायी प्रथाओं के अध्ययन और रासायनिक निर्भरता को कम करने के लिए उनके संभावित वैश्विक कार्यान्वयन पर जोर दिया। कार्यशाला में किसानों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जिसमें प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को बढ़ाने, हितधारक सहयोग को बढ़ावा देने और भविष्य के प्रयासों के लिए रणनीति बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# पाइप लाइन की मरम्मत में देरी से सोलन को पांचवें दिन भी नहीं मिला पानी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर के पेयजल उपभोक्ताओं को पेयजल समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। गिरि पेयजल योजना की मेन पाइप सेर बनेड़ा में टूटने के बाद से मुख्य टैंक में पानी आना बंद हो गया। वहीं, अश्वनी पेयजल योजना से भी सिल्ट की समस्या के कारण पानी लिफ्ट नहीं हो रहा है।

गिरि पेयजल की पाइप लाइन की मरम्मत शुरू हो गई है। जलशक्ति विभाग के मुताबिक 6 से 7 घंटे में रिपेयर वर्क पूरा होगा, तब तक एक ही पाइप से पानी की लिफ्टिंग होगी। पाइप लाइन के टूटने से नगर निगम के टैंक ड्राई हो गए हैं, जिस कारण शहर के अधिकांश हिस्सों में रविवार को पेयजल की आपूर्ति नहीं हुई। ऐसे में एक बार फिर सोलन शहर में पानी की समस्या विकराल हो गई है । पाइप लाइन की मरम्मत में देरी के चलते शहर के कई वार्डों में बीते पांच दिनों से पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई है, जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जल शक्ति विभाग के अनुसार गिरि पेयजल योजना की एक लाइन से सोलन के लिए पानी लिफ्ट हो रहा है। मेन पाइप रविवार को रिपेयर की गई। इसके चलते पूरा दिन गिरि पेयजल योजना से शहर के टैंकों को पानी लिफ्ट नहीं हो पाया। नगर निगम के टैंकों में जितना पानी स्टोर था, उसे शनिवार और रविवार को विभिन्न वार्डों में वितरित कर दिया गया था। वहीं, अश्विनी पेयजल योजना में तकनीकी खामियों के चलते पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सोमवार से दोनों पेयजल योजनाएं नियमित रूप से चलेंगी व शहर में पानी की कमी दूर होगी।





### लोगों में विभाग व निगम के खिलाफ रोष

**जानकारी** के अनुसार सोलन शहर के हाउसिंग बोर्ड, रबौन, क्लीन, देंहूघाट, चंबाघाट, आईटीआई एरिया सहित कई क्षेत्रों में चार दिनों से नलके सूखे पड़े हुए हैं। पानी न मिलने से लोगों में विभाग व निगम के खिलाफ रोष है। नगर निगम सोलन से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें जल शक्ति विभाग से मांग के मुताबिक पानी नहीं मिलने से वार्ड एरिया में रोटेशन के मुताबिक पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पाई। सोलन शहर में रोजाना करीब 22 लाख गैलन पानी की आवश्यकता होती है पर पाइप लाइन टूटने से निगम को मांग से कम पानी मिल रहा है।

> गिरि पेयजल योजना में मेन पाइप टूट गई थी, जिसे रविवार को रिपेयर कर दिया गया है। सोमवार को दोनों पाइप से पानी की लिफ्टिंग सुचारू होने की उम्मीद है।
> **आशीष राणा, एसई जल शक्ति विभाग सोलन।**

> गिरि पेयजल योजना की लिफ्टिंग नहीं होने से निगम का मुख्य टैंक ड्राई हो चुका है। पर्याप्त मात्रा में पानी मिलने पर शहर में रोटेशन प्रणाली से पेयजल वितरण हो पाएगा।
> **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

# किन्नौरी सेब का दाम रखें सही कंपनियों के खिलाफ होगा बहिष्कार



सेब आढ़तियों के साथ चर्चा करते हुए सेब उत्पादक संघ एवं एपीएमसी के सदस्य।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

किन्नौर जिला सेब उत्पादक संघ व एपीएमसी शिमला-किन्नौर निदेशक उमेश नेगी व प्रेम कुमार नेगी ने सेब खरीदने वाली बड़े-बड़े निजी कंपनियों अदाणी, देव भूमि व अन्य कंपनियों से दो टूक शब्दों मे कहा कि किन्नौर से किलो के हिसाब से ले रहे सेब के दाम को सही रखें अन्यथा बागवान न केवल कंपनियों का बहिष्कार करेंगे, बल्कि एपीएमसी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई भी करेंगे।

किन्नौर जिला सेब उत्पादक संघ अध्यक्ष एवं एपीएमसी निदेशक प्रेम कुमार नेगी व उमेश नेगी की संयुक्त टीम ने किन्नौर के टापरी फल एवं सब्जी मंडी का दौरा किया व आढ़ती व लदानियों के साथ एक बैठक की, जिसमें जिले के सेब बागवानों की फसलों की कीमत को लेकर आपस में चर्चा की गई। दोनों ने संयुक्त बयान में कहा कि किन्नौर सेब बहुल क्षेत्र है और यहां के मुख्य आय का साधन सेब की फसल है। कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने पहली बार सेब के किलो के हिसाब से मंडियों में दाम दिलवाने व यूनिवर्सल कार्टन लागू किया है, जिसका बागवानों को लाभ मिल रहा है। निजी कंपनिया जिले के अंदर बागबानों को लूटने का काम कर रही हैं व नियमों की उल्लंघन कर सेब की खरीददारी कर रही हैं, जिस पर रोक लगाई जाए, ताकि बागवानों को उनकी फसल के अच्छे दाम मिल सकें। (अनंत ज्ञान)

# अमर शहीद कमलकांत के पैतृक गांव स्मृति स्थल पर श्रद्धांजलि की अर्पित

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

अमर शहीद कमलकांत के पैतृक गांव कोटड़ी व्यास स्थित स्मृति स्थल पर भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र एवं परिवार व गांवसियों ने मिलकर अमर शहीद कमलकांत को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

भूतपूर्व सैनिक सगंठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र के पदाधिकारीयों ने उपस्थित सभी नौजवानों से राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर काम करने की अपील की तथा देश के लिए हमेशा मर मिटने के लिए तैयार रहने की बात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन पराक्रम में भारत माता की सीमाओं की रक्षा के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र के पदाधिकारियों ने शहीद कमलकांत के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। शहीद सिपाही कमलकांत 1999 में 4वीं ग्रीनेडियर बटालियन में सेना में भर्ती हुए। 2002 में ऑपरेशन पराक्रम के अंतर्गत कश्मीर में तैनात थे। 8 सितंबर, 2002 को सिपाही कमलकांत ने दुश्मनों से लोहा लेते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना मातृभूमि की रक्षा में लीन होकर अंततः वीरगति को प्राप्त हुए। वह अविवाहित थे। परिवार, गांव व क्षेत्र के सभी लोगों को सिपाही कमलकांत के बलिदान पर गर्व है।



# कूडो में कैरवी नेगी ने जीता गोल्ड मेडल

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन एमसी हाल में हुआ, 160 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

राज्य स्तरीय कूडो प्रतियोगिता का आयोजन एमसी हाल सोलन में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इससे पूर्व सोलन में तीन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन हो चुका है पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पहली बार हुई। जूनीयर व सीनियर वर्ग की इस प्रतियोगिता में लड़कों व लड़कियों के विभिन्न आयु वर्ग के मुकाबल हुए।

समापन अवसर पर एडीसी सोलन अजय यादव बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। लड़कियों के 7 वर्ष से कम आयु वर्ग में हनाया जस्वाल, 10 वर्ष से कम आयु वर्ग में तारीशिका, 11 वर्ष से कम आयु वर्ग में कैरवी नेगी ने गोल्ड मेडल जीता। इसी तरह 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में सृष्टि, 16 से 19 वर्ष के आयु वर्ग में खुशी व 21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अंशिका ने स्वर्ण पदक जीता। 6 वर्ष से कम लड़कों के आयुवर्ग में गणित सोनी, 7 वर्ष से कम आयुवर्ग में नित्य, 27 किलो ग्राम भार में वेदांश, 9 वर्ष से कम आयुवर्ग के 36 किलो में यथार्थ चौहान, 10 वर्ष आयु वर्ग में निकुंज, 39 किलो आयु वर्ग में हितेन, 11 वर्ष आयु वर्ग में आदित्य, 13 वर्ष से कम आयु वर्ग में शिव चंदेल, 12 वर्ष आयु वर्ग के 42 किलो ग्राम में सान्निध्य, 19 से 21 आयु वर्ग में कनत शर्मा, 13 वर्ष आयु वर्ग में शाश्वत, 15 वर्ष आयु वर्ग के 57 से कम भार वर्ग में अनिकंद, 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में नितिश कुमार, 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अनिश ठाकुर, 21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में पियुश जसवाल व 16 से 19 वर्ष के आयु वर्ग में प्रशांत नेगी ने स्वर्ण पदक जीता।

इस मौके पर एडीसी सोलन अजय यादव ने सभी विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर कूडो संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार सहित संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।



राज्य स्तरीय कूडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीती कैरवी नेगी।

# भाषण प्रतियोगिता नशा निवारण विषय पर साक्षी प्रथम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में युवा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पच्छाद एवं कॉलेज के एंटी ड्रग सेल एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत कॉलेज सभागार में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इसे एक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया था। बीएमओ पच्छाद डॉ. रजत चंद्रा, डॉ. रजत मित्तल, डॉ. शक्ति कुमार, डॉ. सचिन एवं नरवीर शर्मा ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पच्छाद की ओर से इस कार्यक्रम में शिरकत की। प्रो. सुदेश ने सभी का विधिवत रूप से स्वागत किया। इसके बाद नशा निवारण एवं एचआईवी एड्स की रोकथाम विषयों पर विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में अपने विचारों को प्रस्तुत किया। नशा निवारण विषय पर साक्षी ने प्रथम, आशीष ने द्वितीय, जबकि अमिता शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसमें डॉ. रजत मित्तल ने नशा निवारण विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया, जबकि डॉ. शक्ति कुमार ने युवा दिवस की अहमियत को बताते हुए एड्स की रोकथाम विषय पर भी प्रकाश डाला। तत्पश्चात कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनीता ठाकुर ने विद्यार्थियों को अपना संदेश दिया तथा मुख्यातिथि के साथ मिलकर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. मोल्लम डोलमा ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. राजन कौशल ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों की हीमोग्लोबिन और ब्लड प्रेशर की भी जांच की गई।



भाषण प्रतियोगिता में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

# गोपाल गो संरक्षण समिति के कृष्णदेव गौतम बने प्रधान



**अनंत ज्ञान, अर्की**

गोपाल गो संरक्षण समिति जघाना (डुमैहर) की महत्वपूर्ण बैठक दलीप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पिछले वर्ष के लेखा-जोखा सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में कृष्णदेव गौतम को प्रधान, नाथ कुमार पाल को उपप्रधान, लाल चंद पाल को महामंत्री, रामचंद पाल को मुख्य सलाहकार, जगदीश भार्गव को कोषाध्यक्ष, मुन्नीलाल पाल को सहसचिव, योगेश चौहान को प्रेस सचिव और सुरेंद्र वर्मा को तकनीकी सलाहकार के रूप में चुना गया। इसके अलावा पंचायत भूमती के प्रधान योगेश गौतम, जयसिंह पाल, मुन्नीलाल और लालचंद पाल को भी कार्यकारिणी में शामिल किया गया। बैठक के दौरान नवनियुक्त प्रधान कृष्णदेव गौतम ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए गोशाला के विकास और संरक्षण के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि गोशाला की समृद्धि और गोमाता की सेवा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# लाग्लेन मिस, गौरव बने मिस्टर फेशर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी यूनिवर्सिटी के चित्रकूट स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स ने शिमला के शोगी में सेंटर फॉर साइंस लर्निंग एंड क्रिएटिविटी में एक फ्रेशर पार्टी की मेजबानी की। फ्रेशर पार्टी की थीम अराउंड द वर्ल्ड थी।

यह कार्यक्रम वरिष्ठ छात्रों द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व, प्रतिभा प्रदर्शन और अन्य गतिविधियों का जीवंत मिश्रण बनाया गया। इस दिन छात्रों की विविध प्रतिभाओं को प्रदर्शित करते हुए कविता पाठ, संगीत कार्यक्रम और नृत्य सहित कई प्रकार के प्रदर्शन हुए। मुख्य आकर्षणों में से एक मिस फ्रेशर, मिस्टर फ्रेशर और बेस्ट ड्रेस्ड प्रतियोगिताएं थीं। ओकराम लाग्लेन चानू को मिस फ्रेशर का ताज पहनाया गया, जबकि गौरव शिंदे को मिस्टर फ्रेशर का खिताब मिला। बेस्ट ड्रेस्ड का पुरस्कार रिगजिन खांडो को मिला, जिन्होंने अपनी शानदार सांस्कृतिक पोशाक से दर्शकों को प्रभावित किया। चित्रकोट स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स की प्रमुख प्रोफेसर पूर्णिमा बाली ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को अपने साथियों और वरिष्ठों के साथ जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान करना है, जिससे स्कूल के भीतर समुदाय की भावना को बढ़ावा मिले।



फ्रेशर पार्टी में चुने गए मिस और मिस्टर।

# 10 तक जेपीसी को भेजें वक्फ बोर्ड पर सुझाव : विवेक

**सोलन।** भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि वक्फ बोर्ड की शक्तियां व अधिकार क्षेत्र को लेकर भारत सरकार ने पार्लियामेंट्री ज्वॉइंट कमेटी जगदंबिका पाल मेंबर पार्लियामेंट की अध्यक्षता में नियुक्त की है।



उपरोक्त कमेटी ने भारतवर्ष के सभी नागरिकों से अपने सुझाव आमंत्रित किए हैं, जिन्हें आपको 10 सितंबर से पूर्व बाय पोस्ट व ईमेल के माध्यम से भेजने हैं। संयुक्त सचिव (जेएम) लोकसभा सचिवालय 440, संसदीय सौंध नई दिल्ली 110001 फैक्स नंबर है, ईमेल jcpwaqf-lss@sansad.nic.in है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के इस परिवर्तनकारी नियम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें आपके समक्ष कुछ बिंदु रखने जा रहा हूं। तत्कालीन 1995 में कांग्रेस की सरकार ने तुष्टीकरण के नाम पर इसका गठन किया व 2013 में वोट बैंक में परिवर्तित करने के लिए असीम शक्तियों का प्रावधान किया। वक्फ एक्ट की धारा-85 के तहत वक्फ बोर्ड के निर्णय को न्यायालय में चुनौती देना संभव नहीं है। भारत में रेलवे, सेना के पश्चात सबसे अधिक 6 लाख एकड़ भूमि, जिसकी अनुमानित कीमत 1.20 लाख करोड़ से अधिक आंकी गई है। बोर्ड ने यह संपत्ति कानून व गैर-कानूनी तरीकों से अर्चित की है। इसकी समीक्षा संभव नहीं है।




**चर्चा** चंबीधार स्कूल में शिक्षा संवाद के आयोजन पर आम सभा का आयोजन, मोबाइल फोन के प्रयोग के बारे में की चर्चा

# महेश दत्त बने एसएमसी के अध्यक्ष, सुरेंद्र ठाकुर आजीवन सदस्य

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबीधार में शिक्षा संवाद पर आम सभा का आयोजन किया गया। साथ ही नई विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन भी किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डीडी सिमर ने की। शिक्षा संवाद के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए जिसमें मुख्यत: विद्यार्थियों के सीखने के प्रतिफल पर चर्चा इसए 1, एफए-1और एफए-2 परिणाम पर अभिभावक का ध्यान आकृष्ट किया गया। अभिभावक से नशे के प्रति बढ़ रही प्रवृत्ति को लेकर अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखना के लिए चेताया, ताकि विद्यार्थी अपने जीवन को संवार सकें। अभिभावक के साथ विद्यांजलि कार्यक्रम के बारे में भी अभिभावकों को जागरूक किया गया तथा इसके साथ-साथ मोबाइल फोन के प्रयोग के बारे में भी चर्चा की गई। इसके उपरांत नई एसएमसी का गठन किया गया। महेश दत्त को सर्वसम्मति से नई एसएमसी का अध्यक्ष बनाया गया। पूर्व अध्यक्ष एसएमसी सुरेंद्र ठाकुर का विद्यालय के लिए प्रदत्त की गई सेवाओं के लिए धन्यवाद किया गया तथा उन्हें भी एसएमसी के आजीवन सदस्य के रूप में रखा गया। महेश दत्त के नाम का प्रस्ताव सत्य प्रकाश ठाकुर के द्वारा किया गया, जिसे ओमप्रकाश नेसमर्थन किया। महेश दत्त के नाम का पूरे सदन ने समर्थन किया और सर्वसम्मति से महेश दत्त को एसएमसी का प्रधान चुना गया। नई एमसी के अंतर्गत नीरज ठाकुर, पंकज कुमार, नरेश कुमार, प्रभा शर्मा, मंजू शर्मा, सरिता देवी, पुष्पा देवी, सुनीता देवी, सुनीता कुमारी, वीरेंद्र कुमार, ओम प्रकाश तथा सुरेंद्र ठाकुर सदस्य, सरिता देवी टीजीटी, बृज मोहन प्रवक्ता सदस्य के रूप में चुने गए। प्रधानाचार्य ने सभी सदस्यों से हर एक मीटिंग में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आग्रह किया।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबीधार में शिक्षा संवाद पर स्कूल की नई कार्यकारिणी में चुने हुए प्रतिनिधि।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 94 | 75 | 50 | 219 |
| 02. | ग्रेट ब्रिटेन | 49 | 44 | 31 | 124 |
| 03. | अमेरिका | 36 | 41 | 27 | 103 |
| 04. | नीदरलैंड | 26 | 17 | 12 | 55 |
| 05. | ब्राजील | 25 | 26 | 38 | 89 |
| 06. | इटली | 24 | 15 | 32 | 71 |
| 07. | यूक्रेन | 22 | 27 | 32 | 81 |
| 08. | फ्रांस | 19 | 28 | 28 | 75 |
| 09. | ऑस्ट्रेलिया | 18 | 17 | 28 | 63 |
| 10. | जापान | 14 | 10 | 17 | 41 |
| 18. | भारत | 07 | 09 | 13 | 29 |

# पैरालंपिक में भारत को 29 पदक

**एजेंसी, पेरिस**

पूजा ओझा रविवार को यहां महिलाओं की कयाक एकल 200 मीटर केएल1 स्प्रिंट कैनोइंग स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं और इसके साथ ही भारत का पैरालंपिक खेलों में अभियान भी समाप्त हो गया जिसमें उसने रिकॉर्ड 29 पदक जीते।

भारत ने सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य पदकों के रिकॉर्ड के साथ पेरिस पैरालंपिक खेलों का समापन किया और उसका पदक तालिका में 18वें स्थान पर रहना तय है। भारत टोक्यो में पिछले पैरालंपिक खेलों में पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक के साथ 24वें स्थान पर था।

पूजा रविवार को भारत की तरफ से खेलने वाली अकेली खिलाड़ी थी। उन्हें फाइनल में पहुंचने के लिए सेमीफाइनल में शीर्ष तीन में जगह बनाने की जरूरत थी, लेकिन वह 1:17.03 मिनट का समय ही निकाल पाई जो इटली की तीसरे स्थान पर रहीं एलोनोरा डी पाओलिस से 7.03 सेकेंड अधिक था। भारत के एकमात्र पुरुष कैनो धावक यश कुमार शनिवार को केएल1 200 मीटर सेमीफाइनल में पांचवें स्थान पर रहे थे।

### पूजा फाइनल में जगह बनाने से चूकी




### पुरुषों की 400 मीटर टी47 फाइनल में दिलीप अंतिम स्थान पर रहे

भारत के दिलीप गावित महादु ने पैरालंपिक में पुरुषों की 400 मीटर टी47 फाइनल में निराशाजनक 8वें स्थान के साथ अपने अभियान को खत्म किया। महाराष्ट्र के 21 वर्षीय खिलाड़ी ने हांग्झोउ एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। वह हालांकि पैरालंपिक में 49.99 का समय लेकर आठ खिलाड़ियों के फाइनल में अंतिम स्थान पर रहे। टी47 वर्ग ट्रैक और फील्ड एथलीटों के लिए है, जिनकी कोहनी के ऊपर या नीचे के अंग में विकार होता है।

## भारत युवा ओलंपिक-2030 के लिए दावेदारी पेश करेगा : मांडविया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने के लिए तैयार है, जो 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

वर्ष 2030 में 5वें युवा ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। मांडविया ने यहां एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) की 44वीं महासभा के अवसर पर कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रहे हैं, लेकिन हमारा ध्यान 2036 ओलंपिक की मेजबानी पर है।''

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, ''मोदी के नेतृत्व में हमने क्रिकेट विश्व कप, फुटबॉल अंडर-17 विश्व कप सहित कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया।''

युवा ओलंपिक 2030 की मेजबानी हासिल करने के लिए भारत के अलावा पेरू, कोलंबिया, मैक्सिको, थाईलैंड, मंगोलिया, रूस, यूक्रेन, बोस्निया और हर्जेगोविना भी दौड़ में शामिल हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### रणधीर सिंह ओसीए अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बने

**नई दिल्ली।** अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गए। उन्हें रविवार को यहां इस महाद्वीपीय संस्था की 44वीं आम सभा के दौरान यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई।



पांच बार के ओलंपिक निशानेबाज रणधीर ओसीए अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र योग्य उम्मीदवार थे। उनका कार्यकाल 2024 से 2028 तक रहेगा। उनका चयन सर्वसम्मति से किया गया। यह 77 वर्षीय कुशल प्रशासक 2021 से ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष थे। उन्होंने कुवैत के शेख अहमद अल-फहद अल-सबा की जगह ली है, जिन पर नैतिकता के उल्लंघन के कारण इस साल मई में खेल प्रशासन से 15 साल का प्रतिबंध लगा दिया गया था।

### तानो को जीत में बदलने के बाद नवदीप ने कहा, हम भी सम्मान के हकदार

**पेरिस।** छोटे कद से पीड़ित नवदीप सिंह को हरियाणा के पानीपत जिले में अपने गांव में प्रशिक्षण की सामान्य कठिनाइयों के साथ लोगों के क्रूर तानों का भी सामना करना पड़ता था। नवदीप ने उन उपहासों को सफलता में बदलते हुए खेल के सबसे बड़े मंचों में से एक पैरालंपिक में स्वर्ण पदक हासिल किया। चार फीट चार इंच कद का 23 साल का यह खिलाड़ी भाला फेंक के एफ41 वर्ग में भारत का पहला स्वर्ण पदक विजेता बना। उन्होंने अपने जैसे पैरा खिलाड़ियों के लिए उस तरह की सम्मान की मांग की जैसा की सामान्य खिलाड़ियों को मिलता है। भारतीय पैरालंपिक समिति की ओर से साझा वीडियो में नवदीप ने अपने स्वर्ण पदक को दिखाते हुए कहा, '' हमें भी उतना दर्जा मिलना चाहिए, मैंने भी देश का नाम रोशन किया है।''

### इंग्लैंड के ऑल राउंडर मोइन अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**लंदन।** इंग्लैंड के ऑल राउंडर मोइन अली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा,''अब अगली पीढ़ी का समय है। मुझे लगा कि यह संन्यास लेने का सही समय है। मैंने अपना काम कर लिया है।'' मोईन ने इंग्लैंड की तरफ से 68 टेस्ट, 138 एक दिवसीय और 92 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वह सीमित ओवरों के दोनों प्रारूप में विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम के सदस्य रहे हैं।



### मैच देखने पहुंची एशले ग्राहम

**न्यूयार्क।** निर्माता और अभिनेत्री एशले ग्राहम, जिन्हें डर्टी ओल्ड टाउन (2012), लव एडवेंट (2011) और 100 प्रतिशत टैक्स (2017) के लिए जाना जाता है। यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मैच देखने से पहले दोस्त के साथ पोज देती हुई।



# सबालेंका बनी यूएस ओपन चैंपियन

## खिताबी मुकाबले में अमेरिका की जेसिका पेगुल को 7-5, 7-5 से दी मात

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

आर्यना सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका में आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त पेगुला को 7-5, 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन में पहला और कुल मिलाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीता।

बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने पहले सेट के आखिरी दो गेम और मैच के आखिरी चार गेम जीतने के बाद कहा,''पिछले साल मैंने यहां कड़ा सबक सीखा था। फाइनल के मुश्किल पलों में मैं मजबूत बने रहने की कोशिश कर रही थी। मैं खुद को यह याद दिलाने की कोशिश कर रही थी कि मैंने बहुत कुछ झेल लिया है और मैं इस दबाव को झेलने के लिए काफी मजबूत हूं।''



### प्वाइंट कार्ड

| पेगुला | | सबालेंका |
|---|---|---|
| 04 | एस | 06 |
| 04 | डब्ल फॉल्ट | 05 |
| 67% | पहली सर्व | 60% |
| 65% | पहली सर्व जीती | 65% |
| 25% | दूसरी सर्व जीती | 50% |
| 4/7 | ब्रेक प्वाइंट | 6/15 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 79 | प्वाइंट जीते | 88 |

### 30 करोड़ मिली प्राइज मनी

यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने पर सबालेंका को प्राइज मनी के रूप में 36 लाख डॉलर यानी करीब 30 करोड़ रुपए मिले हैं। रनरअप पेगुआ को इसकी आधी राशि मिली। 30 साल की पेगुआ की फैमली नेटवर्थ करीब 63 हजार करोड़ है।

### बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई पेगुला



**आर्यना** सबालेंका पिछले साल फाइनल में कोको गॉफ से हार गई थी। तब उन्हें दर्शकों का समर्थन नहीं मिला था। गॉफ की तरह पेगुला भी अमेरिकी खिलाड़ी है, लेकिन दर्शक इस बार सबालेंका के प्रति कहीं अधिक उदार थे। पेगुला पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही थी। वह शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई तथा सबालेंका लगातार पांच गेम जीतकर पहला सेट जीतने के साथ ही दूसरे सेट में 3-0 की बढ़त बनाई। अमेरिकी खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन वह सबालेंका को चैंपियन बनने से नहीं रोक पाई।


ऑस्ट्रेलिया के मैक्स परसेल और जॉर्डन थॉम्पसन ने जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएत्ज को 6-4, 7-6 (4) से हराकर यूएस ओपन 2024 पुरुष युगल खिताब जीता।

### भारत ने चीन को 3-0 से हराया

**हुलुनबुइर (चीन)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में मेजबान चीन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। भारत के लिए सुखजीत सिंह (14वें मिनट), उत्तम सिंह (27वें मिनट) और अभिषेक (32वें मिनट) ने गोल किए। ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक हासिल करने के बाद टूर्नामेंट में खेलने उतरी भारत ने शुरुआत में मिले मौकों को भुनाया और डिफेंस में भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

सुखजीत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में भारत को बढ़त दिलाई जबकि दूसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक तीन मिनट पहले उत्तम सिंह ने बढ़त दोगुनी कर दी जिससे भारत पहले हाफ तक 2-0 से आगे हो गया। खेल फिर से शुरू होने के ठीक दो मिनट बाद अभिषेक ने शानदार रिवर्स हिट से गोल किया।

### मोहन बागान ने विशाल कैथ का अनुबंध बढ़ाया

**कोलकाता।** मोहन बागान ने रविवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आगामी सत्र से पहले अपने गोलकीपर विशाल कैथ का अनुबंध 2029 तक बढ़ाने की घोषणा की। कैथ (28 वर्ष) 2022 में चेन्नईयिन एफसी से बागान की टीम में शामिल हुए थे और आईएसएल में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए 'गोल्डन ग्लव' विजेता बने। कैथ ने मोहन बागान को पिछले सत्र में लीग विनर्स शील्ड जीतने और एएफसी चैंपियंस लीग टू के लिए क्वालीफाई करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे पहले एएफसी कप के रूप में जाना जाता था।

## भारतीय क्रिकेट बेहद शक्तिशाली, हर जगह से आ रही है प्रतिभा : द्रविड़

**एजेंसी, बेंगलुरु**



महान खिलाड़ी राहुल द्रविड़ ने कहा कि बढ़ते प्रतिभा पूल की बदौलत भारतीय क्रिकेट एक 'बेहद शक्तिशाली' ताकत के रूप में विकसित हुआ है और यह अब देश के सुदूर कोने तक भी फैल गया है।

टी-20 विश्व कप में भारत की जीत के सूत्रधार रहे द्रविड़ ने कहा कहा, ''अगर आप आज भारतीय क्रिकेट को देखें, तो भारतीय क्रिकेट बेहद मजबूत है, यह बेहद शक्तिशाली है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि प्रतिभाएं हर जगह से, देश के हर कोने से आती है।''

उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि अगर आप जीआर विश्वनाथ के समय में जाएं या जब मैं अपना करियर शुरू कर रहा था, तब भी ज्यादातर प्रतिभाएं बड़े शहरों या कुछ चुनिंदा राज्यों से आती थीं। छोटी जगहों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी क्रिकेट खेलने के लिए बड़े शहरों में आना पड़ता था। मेरा मानना है कि मौजूदा दौर में आप देख रहे हैं कि भारतीय क्रिकेट में हर जगह से खिलाड़ी आ रहे हैं।''

## योगासन एशियाई खेल 2026 में प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के प्राचीन खेल योगासन को जापान के आइची-नागोया में 2026 में होने वाले एशियाई खेलों में प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया गया है। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने रविवार को यहां अपनी 44वीं आमसभा में एशियाई खेलों के कैलेंडर में योगासन को प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल करने का फैसला किया।

ओसीए की आम सभा के इस सत्र में भारत के रणधीर सिंह को 2024 से 2028 तक चार साल की अवधि के लिए ओसीए अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया।



रणधीर ने कहा, ''नागोया में योग एक प्रदर्शनी खेल होगा क्योंकि 2026 में होने वाले एशियाई खेलों का कैलेंडर पहले ही तैयार किया जा चुका है और उसे मंजूरी मिल चुकी है।'' उन्होंने कहा,'' दस दिन के समय में हम सभी सदस्यों को समझाने और योग को प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल करने में सफल रहे, जिसे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है।'' रणधीर ने कहा,'' अन्य सभी खेलों में चोट लगने का खतरा रहता है, लेकिन योग एक ऐसा खेल है जो आपके शरीर को तरोताजा कर देता है।''

उन्होंने कहा कि अगर योग को 2030 में होने वाले एशियाई खेलों में पदक कार्यक्रम में शामिल करना है तो जापान में होने वाले खेलों में इसे अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

रणधीर ने कहा, ''नागोया में योग को अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज करानी होगी। हमें अन्य देशों को योगासन के फायदे के बारे में बताना होगा। हमें प्रशिक्षक भेजने, अन्य देशों को सिखाने और इसे लोकप्रिय बनाने की जरूरत है।''

**टेस्ट क्रिकेट**

### पहली बार इस फार्मेट में आमने-सामने होंगी दोनों टीमें

# न्यूजीलैंड के सामने अफगानिस्तान की चुनौती

**एजेंसी, ग्रेटर नोएडा**

न्यूजीलैंड का लक्ष्य सोमवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में अफगानिस्तान की लंबी अवधि के प्रारूप में अनुभवहीनता का फायदा उठाना और उपमहाद्वीप में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत होने वाले मैचों के लिए लय हासिल करना होगा।

न्यूजीलैंड का अफगानिस्तान के खिलाफ यह पहला टेस्ट मैच होगा जो उसके लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है। न्यूजीलैंड की टीम को उपमहाद्वीप की मुश्किल परिस्थितियों में छह टेस्ट मैच खेलने हैं। पिछले 40 वर्षों में यह पहला मौका होगा, जब उसकी टीम उपमहाद्वीप में इतने अधिक टेस्ट खेलेगी। उपमहाद्वीप में न्यूजीलैंड का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। उसने यहां जो 90 मैच खेले हैं उनमें से 40 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम इस रिकॉर्ड में सुधार करने के लिए बेताब होगी।

सीनियर बल्लेबाज केन विलियम्सन ने परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की जरूरत पर जोर दिया है और उनका लक्ष्य अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए अच्छी तरह से तैयार होना होगा।

उपमहाद्वीप की पिचों से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है और न्यूजीलैंड इसके लिए पूरी तैयारी करके आया है। उसकी टीम में पांच स्पिनर शामिल हैं। इनमें ऐजाज पटेल भी हैं, जिन्होंने 2021 में मुंबई में एक पारी में 10 विकेट लेने ककारनामा किया था।

न्यूजीलैंड को रचिन रवींद्र के बल्ले और गेंद से अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।


मैच सुबह 10 बजे शुरू होगा
अभ्यास सत्र में भाग लेते न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियम्सन।

### इब्राहिम जादरान का खेलना संदिग्ध

**अफगानिस्तान** के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान का रविवार को यहां चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में बताया, '' अभ्यास सत्र में इब्राहिम (जादरान) के टखने में चोट लग गई थी। मैं अभी पूरी तरह से यह नहीं कर सकता हूं कि कल मैच से पहले उनकी क्या स्थिति होगी। हमें इस मामले में इंतजार करना होगा।'' जादरान ने अफगानिस्तान के 9 में से सात टेस्ट खेले हैं।



# कनाडा ने अमेरिका को 1957 के बाद पहली बार उसकी धरती पर हराया

**एजेंसी, कन्सास सिटी**

कनाडा ने अमेरिका की रक्षा पंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर यहां मैत्री फुटबॉल मैच में 2-1 से जीत दर्ज की। कनाडा की यह 1957 के बाद अमेरिका के खिलाफ उसकी धरती पर पहली जीत है। उसने पिछले 99 वर्ष और 27 मैच में अमेरिका के खिलाफ उसकी धरती पर केवल दूसरी जीत हासिल की।

कनाडा की तरफ से जैकब शेफ्रेलबर्ग और जोनाथन डेविड ने पहले हाफ में गोल किए। अमेरिका की तरफ से एकमात्र गोल लुका डे ला टोरे ने 66वें मिनट में एडन मॉरिस के पास पर किया जो अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका पहला गोल भी है।

इससे पहले कनाडा ने छह जुलाई 1957 को विश्व कप क्वालीफायर के सेंट लुइस में खेले गए मैच में अमेरिका को 3-2 से हराया था। कनाडा की टीम इससे पहले अमेरिका को पिछले 23 मैच में नहीं हरा पाई थी।


मुकाबले के दौरान गोल करने के लिए भिड़ते अमेरिका और कनाडा के खिलाड़ी।